

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 91 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 09 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

### सदमे में वेदांता परिवार: देश ने युवा प्रज्ञा अग्निवेश को खोया

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का अमेरिका में निधन हो गया। वह 49 साल के थे। सोशल मीडिया पर अनिल अग्रवाल के एक्स पोस्ट को शेयर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गहरा दुख व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, “श्री अग्निवेश अग्रवाल का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और स्तब्ध करने वाला है

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, “श्री अग्निवेश अग्रवाल का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और स्तब्ध करने वाला है। इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि में आपके गहरे शोक की झलक स्पष्ट है। प्रार्थना है कि आपको और आपके परिवार को शक्ति और साहस मिलता रहे। ओम शांति।”

अनिल अग्रवाल ने लिखा आज मेरे जीवन का सबसे दर्दनाक दिन है, एक बाप के कंधे पर बेटे की अर्थी जाए इससे बुरा और क्या हो सकता है

इससे पहले उद्योगपति अनिल अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, “आज मेरे जीवन का सबसे दर्दनाक दिन है। मेरा अग्निवेश, मेरा 49 साल का बेटा, आज हमारे बीच नहीं रहा। एक बाप के कंधे पर बेटे की अर्थी जाए इससे बुरा और क्या हो सकता है। अग्निवेश अपने दोस्त के साथ अमेरिका में स्कीइंग करने गया था। वहां एक्सीडेंट हो गया। वो माउंट सिनाई हॉस्पिटल, न्यूयॉर्क में ठीक हो रहा था। हमें लगा सब ठीक हो जाएगा... लेकिन अचानक कार्डियक अरेस्ट हो गया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुरुआत, पीएम मोदी ने देश से जुड़ने की अपील की



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व गुरुवार से शुरू हो रहा है। यह ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। इसके साथ ही पूरे वर्ष चलने वाले कई आध्यात्मिक कार्यक्रमों और आयोजनों की शुरूआत होगी।

### मोदी आर्काइव ने साझा कीं 2001 की दुर्लभ तस्वीरें

मोदी आर्काइव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर वर्ष 2001 के एक कार्यक्रम की पुरानी तस्वीरें साझा की हैं। यह वही अवसर था, जब सोमनाथ मंदिर ने अपनी स्वर्ण जयंती मनाई थी और कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा गृह मंत्री एल.के. आडवाणी भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री रहते नरेंद्र मोदी की देखरेख में हुआ आयोजन

यह पूरा कार्यक्रम उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में आयोजित किया गया था। मोदी आर्काइव के अनुसार, यह आयोजन 31 अक्टूबर 2001 को हुआ था, जिसे सोमनाथ मंदिर में एक ऐतिहासिक सभा के रूप में याद किया जाता है।

### पीएम मोदी ने देश को दी शुभकामनाएं

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उस शाश्वत सभ्यता की भावना को याद किया, जिसने एक हजार वर्षों से भी अधिक समय से लाखों लोगों के दिलों में सोमनाथ को जीवित रखा है।*

### स्वर्ण जयंती समारोह का हुआ था समापन

इस दिन सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष तक चले स्वर्ण जयंती समारोह का समापन हुआ था। यह तारीख सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के साथ भी जुड़ी थी, जिन्होंने वर्ष 1951 में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की पहली परिकल्पना की थी।

### पुनर्निर्माण के दिग्गजों के योगदान को किया गया याद

इस कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद और कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी जैसे महान व्यक्तित्वों के विजन को याद किया। उन्होंने कहा कि इन्हीं के संकल्प और प्रयासों से सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण संभव हो पाया।

### सोमनाथ को बताया देश की आत्मा का प्रतीक

भावुक संबोधन में नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर भारत की आत्मा को दशार्ता है। उन्होंने उन वीरों को भी नमन किया, जिन्होंने 12 ज्योतिर्लिंगों में से पहले ज्योतिर्लिंग की रक्षा के लिए विदेशी आक्रमणकारियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

### पहले हमले के 1000 साल पूरे होने की स्मृति

वर्तमान में शुरू हो रहा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व वर्ष 1026 में मंदिर पर हुए पहले हमले के 1000 वर्ष पूरे होने की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। यह पर्व सदियों से चली आ रही सोमनाथ की अटूट विरासत और लचीलेपन का उत्सव है।

### पुरानी यात्राओं की तस्वीरें साझा कर की सहभागिता की अपील

पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर की अपनी पिछली यात्राओं की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और नागरिकों से इस पर्व से जुड़ी यादें साझा कर जश्न में शामिल होने का आग्रह किया।

### 8 से 11 जनवरी तक चलेंगे विविध कार्यक्रम

इस अवसर पर गुजरात के सोमनाथ मंदिर में 8 से 11 जनवरी तक कई आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस पर्व का मुख्य विषय “अटूट आस्था” रखा गया है, जो मंदिर को लचीलेपन, सांस्कृतिक निरंतरता और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में दशार्ता है। (इनपुटः आईएएनएस)

## सोमनाथ मंदिर हमारी सभ्यतागत अमरता और कभी न हारने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक: गृह मंत्री अमित शाह

वर्ष 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले बड़े हमले के 1,000 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ‘सोमनाथ स्वाभिमान पर्व’ आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सोमनाथ मंदिर की भव्यता और आकर्षण को प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशवासियों से 8 जनवरी से 11 जनवरी तक सोमनाथ में मनाए जा रहे ‘सोमनाथ स्वाभिमान पर्व’ से



जुड़ने की अपील की।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सोमनाथ महादेव मंदिर ज्योतिर्लिंग होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति व आध्यात्मिक गौरव की अक्षुण्ण विरासत भी है। बीते हजार वर्षों में इस मंदिर पर कई हमले हुए, लेकिन यह हर बार उठ खड़ा हुआ। यह हमारी सभ्यतागत अमरता और कभी हार न मानने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। इसे मिटाने की कोशिश करने वालों के नामो-निशान मिट गए, लेकिन यह मंदिर आज और भी वैभवता के साथ खड़ा है।

उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर की ऐतिहासिकता बताती है कि ऐसे हमले हमें क्षति पहुंचा सकते हैं, लेकिन मिटा नहीं सकते, क्योंकि हर बार और भी भव्यता और दिव्यता के साथ उठ खड़ा होना सनातन संस्कृति की मूल प्रवृत्ति है।

## चांदी-तांबे में गिरावट से मेटल शेयरों में धक्का

चांदी और कॉपर जैसी धातुओं में गिरावट का असर गुरुवार को मेटल शेयरों पर देखने को मिला। हिंदुस्तान जिंक, हिंदुस्तान कॉपर, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी, एनएमडीसी और हिंडाल्को जैसे शेयरों में 6.35 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई।

### हिंदुस्तान जिंक के शेयर 6.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 590 रुपए पर बंद हुए

हिंदुस्तान जिंक के शेयर 6.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 590 रुपए पर बंद हुए। यह देश में चांदी का उत्पादन करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। हिंदुस्तान कॉपर के शेयर 5.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 521.50 रुपए, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी के शेयर 5.57 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का शेयर 3.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## कोलकाता में ED जांच पर ममता बनर्जी ने मचाया है बवाल

पटना. कोलकाता में हुई इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) की छापेमारी की गूंज अब बिहार तक सुनाई देने लगी है. पहली नजर में यह कार्रवाई भले पश्चिम बंगाल की राजनीति से जुड़ी दिखे, लेकिन जैसे-जैसे परतें खुल रही हैं वैसे-वैसे बिहार की सियासत पर भी सवालों की छाया गहराती जा रही है. कारण है कि-जिस I-PAC पर ईडी की नजर है उसका राजनीतिक और आर्थिक कनेक्शन बिहार से भी जुड़ा रहा है. ईडी की कार्रवाई के बाद यह मांग तेज हो गई है कि I-PAC से जुड़े बिहार के वित्तीय लेन-देन की भी जांच होनी चाहिए. आरोप है कि बिहार चुनाव से पहले इस पॉलिटिकल कंसलटेंसी फर्म के जरिए बड़ी रकम का ट्रांजैक्शन हुआ. ऐसे में अगर जांच की आंच बिहार तक पहुंचती है तो राज्य के एक बड़े राजनीतिक चेहरे पर कानूनी शिकंजा कसने की आशंका जताई जा रही है.

## सऊदी क्राउन प्रिंस की तरह क्या निकलोस मादुरो अमेरिका के चंगुल से बच पाएंगे?

वाशिंगटन/कराकस. अमेरिका की गिरफ्त में आए वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो क्या कानून के उस दांव का इस्तेमाल कर रिहा हो पाएंगे, जिसने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को बचाया था? जमाल खशोगी हत्याकांड की फाइलें एक बार फिर



चर्चा में हैं, क्योंकि मादुरो ने अमेरिकी कोर्ट में खुद को राष्ट्राध्यक्ष बताते हुए मुकदमे से छूट की मांग की है. सोमवार को अमेरिकी अदालत में अपनी पहली पेशी के दौरान मादुरो ने जज के सामने वही दलील रखी, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत किसी भी देश के मौजूदा प्रमुख को दूसरे देश की अदालतों से सुरक्षा देती है.

## यूनाइटेड नेशन की भारतीय जीडीपी को लेकर रिपोर्ट,

### वैश्विक अस्थिरता के बावजूद 2026 में तेज गति से बढ़ेगी भारत की अर्थव्यवस्था

**समाज जागरण**

यूनाइटेड नेशन (यूएन) ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत की जीडीपी 2026 में 6.6 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी, जबकि इस दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।




रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की अर्थव्यवस्था ऐसे समय पर तेजी से विकास कर रही है, जब दुनिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक अस्थिरता का सामना कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अन्य बड़े बाजारों में मजबूत मांग से भारत को यूएन के टैरिफ में बढ़ोतरी के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी।

हालांकि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट ने भारत की विकास दर के अनुमान को पहले के 7.4 प्रतिशत से घटाकर कम कर दिया है, फिर भी यह आईएमएफ के पूर्वानुमान के अनुरूप है, जिसके अनुसार भारत एकमात्र ऐसी प्रमुख अर्थव्यवस्था होगी जो 2025-26 में 6 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल करेगी। संयुक्त राष्ट्र की ‘विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2026’ रिपोर्ट में बताया गया कि विश्व अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक धीमी आर्थिक विकास दर का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि वर्तमान विकास व्यापक लाभ देने में विफल रहा है, जिससे कई देश, समुदाय और परिवार पीछे छूट गए हैं।

भू-राजनीतिक जोखिम, निरंतर नीतिगत अनिश्चितता और राजकोषीय चुनौतियां वैश्विक आर्थिक आउटलुक को धूमिल कर रही हैं। 2025 में, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा टैरिफ में की गई तेज वृद्धि ने व्यापार वातावरण को अस्थिर कर दिया, लेकिन विश्व अर्थव्यवस्था अपेक्षा से अधिक मजबूत साबित हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 में, वैश्विक विकास में मंदी आने की संभावना है क्योंकि कमजोर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को मौद्रिक नीति में ढील से मिलने वाले निरंतर समर्थन से केवल आंशिक रूप से ही संतुलित किया जा सकेगा।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति में काफी कमी आई है, फिर भी बढ़ती महंगाई परिवारों के बजट पर दबाव डाल रही है और असमानता को बढ़ा रही है। संघर्षों, जलवायु संबंधी आपदाओं, व्यापार विखंडन और भू-राजनीतिक तनावों के कारण आपूर्ति में फिर से व्यवधान उत्पन्न होने का खतरा बना हुआ है, जिससे वैश्विक अनिश्चितता और बढ़ रही है।

इससे पहले बुधवार को भारत सरकार की ओर से वित्त वर्ष 2025-26 का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7.4 प्रतिशत बढ़ सकती है।

## टैरिफ की कमाई से सैन्य ताकत बढ़ा रहा अमेरिका

### डिफेंस बजट 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का ऐलान



**वॉशिंगटनः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी वित्त वर्ष 2027 (FY2027) के लिए रक्षा (डिफेंस) बजट को 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने का प्रस्ताव रखा है। ट्रंप ने यह कदम देश की सुरक्षा जरूरतों और बदलते वैश्विक हालात के मद्देनजर उठाया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि बजट बढ़ाने का निर्णय उन्होंने सीनेटरों, कांग्रेस सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तार से बातचीत के बाद लिया है। उनका कहना है कि सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिये यह बढ़ोतरी अनिवार्य है।

### ट्रंप प्रशासन का रुख

अमेरिका के ताजा सामरिक निर्णयों के बीच व्हाइट हाउस में सुरक्षा, कूटनीति और राष्ट्रीय हितों को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है।

हाल में ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप प्रशासन की टिप्पणियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बहस का विषय पैदा कर दिया है। कई कांग्रेस सदस्यों और विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जताई है कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा और नाटो जैसी गठबंधनों पर प्रभाव पड़ सकता है।

ट्रंप ने यह स्पष्ट किया है कि अमेरिका की बढ़ती सैन्य गतिविधियों का मकसद किसी को उकसाना नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में अपनी तैयारियों को मजबूत करना है।

# रूसी टैंकर पर अमेरिकी कमांडो का कब्जा

**समाज जागरण**

वाशिंगटन/मास्को. नॉर्थ अटलांटिक महासागर में रूसी आयल टैंकर पर कब्जे से रूस और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है. लेकिन चिंता की लकीरें भारत के लिए भी है. क्योंकि जिस जहाज पर अमेरिकी कमांडोज ने कब्जा किया हुआ है, उसके क्रू मेंबर्स में तीन भारतीय भी बताए जा रहे हैं. अब वे भी फंसे हुए हैं, क्योंकि अमेरिका सभी क्रू मेंबर्स पर मुकदमा चलाने की धमकी दे रहा है. इस पर रूस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और तुरंत सबको सुरक्षित लौटाने को कहा है.



रूसी मीडिया से मास्को में अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी सेना की ओर से जब्त किए गए तेल टैंकर मारिनेरा पर तीन भारतीय मौजूद थे. रूस ने अमेरिका की इस कार्रवाई को खुली समुद्री डकैती करार दिया है. रूसी अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, जहाज पर सवार क्रू में तीन भारतीय, 17 यूक्रेनी, 6 जॉर्जियाई और 2 रूसी नागरिक हैं. रूस के विदेश मंत्रालय ने एक सख्त बयान जारी कर मांग की है कि इन सभी लोगों के साथ मानवीय और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए और उन्हें जल्द से जल्द उनके अपने देशों में लौटने की अनुमति दी जाए. रूस ने इस बात पर कड़ी आपत्ति जताई है कि अमेरिका इन क्रू मेंबर्स पर अपनी धरती पर मुकदमा चलाने की धमकी दे रहा है.

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, मारिनेरा को 24 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय कानून और रूसी कानून के अनुसार रूसी झंडे के तहत चलने की अस्थायी अनुमति मिली थी. वह नॉर्थ अटलांटिक में अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र से शांतिपूर्वक गुजर रहा था और रूस के एक बंदरगाह की ओर जा रहा था. अमेरिकी सरकार को जहाज के रूसी मूल और उसके सिवलियन स्टेटस के बारे में बार-बार विश्वसनीय जानकारी मिली है. रूसी विदेश मंत्रालय से भी जानकारी दी गई है. उन्हें इस बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए था, ठीक वैसे ही जैसे इस बात का तर्क देने का कोई आधार नहीं था और न है कि टैंकर बिना झंडे या फर्जी झंडे के तहत चल रहा था.

# एक जमानत पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय और देश विरोधी गैंग सक्रिय

मृत्युंजय दीक्षित

माननीय सुप्रीमकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में फरवरी 2020 में उत्तर- पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के मुख्य आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी। इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। इसी केस में उमर और शरजील के 5 साथियों को 12 कड़ी शर्तों के साथ जमानत मिल गई



है। सुप्रीम कोर्ट ने उमर और शरजील इमाम पर कड़ी टिप्पणियां करी हैं । अब ये दोनों अभियुक्त आने वाले एक साल में जमानत के लिए अपील भी नहीं कर पाएंगे।

फरवरी 2020 के दिल्ली दंगे अत्यंत वीभत्स दंगो में से एक थे। इस दंगे में मारे गए 53 निर्दोष लोगों में एक युवा आईबी अधिकारी अंकित शर्मा, पौढ़ी गढ़वाल से पांच महीने पहले आया गरीब माता का बेटा दिलबर नेगी और दो पुलिस कर्मी भी शामिल थे। ऐसे कुख्यात दंगों के अपराधियों को जमानत न मिलने पर सर्व साधारण में संतोष का भाव है किन्तु कुछ लोग इस पर भी तुष्टीकरण की रोटियां सेंकते हुए उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए न केवल आंसू बहा रहे हैं वरन अनर्गल प्रलाप भी कर रहे हैं ।

शरजील इमाम केवल दिल्ली दंगों का ही अपराधी नहीं है वरन चिकन नेक तोड़कर पूर्वोत्तर भारत को देश से अलग करने कि बात करने वाला देशद्रोही है । शरजील इमाम भारत को खंड -खंड मे विभाजित देखना चाहता हैं। भारत के जो विपक्षी दलो ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत ण मिलने पर उसको सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं क्या वे इन विचारों से सहमत हैं?

दरअसल उमर व शरजील के साथ खड़े लोग अपनी कुंठा और हताशा को ही जगजाहिर कर रहे हैं। इस कुंठित टोली मे कोई जमानत न मिलने को कायरता पूर्ण कार्रवाई कह रहा है तो कोई इसे बेतुका बता रहा है जबकि कोई इसे अत्याचार बता रहा है । एक ने तो सारी लज्जा त्यागते हुए इसे लोकतंत्र के लिए काला दिन बता दिया। एक व्यक्ति ने कहा कि 5 साल से अधिक बिना किसी दोष साबित हुए जेल में रखना बर्बरता बता दिया। यह बात भारतीय जनमानस के समझने योग्य है कि इन सेक्युलर नेताओं को सुप्रीम कोर्ट का फैसला बर्बर लग रहा है। अमेरिकी अब्राहम लिंकन ने एक बार कहा था कि जो अदालतों के अधिकार व उनके फैसलों को नकारता है वह राष्ट्र की नींव को नकारता है ।

इस तुष्टीकरण गैंग से पूछा जाना चाहिए कि आज देश में 4 लाख 34 हजार 302 विचाराधीन कैदी हैं जो सजा पाए बिना जेल में बंद हैं। करीब 26 हजार ऐसे कैदी हैं जो 3 से 5 साल तक जेल में बंद हैं और करीब साढ़े 11 हजार ऐसे कैदी हैं जो 5 वर्षों से अधिक समय से जेल में बंद हैं । यह आंकड़े केवल 2020 तक के ही हैं । इंडिया जस्टिस रिपोर्ट- 2025 के अनुसार यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। इसमें भी अधिकांश बंदी जन गरीब, दलित अल्पसंख्यक व महिला समाज के हैं । इन कैदियों के लिए टुकड़े टुकड़े गैंग के समर्थकों का मन कभी नहीं छटपटाता है। यह लोग उन उमर खलिद और शरजील इमाम के लिए रो रहे हैं जिनकी जमानत के फैसले से पूर्व ही न्यूयार्क के मेयर ममदानी का एक आपत्तिजनक पत्र सार्वजनिक हो गया था। ममदानी के पत्र से पता चलता है कि भारत के खिलाफ कितनी गहरी साजिशें रची जा रही हैं। यूएपीए कानून के तहत गिरफ्तार किया गया शरजील इमाम राष्ट्र द्रोही व घातक व्यक्ति है।

चिंता का विषय है कि उमर खालिद और शरजील इमाम के बचाव में अदालत में जो लोग खड़े हुए हैं वह कोई सामान्य व्यक्ति नहीं अपितु देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और प्रभावशाली व्यक्ति हैं। इनमें कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, अश्विनी कुमार जैसे नाम शामिल हैं जिन्होंने कांग्रेस सरकार में बडे मंत्रालय संभाले। इसके अतिरिकत सिद्धार्थ दवे, सिद्धार्थ लूथरा, त्रिदीप पैइस भी इनके वकील रहे।प्रश्न यह उठता है कि ह्वक्या यह केवल कानूनी सहायता हैह्व या ह्वकिसी विशेष मानसिकता का स्पष्ट संकेत ?ह्व

यह सब चल ही रहा था तभी बीच में जेएनयू के ढपली वालों ने आकर ताल से ताल मिला दी। दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की जमीन से एक बार फिर देश के विरुद्ध आपतिजनक नारे लगे। दस साल पूर्व भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह -इंशा अल्लाह के नारे लगाए गए थे उसी जगह ह्वमोदी तेरी कब्र खुदेगी , अमित शाह तेरी कब्र खुदेगी खुदेगीह्व जैसे आपत्तिजनक नारे लगाए गए। इस गैंग की नारेबाजी की वजह थी दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत की अर्जी का खारिज होना। कांग्रेस व उसके अन्य विरोधी दलों के नेताओं ने इस प्रदर्शन व नारेबाजी को गुस्से ,नाराजगी के प्रकटीकरण का तरीका बता दिया।

दिल्ली दंगो से सम्बंधित एक महत्वपूर्ण बात यह है कि उस समय दिल्ली में आप मुखिया अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे। दंगो की जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि हिंसा अचानक नहीं हुई थी आप पार्षद ताहिर हुसैन और विधायक अमानतुल्लाह खान की इसमें बड़ी भूमिका थी, इनकी जांच प्रगति पर है और अभी कोई बरी नहीं हुआ है। केजरीवाल मुख्यमंत्री रहते सरकारी तौर पर इन तत्वों को बचाने का पूरा प्रयास किया गया और उन्हीं की वजह से आज भी वह जमानत पर घूम रहे हैं । जब तक दिल्ली में केजरीवाल मुख्यमंत्री रहे तब तक उनकी ओर से दिल्ली दंगो की जांच में कोई सहयोग नहीं किया जा रहा था। अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में संभव है फरवरी 2020 के पीड़ितों को न्याय मिल जाए ।

**प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित**

# वैश्विक विश्व युद्ध के मुहानें पर बैठी मानवता’

## हुक्मरानों की सनक और सत्ता लोलुपता।

सावधान ? मानवीय जीवन आज परमाणु युद्ध के कगार पर खड़ा है और पूरी पृथ्वी जैसे किसी सक्रिय ज्वालामुखी के मुख पर बैठी हुई प्रतीक्षा कर रही है कि अगला सनकी आदेश किस राजधानी से निकलेगा। परमाणु संपन्न देशों के शासक स्वयं को वैश्विक सिरमौर सिद्ध करने की खतरनाक होड़ में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, विस्तारवादी मंसूबों और व्यक्तिगत सनकों को मानवता के अस्तित्व से ऊपर रख चुके हैं।

चीन, रूस और उत्तर कोरिया जैसे देश जहाँ परमाणु शक्ति तानाशाही प्रवृत्तियों के हाथों में केंद्रित है। वहाँ यह खतरा और भी भयावह हो जाता है क्योंकि इतिहास गवाह है कि जब सत्ता विवेक से कट जाती है तब युद्ध अपरिहार्य हो जाता है, अमेरिका द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बम आज भी मानवता के माथे पर कलंक की तरह दर्ज हैं। उसे समय के परमाणु हमले के विकिरण के दुष्प्रभाव आज भी जापान के बच्चों के शरीर और भविष्य में देखे जा सकते हैं।

उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन द्वारा 2022 के बाद से सौ से अधिक हथियारों के परीक्षण जिनमें अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को लक्ष्य करने वाली परमाणु मिसाइलें



शामिल हैं। यही इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि यह देश किसी भी क्षण सनक में विनाशकारी कदम उठा सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते बल्कि वैश्विक संतुलन को झकझोर कर रखा देते हैं और यूक्रेन को नाटो तथा अमेरिका से मिल रही सहायता के कारण रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार सार्वजनिक रूप से परमाणु हथियारों के प्रयोग की धमकी दे चुके हैं ।जबकि उन्हें यह अनुमान ही नहीं था कि यूक्रेन इतना लंबा प्रतिरोध कर पाएगा, चीन और ताइवान विवाद में भी अमेरिका के परोक्ष हस्तक्षेप से नाराज चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं। जिससे एशिया प्रशांत क्षेत्र युद्ध के केंद्र में आ सकता है। यह भी सर्वविदित तथ्य है कि रूस, चीन और उत्तर कोरिया वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अमेरिका के सबसे बड़े रणनीतिक विरोधी बन चुके हैं और अमेरिका स्वयं को विश्व का सर्वशक्तिमान बनाए रखने के दबाव में लगातार युद्धोन्मुखी नीति अपनाए हुए है।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा उत्तर कोरिया की सीमा पर लगातार सैन्य अभ्यास को प्योंगयांग हमले के पूर्वाभ्यास के रूप में देख रहा है ।जबकि अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय समझौतों के तहत संयुक्त बैलिस्टिक मिसाइल रणनीति पर आगे बढ़ चुके हैं।, इन तैयारियों के जवाब में उत्तर कोरिया द्वारा रणनीतिक क्रूज मिसाइल परीक्षणों का निरीक्षण इस बात की पुष्टि करता है कि टकराव की जमीन पूरी तरह तैयार हो चुकी है।

पश्चिम एशिया में वेनेजुएला संकट, इसराइल-फिलिस्तीन युद्ध और यूक्रेन संघर्ष आपस में जुड़कर एक ऐसे वैश्विक युद्ध की प्रस्तावना रच रहे हैं जिसमें पाकिस्तान और खाड़ी देशों की भागीदारी की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिका में चुनावी दबावों के चलते वहां का नेतृत्व अपनी वैश्विक बादशाहत बचाने के लिए किसी भी स्तर तक जाने को तैयार दिखाई देता है और उसके साथ ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और इसराइल जैसे देश आंख मूंदकर खड़े रहते हैं ।भारत की स्थिति इन परिस्थितियों में अत्यंत संवेदनशील है क्योंकि एक ओर उसकी चीन से परंपरागत शत्रुता है तो दूसरी ओर रूस से गहरे रणनीतिक संबंध और अमेरिका से बढ़ती निकटता है जबकि भारत लगातार शांति और संतुलन की भूमिका निभाने का प्रयास करता रहा है। परंतु जब विश्व की प्रमुख शक्तियां ही संवाद की बजाय दंभ और हथियारों की भाषा बोलने लगें तो किसी भी क्षण चिंगारी विश्वयुद्ध में बदल सकती है और यदि ऐसा हुआ तो यह युद्ध केवल देशों का नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता और पृथ्वी के अस्तित्व का युद्ध होगा, ऐसे समय में विश्व को नेताओं की सनक नहीं बल्कि विवेक की आवश्यकता है और मानवता के पास अब केवल यही एक प्रार्थना शेष रह जाती है कि युद्ध नहीं हो और शांति ही अंतिम विकल्प बने।

**संजीव ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार लेखन चिंतक स्तंभ कर रायपुर छत्तीसगढ़ 9009 415 415,**

# भारत पर 500% शुल्क का जोखिम!

## रूस से तेल खरीदने वालों पर ‘दंड’ लगाने वाले विधेयक को ट्रंप का समर्थन

*अमेरिका ने पहले ही अगस्त से कई भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी का भारी शुल्क लगाया हुआ है, जिसमें 25 फीसदी शुल्क रूस से तेल खरीदने से जुड़ा दंड है*

भारत को रूस से तेल खरीदने की वजह से अमेरिका के द्वितीयक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। इसमें रूस से तेल की खरीद पर 500 फीसदी तक का दंडात्मक शुल्क भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों को ‘दंड’ देने के उद्देश्य से इस तरह के एक विधेयक का समर्थन किया है।

अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने द्विदलीय रूस प्रतिबंध विधेयक को ‘हरी झंडी’ दे दी है जिसका उद्देश्य रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों को निशाना बनाना है। प्रस्तावित उपाय ह्यसैंक्शनिंग रशिया ऐक्ट 2025’ का हिस्सा है। यदि इस विधेयक को मंजूरी मिलती है तो इसके बाद बना कानून मामलों को जटिल बना सकता है और भारत तथा अमेरिका के बीच नौ महीनों से चल रहे व्यापार समझौते की संभावनाओं को खतरे में डाल सकता है।

ग्राहम ने एक बयान में कहा, ह्ययह विधेयक राष्ट्रपति ट्रंप को उन देशों को दंडित करने की अनुमति देगा जो सस्ते रूसी तेल खरीदकर रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के युद्ध मशीन को बढ़ावा दे रहे हैं। यह विधेयक ट्रंप को चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों पर जबरदस्त दबाव बनाने में सक्षम करेगा और उन्हें सस्ता रूसी तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।ह्व

विधेयक के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति को रूसी यूरेनियम और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद में जानबूझकर शामिल होने वाले देशों की वस्तुओं एवं सेवाओं के आयात पर अमेरिका में शुल्क बढ़ाकर 500 फीसदी तक करना चाहिए। अमेरिका ने पहले ही अगस्त से कई भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी का भारी शुल्क लगाया हुआ है, जिसमें 25 फीसदी शुल्क रूस से तेल खरीदने से जुड़ा दंड है।



वाणिज्य मंत्रालय के पूर्व अधिकारी और ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 500 फीसदी शुल्क से अमेरिका में भारत का सामान और सेवा निर्यात असल में बंद हो जाएगा, जो वर्तमान में सालाना 120 अरब डॉलर से ज्यादा है। उन्होंने कहा, ह्यअमेरिका के सीमा शुल्क अधिकारी सामान पर शुल्क लगा सकते हैं लेकिन सेवाओं पर शुल्क लगाने का कोई कानूनी तरीका नहीं है। इसलिए भारतीय सेवाओं पर निर्यात शुल्क लगाने का मतलब अमेरिकी फर्मों से कर वसूलना होगा।’

आनंद राठी ग्लोबल फाइनैंस में ट्रेजरी प्रमुख हरसिमरन साहनी ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक का असर व्यापार में रुकावटों से आगे बढ़कर भारत के लिए वृहद अर्थव्यवस्था तक बढ़ सकता है।

चीन रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है और पिछले तीन वर्षों में भारत धीरे-धीरे रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा है। ट्रंप का मानना है कि रूसी तेल से मिलने वाला धन रूस-यूक्रेन संघर्ष को बढ़ावा दे रहा है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिन्हें अमेरिका से इस तरह के भारी शुल्क का सामना करना पड़ सकता है।

मार्च 2025 से भारत और अमेरिका व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं मगर अभी इसे साकार होने में समय लगेगा। इस बीच दोनों पक्ष ढांचागत व्यापार समझौता पर बातचीत कर रहे हैं और इसके अमल में आने से भारतीय निर्यातकों पर 50 फीसदी अमेरिकी शुल्क का बोझ कम हो सकता है। दोनों पक्षों के बीच आधा दर्जन से अधिक दौर की वार्ता के बावजूद बात नहीं बन पाई है।

### समर्पणसूखी सी अधखिली कली है

*परिमल नहीं, पराग नहीं।  
किंतु कुटिल भौंरों के चुंबन  
का है इन पर दाग नहीं।*

*तेरी अतुल कृपा का बदला  
नहीं चुकाने आई हूँ।  
केवल पूजा में ये कलियाँ  
भक्ति-भाव से लाई हूँ।*

*प्रणय-जल्पना चिन्त्य-कल्पना  
मधुर वासनाएं प्यारी।  
मृदु-अभिलाषा, विजई आशा  
सजा रहीं थीं फुलवारी।*

*किंतु गर्व का झोंका आया  
यदपि गर्व वह था तेरा।  
उजड़ गई फुलवारी सारी  
बिगड़ गया सब कुछ मेरा।*

*बची हुई स्मृति की ये कलियाँ  
मैं समेट कर लाई हूँ।  
तुझे सुझाने, तुझे रिझाने  
तुझे मनाने आई हूँ।*

*प्रेम-भाव से हो अथवा हो  
दया-भाव से ही स्वीकार।  
ठुकराना मत, इसे जानकर  
मेरा छोटा सा उपहार।*

# द्वारकानाथ कोटणीस

द्वारकानाथ शान्ताराम कोटणीस ( जन्म- 10 अक्टूबर, 1910, शोलापुर, मुम्बई; मृत्यु- 9 दिसम्बर, 1942, चीन) भारतीय चिकित्सक थे। वह दूसरे विश्व युद्ध के सिपाहियों का इलाज करते-करते प्राण त्याग देने वाले निःस्वार्थ सेवक थे। द्वारकानाथ कोटणीस को द्वितीय चीन-जापान युद्ध (1937-1945) के दौरान उनकी सेवाओं के लिए चीन में बहुत सम्मान के साथ याद किया जाता है। भारत और चीन की मैत्री का प्रतीक माने जाने वाले डॉ. द्वारकानाथ कोटणीस उन पाँच युवा डॉक्टरों में से एक थे, जिन्हें 1938 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान चीन में राहत-कार्यों के लिए भेजा गया था। चीन में अपनी सेवाओं के दौरान मात्र 32 साल की उम्र में डॉक्टर द्वारकानाथ कोटणीस की मृत्यु हो गई थी। उनकी मौत के सालों बाद भी चीन के लोग उनकी निःस्वार्थ सेवा और काम के प्रति समर्पण के लिए उन्हें आज भी याद करते हैं।

### परिचय

महाराष्ट्र के शोलापुर में 10 अक्टूबर, 1910 को जन्में द्वारकानाथ कोटणीस ने यूनिवर्सिटी ऑफ बॉम्बे के सेठ जी. एस. मेडिकल कॉलेज से मेडिसिन की पढ़ाई पूरी की थी। चीन में रहने के दौरान मरीजों की सेवा करने वाली एक नर्स गुओ क्विंग लांग से द्वारकानाथ कोटणीस ने विवाह किया। गुओ से उनकी पहली मुलाकात डॉ. नार्मन बैथ्यून के मकबरे के उद्घाटन के दौरान हुई थी और वह उनसे काफी प्रभावित हुईं। गुओ को यह देखकर बहुत आश्चर्य हुआ कि कोटनिस चीनी भाषा बोल सकते थे और कुछ हद तक लिख भी सकते थे। युद्ध के विनाश के उस माहौल में भी उन दोनों का प्यार परवान चढ़ा और उन्होंने दिसंबर 1941 में विवाह कर लिया। चीन में ही उनके पुत्र यिनहुआ पैदा हुए।

द्वारकानाथ कोटणीस बिना सोए कई दिनों तक चीनी सैनिकों का इलाज करते रहे, जिसके कारण उन्हें मिर्गी का दौरा पड़ा और 1942 में उनकी सिर्फ 32 साल की उम्र में मौत हो गई। उनकी मौत के बाद उनकी पत्नी कई बार अपने पति के परिजनों से मिलने भारत आईं। फिर डॉक्टर कोटनिस की याद में उन्होंने 'माई लाइफ विद कोटनिस' भी लिखी, जिसमें उन्होंने लिखा है- 'भारत और भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। शायद यह सब वहां की सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है।' साल 2011 में डॉक्टर कोटनिस की पत्नी गुओ क्विंगलांग का देहांत हो गया।

### चीन प्रस्थान

साल 1938 में जापान ने चीन पर हमला बोल दिया था। उस समय चीन के कम्युनिस्ट लीडर जनरल ने जवाहरलाल नेहरू से मदद मांगी। उन्होंने भारत से कुछ डॉक्टर घायल सैनिकों और जन-साधारण के इलाज हेतु भेजने के लिए कहा। इसके लिए सुभाषचंद्र बोस ने भी लोगों से एक पब्लिक प्रेस कांफ्रेंस के जरिये अपील की थी। उन्होंने डॉक्टरों की एक टीम, एम्बुलेंस और साथ ही कुछ आर्थिक मदद भी भारत से चीन भिजवाई। इस टीम में पाँच डॉक्टर थे, जिनमें से एक डॉ. द्वारकानाथ कोटणीस भी थे।

सितम्बर, 1938 में यह टीम चीन पहुंची, जहाँ चीन के सभी बड़े नेताओं ने उनका स्वागत किया। यह टीम उस समय चीन के लिए किसी भी दूसरे एशियाई देश से आने वाली पहली मदद थी। इसके बाद डॉ. कोटणीस ने लगभग पाँच सालों तक चीन के लोगों की बिना किसी स्वार्थ के सेवा की। डॉ. द्वारकानाथ कोटणीस की बहन ने एक बार बताया था कि- "उनका भाई नियमित रूप से परिवार को पत्र लिखता था। हमेशा ही उनके पत्रों से खुशी झलकती थी। उन्होंने कभी भयानक युद्ध की स्थितियों या फिर अपनी परेशानियों के बारे में नहीं लिखा। दूसरों की सेवा और अपना धर्म निभाते हुए वे बहुत खुश थे।"

बताया जाता है कि कभी-कभी तो डॉ. कोटणीस ने लगातार 72 घंटों तक युद्ध में घायल सैनिकों के ऑपरेशन कर, उनकी जान बचायी। उन्होंने सैंकड़ों सैनिकों का इलाज किया और साथ ही आम चीनी लोगों के लिए मसीहा बने रहे। उनकी इस सद्भावना और कर्तव्यनिष्ठा से प्रभावित होकर ही चीनी नर्स गुओ क्विंग लांग उन्हें पसंद करने लगी थीं।

### कर्तव्यनिष्ठा

डॉ. द्वारकानाथ कोटणीस बिना अपनी परवाह किये लोगों की सेवा करते रहते थे। उस समय चिकित्सा और उपचार के सीमित साधन थे। राहत शिविरों में प्रकाश तथा साधनों के अभाव में लैम्पों की रौशनी में काम करना बेहद कठिन था, किंतु उनका सेवा-भाव इतना प्रबल था कि वह अधिक-से-अधिक सैनिकों की प्राण रक्षा करना चाहते थे। एक भारतीय डॉक्टर को इस तरह सच्ची लगन से काम करते देखकर चीनी लोग भी उनकी प्रशंसा किए बिना नहीं रह पाते थे।

### द्वारकानाथ कोटणीस पर निर्मित फि ल्म

युद्ध के तनावपूर्ण माहौल में लगातार काम करते हुए उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। नींद की कमी और अत्यधिक थकान के चलते उन्हें मिर्गी के दौरे पड़ने लगे। धीरे-धीरे यह बिमारी इतनी बढ़ गयी कि डॉ. द्वारकानाथ कोटणीस को बचाना मुश्किल हो गया। 1942 में 9 दिसंबर को केवल 32 साल की उम्र में उनका देहांत हो गया।

डॉ. द्वारकानाथ कोटणीस ने देश, जाति व धर्म की सीमाओं से परे जाकर मानवता की सच्ची सेवा में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उनकी मृत्यु पर चीनी नेता माओ जेडोंग ने कहा- सेना ने अपने सहायक हाथ को खो दिया और देश ने अपने एक



दोस्त को खोया है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डाढ़ा की टीम ने लगाया मेडिकल कैम्प

## डेल्टा-1 में 158 घरों का स्वास्थ्य सर्वे, 7 मरीज चिन्हित

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 08 जनवरी 2026। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डाढ़ा, दनकौर के चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा में एक विशेष मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की तीन सर्वे टीमों ने क्षेत्र में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया।

स्वास्थ्य सर्वे के दौरान कुल 158 घरों को कवर किया गया, जिसमें विभिन्न बीमारियों से प्रभावित मरीजों की पहचान की गई। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार कुल 07 मरीज चिन्हित हुए, जिनमें दस्त से 01, उल्टी से 01, बुखार से 02 तथा सर्दी-जुकाम से 03 मरीज प्रभावित पाए गए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारी की रोकथाम एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से प्रत्येक घर को 10 पैकेट ओआरएस उपलब्ध कराए गए। इस प्रकार क्षेत्र के लोगों को कुल 1580 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। सौजन्यः सूचना विभाग,

# विवाहिता ने लगाई फांसी, मृतका के परिजनों ने नहीं चाही कोई कार्रवाई

समाज जागरण

लोनी, 8 जनवरीः गुरुवार को जवाहर नगर में स्थित एक शादीशुदा महिला (24) ने कमरे की छत में लगे पंखे की मदद से गले में साड़ी का फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जवाहर नगर में किराए के मकान में रहने वाली मृतका अपने 1 साल के बच्चे को छोड़कर इस संसार को अलविदा कहकर चली गयी। मृतक महिला के परिजनों द्वारा घटना के मामले में कोई कार्रवाई नहीं करने की मंशा के चलते पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक मूल रूप से हरदोई की रहने वाली सुधा की शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व अरविंद नामक युवक के साथ हुई थी. जो हाल समय में जवाहर नगर की फुल वाली गली में अपनी पत्नी एक पुत्र व माता के साथ एक किराए के मकान में रहता है। शाहदरा में किसी दुकान पर प्राइवेट नौकरी करने वाला अरविंद आज सुबह लगभग 9:00 बजे अपनी पत्नी के हाथ का नाश्ता लेकर अपने काम पर चला गया था। लगभग 12:00 बजे उसकी पत्नी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की सूचना पाकर जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए फॉरेंसिक जांच टीम को बुलवाया वहीं दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलने पर उसके पति के अलावा कुछ ही देर बाद नोएडा में नौकरी करने वाला मृतका का भाई भी वहां पहुंच गया। जिसने घटना के मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं करने की बात कही। जिस पर पुलिस ने अपनी ओर से आवश्यक कार्रवाई करते हैं मृतका के शव को उसके संबंधियों के सुपुर्द कर दिया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश का सुनहरा अवसर

## सत्र 2026-27 की प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी को

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 08 जनवरी 2026। सहायक श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर डॉ. एस.पी. सिंह ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह विद्यालय पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों, कोविड से अनाथ हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत राज्याश्रित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा के साथ समग्र व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने बताया कि मेरठ मण्डल के सभी जनपदों में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। कक्षा 6 में कुल 160 तथा कक्षा 9 में 65 छात्र-छात्राओं का चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

### पात्रता एवं आयु सीमा

डॉ. सिंह ने बताया कि प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का कोविड से अनाथ होना, या मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में पंजीकृत होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त ऐसे अभ्यर्थी भी पात्र होंगे जिनके माता या पिता कम से कम तीन वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हों।

कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01 मई 2014 से पहले एवं 31 जुलाई 2016 के बाद की नहीं होनी चाहिए, जबकि कक्षा 9 के लिए जन्म तिथि 01 मई 2011 से पहले एवं 31 जुलाई 2013 के बाद की नहीं होनी चाहिए।

### ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन की सुविधा

प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपने जनपद के श्रम कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय अथवा विकास खण्ड कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर भौतिक रूप से जमा कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त जनसुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत सहायक के सहयोग से अथवा किसी भी स्मार्ट फोन के माध्यम से वेबसाइट bocw.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है।

# मीरपुर डंपिंग ग्राउंड के विरोध में हुई पंचायत में ग्रामीणों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन धरने करी घोषणा

समाज जागरण

लोनी, 8 जनवरीः गांव मीरपुर हिंदू में प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड के विरोध में अपनी पूर्व घोषणा अनुसार गुरुवार को लोनी खादर क्षेत्र के ग्रामीणों ने एक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक डंपिंग ग्राउंड को यहां से स्थानांतरित नहीं किया जाएगा, तब तक सभी क्षेत्र वासी अनिश्चितकालीन धरने पर रहेंगे. ताकि शासन-प्रशासन उनकी मांगों के संदर्भ में गंभीरता से सोच सके। पंचायत में शुक्रवार के दिन से ही धरना शुरू करने का निर्णय लेते हुए घोषणा की गई की यह धारणा मांगें पूरी होने तक यथावत चलता रहेगा। पंचायत के दौरान वक्ताओं ने अपने संबोधन के दौरान शासन-प्रशासन तथा प्रतिनिधियों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वह यहा डंपिंग ग्राउंड



निर्माण कराकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य, पर्यावरण और भविष्य के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से सुभाष त्यागी, लीलू त्यागी, लीलू भगत जी, तेजराम मंडार, मामचंद त्यागी, नरेश त्यागी, राजबीर त्यागी, गौरव त्यागी, मुकेश त्यागी, इरशाद, लोकेंद्र, रामकुमार, महेंद्र त्यागी, महेश त्यागी, पवन मंडार, सुबोध मंडार, बॉबी त्यागी, राजेंद्र बेसला, गोपी प्रधान, श्याम चौहान, ब्रह्म सिंह प्रधान, प्रमोद चौहान, मोनू त्यागी, अशोक सेवक, सुरेश त्यागी, रविन्द्र त्यागी व धनसिंह त्यागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो वह आंदोलन को और तेज गति देने को मजबूर होंगे।

# पुलिस की गोली लगने से लंगड़ा हुआ दीपक अगरौला गैंग का शार्प शूटर संजीत गिरफ्तार

लोनी, 8 जनवरीः अंकुर विहार थाना क्षेत्र में स्थित गढ़ी कटिया कट के निकट बीती देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश दीपक अगरौला गैंग का शार्प शूटर संजीत बताया गया है। जिसके कब्जे से 32 बोर की फैक्ट्री



मेड लाइसेंसी रिवाल्वर, तीन जिंदा कारतूस व तीन खोखा के अलावा स्विफ्ट कार बरामद हुई है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश के मुताबिक क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल सिंह राजपूत को सूचना मिली थी कि दीपक अगरौला गैंग का शार्प शूटर रंजीत. जिसने कुछ समय पूर्व अपने साथियों संग मिलकर हत्या की वारदात के मुख्य गवाह एवं वादी मुकुल बंसल की गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया था, वह किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से अंकुर विहार आने वाला है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच प्रभारी की टीम और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से मिलकर वाहन चेकिंग शुरू कर दी थी। इसी दौरान मुखबिर की निशानीनुसार उनकी ओर आ रहे कार सवार बदमाश को रुकने का इशारा करने पर उसने पुलिस पार्टी की ओर फायर झोंकते हुए अपनी कार को वही छोड़कर वापस भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगने से उसे वहीं गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश पर आधा दर्जन से अधिक संगीन धाराओं में मामले दर्ज है। प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ग्लोबल आईटी हब बनने की ओर अग्रसर

निर्यात आधारित आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग से युवाओं के लिए लगातार बढ़ रहे हैं रोजगार के अवसर

बेहतर होते इन्फ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल वातावरण से उत्तर प्रदेश आधुनिक प्रौद्योगिकी विकास की ओर

समाज जागरण

लखनऊ, 08 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ग्लोबल आईटी हब बनने की ओर अग्रसर है। लगातार बेहतर होते इन्फ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल वातावरण से प्रदेश आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात के क्षेत्र में भी तेजी से उभरते हुए, देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित हो चुका है। वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश ने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक देश के कुल आईटी निर्यात में प्रदेश की मौजूदा हिस्सेदारी को 05 से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक के स्तर पर ले जाया जाए।आईटी सेवाओं और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के संयुक्त विकास ने उत्तर प्रदेश के निर्यात आधार को व्यापक बनाया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र और लखनऊ जैसे शहर अब आईटी सेवाओं, मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और डेटा आधारित उद्योगों के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। प्रदेश में स्थापित हो रही असेम्बली यूनिट्स, कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और आईटी सर्विस कंपनियों ने निर्यात क्षमता को नई मजबूती दी है। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात लगभग 3,862 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी प्रकार से आईटी आधारित सेवाओं का निर्यात भी 55,711 करोड़ रुपये से बढ़कर 82,055 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। यह वृद्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि यह प्रदेश में विकसित हो रहे प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक ढांचे और वैश्विक कंपनियों के बढ़ते भरोसे को भी दशार्ती है।

इस विकास का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के युवाओं को मिल रहा है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक निर्यात आधारित उद्योगों से बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। तकनीकी प्रशिक्षण कौशल, विकास कार्यक्रम और स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार से युवा अब केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं बल्कि नवाचार और उद्यमिता के वाहक बन रहे हैं। योगी सरकार द्वारा किए गए नीतिगत सुधारों ने निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है। सिंगल विंडो सिस्टम, बेहतर कानून व्यवस्था, मजबूत लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बना दिया है।

# सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर गुम हुआ छात्रा का बैग बरामद

## थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मात्र 2 घंटे में छात्रा को सुपुर्द किया

समाज जागरण

नोएडा, 08 जनवरी 2026। सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन, नोएडा पर एक छात्रा का बैग गुम हो गया था, जिसे थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस ने मात्र 2 घंटे के भीतर तलाश कर छात्रा को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने बताया कि प्राप्त शिकायत के तुरंत बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की गई। इस तेज और प्रभावी कार्रवाई से छात्रा और उसके परिवार को बड़ी राहत मिली।




थाना सेक्टर-49 पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई वस्तु या संपत्ति गुम हो जाए तो तुरंत नजदीकी थाना या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

# अप्रेंटिसशिप योजना से 2025-26 में अब तक 83 हजार से अधिक युवाओं को मिला उद्योगों में प्रशिक्षण का अवसर

**एमएसएमई और बड़े उद्योगों में शिक्षुता को बढ़ावा, योगी सरकार दे रही है प्रतिपूर्ति का लाभ**

**नेशनल और मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजनाओं के तहत युवाओं व अधिष्ठानों को मिल रहा सीधे लाभ**

**पिछले 4 वर्षों में 795 नए अधिष्ठान पोर्टल पर पंजीकृत, प्रशिक्षण अवसरों में बड़ा विस्तार**

**सीएमएपीएस योजना से 6,164 नए अभ्यर्थी लाभान्वित, रोजगारपरक प्रशिक्षण को मिल रही रफ्तार**

**बीते पौने 9 वर्षों में 4 लाख से अधिक प्रशिक्षु युवाओं को औद्योगिक संस्थानों में मिला अवसर**

समाज जागरण

लखनऊ, 8 जनवरी। उत्तर प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगारपरक प्रशिक्षण को नई रफ्तार देने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने अप्रेंटिसशिप के क्षेत्र में मजबूत पहल की है। राज्य में संचालित अप्रेंटिसशिप योजनाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को उद्योगों व एमएसएमई इकाइयों से जोड़ा जा रहा है, ताकि उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ रोजगार के अवसर भी मिल सकें। वर्ष 2025-26 में अप्रेंटिसशिप योजना के तहत 83,277 युवाओं को उद्योगों और एमएसएमई इकाइयों में शिक्षुता प्रशिक्षण हेतु योजित किया गया है। इससे युवाओं को उत्पादन इकाइयों, सेवा क्षेत्र और लघु-मध्यम उद्योगों में काम सीखने का प्रत्यक्ष अवसर मिला है। सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा ह्लसीखते हुए कमाएंह्व और उद्योगों के अनुरूप कौशल प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें।

### सिर्फ प्रमाण पत्र नहीं, व्यावहारिक अनुभव भी मिल रहा

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलतो राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को कुशल मानव संसाधन का हब बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अप्रेंटिसशिप योजना के माध्यम से युवाओं को सिर्फ प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि काम का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। हमारे लिए लक्ष्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। नेशनल और मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजनाओं के तहत दी जा रही प्रतिपूर्ति से अधिष्ठानों की रुचि बढ़ी है और इससे रोजगारपरक अवसरों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। राज्य सरकार हर युवा को उसकी क्षमता के अनुरूप कौशल और अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### उपलब्ध कराई जा रही प्रतिपूर्ति की सुविधा

उत्तर प्रदेश में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत संबंधित अधिष्ठानों और अभ्यर्थियों को प्रतिपूर्ति की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे शिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान आर्थिक सहयोग मिलता है, वहीं अधिष्ठानों को भी प्रशिक्षुओं को रखने के लिए प्रोत्साहन प्राप्त होता है। योगी सरकार का मानना है कि यह मॉडल युवाओं और उद्योग दोनों के लिए लाभकारी है।

### नियुक्ति की संभावनाएं कई गुना बढ़ीं

अप्रेंटिसशिप के दायरे को बढ़ाने के लिए सशक्त संस्थागत ढांचा तैयार किया गया है। इसी के परिणामस्वरूप पिछले चार वर्षों में 795 नवीन अधिष्ठानों को पोर्टल पर पंजीकृत कराया गया है। नए पंजीकरण से विभिन्न जिलों में प्रशिक्षण के अवसरों का दायरा बढ़ा है और स्थानीय स्तर पर युवाओं को उद्योगों तक पहुंच आसान हुई है। इसके साथ ही सीएमएपीएस योजनान्तर्गत 6,164 नए अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया गया है। विभाग के अनुसार, इन योजनाओं के जरिए युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि रोजगारपरक कौशल और औद्योगिक अनुभव भी मिल रहा है, जिससे नियुक्ति की संभावनाएं बढ़ रही हैं।

### विभागीय स्तर पर प्रक्रियाओं को बनाया गया सरल

राज्य में कौशल विकास की इस सतत प्रक्रिया का बड़ा परिणाम यह रहा कि बीते लगभग नौ वर्षों में 4 लाख से अधिक प्रशिक्षु युवाओं को विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में सेवायोजित कराया गया है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को कुशल मानव संसाधन के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि अप्रेंटिसशिप को बड़े पैमाने पर बढ़ाते हुए युवाओं को उद्योगों, स्टार्टअप्स और टरटए सेक्टर से जोड़ा जाए। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, ऑनलाइन पोर्टल को सुदृढ़ किया गया है और उद्योगों के साथ समन्वय भी बढ़ाया गया है। सरकार का मानना है कि कौशलयुक्त युवा न केवल अपने लिए अवसर पैदा करेंगे, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक विकास और निवेश माहौल को भी मजबूती देंगे।

# ग्राम पंचायतों में भी बनेगा आधार, 1000 ग्राम पंचायतों में आधार सेवा केंद्रों की स्थापना का कार्य आरंभ

**हर ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में बन रहा आधार सेवा केंद्र**

**नया आधार बनवाने से लेकर आधार अपडेट और प्रमाणीकरण की सुविधा होगी**

**सरकारी योजनाओं से सीधे जुड़ेंगे ग्रामीण, ग्राम पंचायत सहायक करेंगे संचालन**

**आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की ओर उत्तर प्रदेश का एक बड़ा कदम**

समाज जागरण

लखनऊ, 8 जनवरी। ग्रामीणों को आधार सेवाओं के लिए अब ब्लॉक और शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर ही आधार सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 1000 ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आधार सेवा केंद्र स्थापित करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए आवश्यक उपकरण लगाए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से नया आधार बनवाने से लेकर आधार अपडेट और प्रमाणीकरण तक की सुविधाएं सीधे गांव में ही मिल सकेंगी।

### अधिकृत और पारदर्शी तरीके से हो सकेगा संचालन

पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि हर ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में आधार सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। इन केंद्रों का संचालन ग्राम पंचायत सहायक करेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और जिम्मेदारी दोनों को बढ़ावा मिलेगा। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए यूआईडीएआई (UIDAI) ने पंचायती राज विभाग को रजिस्ट्रार आईडी और इंपैनलमेंट एजेंसी (BÊE) आईडी भी निर्गत कर दी है, जिससे आधार सेवाओं का संचालन पूरी तरह अधिकृत और पारदर्शी तरीके से हो सकेगा।

### आधार से जुड़ी सेवाओं में होने वाली परेशानियां समाप्त होंगी

इस नई व्यवस्था से आधार नामांकन, अपडेट और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। इससे ग्रामीणों का सीधा जुड़ाव सरकारी योजनाओं से सुनिश्चित होगा। साथ ही आधार से जुड़ी सेवाओं में होने वाली परेशानियां समाप्त होंगी। पायलट प्रोजेक्ट के सफल होने के बाद इसे चरणबद्ध तरीके से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में लागू करने की योजना है।

### गांव-गांव विकास की सोच होगी साकार

पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल न केवल डिजिटल सशक्तिकरण को मजबूती देगी, बल्कि गांवों में ही आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराकर शासन की गांव-गांव विकास की सोच को भी साकार करेगी। अभी 1000 ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आधार सेवा केंद्रों की स्थापना शुरू की जा रही है, जिसे हर ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किया जाएगा। यह नई सुविधा शुरू हो जाने के बाद ग्राम सचिवालय में ही नया आधार बनवाने और अपडेट करवाने की हर सुविधा मिलने लगेगी।

## "सेवा, समर्पण और अनुशासन को सम्मान"

नोएडा पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को नववर्ष 2026 पर सम्मानित किया गया

# औद्योगिक भूखण्डों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा

## निरस्त भूखण्डों का कब्जा वापस लेने के निर्देश

नोएडा, 06 जनवरी 2026। नोएडा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 06 जनवरी 2026 को औद्योगिक भूखण्डों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। यह समीक्षा प्रदेश सरकार के वन ट्रिलियन इकॉनमी के लक्ष्य की पूर्ति के दृष्टिगत की गई, जिसके तहत शासन स्तर से प्रत्येक माह औद्योगिक परियोजनाओं के संचालन को लेकर नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि 03 औद्योगिक भूखण्ड निरस्त की स्थिति में हैं। इनमें से 02 निरस्त भूखण्डों का कब्जा तत्काल वापस लेने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए, जबकि 01 भूखण्ड में वाद लम्बित होने के कारण नियमानुसार कार्यवाही प्रचलित है।

इसके अतिरिक्त समीक्षा में 11 निर्मित किन्तु अकार्यशील, 13 निमार्णाधीन तथा 09 ऐसे रिक्त औद्योगिक भूखण्ड, जिनकी समयवृद्धि अवधि समाप्त हो चुकी है, को चिन्हित किया गया। इन सभी भूखण्डों के संबंध में नियमानुसार निरस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक भूखण्डों का सक्षम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके और उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की दिशा में मजबूत आधार प्राप्त हो।

# ऑनलाइन गेमिंग/गैंबलिंग के नाम पर ठगी गिरोह का पदार्फाश

## थाना बिसरख ने 8 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 08 जनवरी 2026। थाना बिसरख पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप और ऑनलाइन गैंबलिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का सफलतापूर्वक पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में कुल 08 अभियुक्त (03 पुरुष एवं 05 महिला) को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 18 मोबाइल फोन, 04 लैपटॉप, विभिन्न कंपनियों की 155 प्रयोगशुदा फर्जी सिम, 50 भुगतान दफ कोड, ₹45,000 नगद, 02 कंप्यूटर



ऑनलाइन गेमिंग ऐप/ऑनलाइन गैंबलिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

मॉनीटर, 04 वाई-फाई मॉडेम, 10 कॉलिंग हेडफोन और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

थाना बिसरख पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों का गिरोह ऑनलाइन गेमिंग और गैंबलिंग के बहाने लोगों से धोखाधड़ी और वित्तीय ठगी करता था। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नो हेलमेटझ्रनो फ्यूल योजना पर गोष्ठी आयोजित

**सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत पेट्रोल पंप डीलरों को निर्देशित किया गया**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 08 जनवरी 2026। 08.01.2026 को #सड़क_सुरक्षा_माह_2026 के अंतर्गत "नो हेलमेटझ्रनो फ्यूल" योजना को



प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पैट्रोलियम डीलरों के सहयोग से एक गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी का उद्देश्य उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन और सहयोग सुनिश्चित करना था। गोष्ठी में पंप ऑनर्स और डीलरों को शामिल किया गया और उन्हें स्पष्ट किया गया कि हेलमेट के बिना वाहन चालकों को ईंधन न दिया जाए। यह पहल सड़क सुरक्षा बढ़ाने और यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन से०-14अ कार्यालय में किया गया, जहां डीलरों को नियमावली और कार्यान्वयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश शासन का कहना है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से सड़क पर हेलमेट का उपयोग बढ़ेगा और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# विकसित भारत रोजगार व आजीविका मिशन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस, मनरेगा के दिन बढ़ाकर 125 किए गए

**समाज जागरण**



बहजोई/संभल। कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश शासन धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण): वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 के संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण जीवन को समृद्ध बनाने और रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस नए अधिनियम में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब मनरेगा के अंतर्गत मिलने वाले 100 दिन के रोजगार को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यदि तय समय पर कार्य उपलब्ध नहीं कराया गया तो बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान पहले से अधिक सशक्त किया गया है। साथ ही मजदूरी भुगतान में देरी होने पर अतिरिक्त भुगतान का भी प्रावधान किया गया है।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि सभी योजनाएं केंद्र से तय होंगी, जबकि वास्तविकता यह है कि ग्राम पंचायत और ग्राम सभा ही अपने गांव के विकास की योजना बनाएंगी और यह तय करेंगी कि गांव में कौन-कौन से कार्य कराए जाएंगे। परिवारों का पंजीकरण, जॉब कार्ड, कार्य के आवेदन और योजनाओं का निर्माण ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगा। कम से कम 50 प्रतिशत कार्य सीधे ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत जल संरक्षण, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका से जुड़े कार्य और आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्य शामिल किए गए हैं। इनमें तालाब, चेकडैम, स्टॉपडैम, स्कूल, सड़क, नाली, शेड, स्किल सेंटर, हाट, रिटेनिंग वॉल और ड्रेनेज जैसे कार्य प्रमुख हैं। प्रत्येक कार्य का सोशल ऑडिट अनिवार्य होगा तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति, जीआईएस, मोबाइल ऐप और डैशबोर्ड के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि ग्राम रोजगार सहायक, मेट, फील्ड असिस्टेंट और तकनीकी सहायक इस योजना की रीढ़ हैं। इनके प्रशिक्षण, मानदेय और निगरानी के लिए प्रशासनिक खर्च को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत किया गया है, जिससे कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खड़गवंशी, हर्ष वार्ष्णेय, कमल कुमार कमल, जयप्रकाश गुप्ता, मुकुल कुमार रस्तोगी, अंकित जैन, उदयवीर सिंह पप्पू, शिखर गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग दम्पत्ति से ठगी करने वालों को पुलिस ने दबोचा

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नहटौर बुजुर्ग दम्पत्ति से ठगी करने वाले दो आरोपियों को दबोचकर पुलिस ने नगदी व कुंडल बरामद करते हुए चालान कर दिया है। इससे पूर्व में इसी तरह की घटना को आरोपियों ने अंजाम दिया था। ज्ञात हो कि गत 6 जनवरी को गांव तापरोला निवासी बुजुर्ग दम्पत्ति उदल सिंह उसकी पत्नी उर्मिला देवी बैंक से 15 हजार रुपये निकालकर बैंक से बाहर निकले थे। बुजुर्ग ने 10 हजार अपने थैले में तथा 5 हजार रुपये अपनी जेब में रख लिए थे। बताया जाता है कि उसी दौरान दो युवक उनके पास आये कुछ रिश्तेदारी की बाते करते हुए दस हजार रुपये व बुजुर्ग महिला के कानों के कुंडल ठगी करके ले गए थे। मामले की सूचना बुजुर्ग दम्पत्ति ने थाने पहुंचकर दी। जिस पर तत्काल थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की जांच कराते हुए घटना की जानकारी ली थी। इसके अलावा 2 जनवरी को भी रामपाल व उनकी पत्नी निवासी ग्राम जलालपुर से दो युवकों ने उन्हें बातों में लगाकर 14 हजार रूपए नकद व कानों के कुंडल ठग कर ले गए थे। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस के अनुसार बुधवार को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को दबोच लिया और थाने ले आयी। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम अहसान पुत्र जाबुदीन ग्राम मोरना थाना नूरपुर व दिलशाद पुत्र शकूर ग्राम बुढपुर थाना नहटौर बताया। पुलिस ने उनके पास से 10 हजार नगद एक जोड़ी कुंडल बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों का सम्बन्धित धारा में चालान कर दिया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राकेश मोहन, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार, विकास कुमार, विक्रांत राणा आदि मौजूद रहे। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि पकड़े गए अहसान व दिलशाद दोनों पर लगभग आधा दर्जन के करीब पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं दोनों का आपराधिक इतिहास है।

# वन विभाग ने अवैध हरे पेंडो की कटान पकड़ा, बाग मालिक सहित ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण संवाददाता**



लखनऊ निगोहां के खुद्दी खेडा गांव में अवैध रूप से लकडकट्ट चोरों द्वारा काटे जा रहे हरे पेंडो की मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर छापेमारी की जहां पेंड काट रहे लकडकट्ट मौके से भाग निकले। वन विभाग टीम को मौके पर लगभग एक दर्जन से अधिक कैथा समेत अन्य पेंड के कटी हुई लकड़ी पड़ी मिली। वन विभाग ने ठेकेदार समेत दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया।

निगोहां रेंज के वन रक्षक मोहित रावत ने बताया बुधवार देर शाम को उन्हें सूचना मिली कि खुद्दी खेडा की एक बाग में हरे पेंडो की कटान हो रही है इस पर वह अपनी टीम के साथ मौके ओर छापेमारी की जहां लकड़ी काट रहे लोग मौके से भाग निकले वहीं मौके पर प्रतिबंधित प्रजाति के 12 वृक्ष कैथा के काटे गये थे जिनकी कुछ लकड़ी के बड़े बड़े बोटे पड़े मिले।

जिस पर बाग मालिक अजय शुक्ला निवासी ग्राम खुद्धीखेड़ा व लकड़ी ठेकेदार मुरली निवासी सुदौली थाना बछरावां जनपद रायबरेली के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया।

एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि वन रक्षक की दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

# नगराम पुलिस टीम ने सोलर पैनल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




नगराम ।लखनऊ,नगराम पुलिस ने सोलर पैनल चोरी की एक बड़ी घटना का सफल खुलासा करते हुए चोरी में शामिल अभियुक्त को चोरी गए सोलर पैनल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोरों में हड़कंप मच गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगराम थाना क्षेत्र के गढ़ा निवासी राजकुमार पुत्र नन्दकिशोर द्वारा गुरुवार को नगराम थाने में सूचना दी थी कि बीते बुधवार को अज्ञात चोरों ने उनके घर में लगे सोलर पैनल को चोरी कर लिया है। सूचना के आधार पर नगराम पुलिस द्वारा तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। नगराम पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। पुलिस के खास मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सफलता मिली, जब अभियुक्त नितिन साहू पुत्र स्व. रामशरण, निवासी ग्राम गढ़ा, थाना नगराम, जनपद लखनऊ को चोरी किए गए सोलर पैनल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध नगराम थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने आर्थिक लाभ के उद्देश्य से रात्रि के समय घर में लगे सोलर पैनल की चोरी की थी। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त का पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास प्रकाश में नहीं आया है।बरामदगी के दौरान पुलिस ने एक अदद सोलर पैनल बरामद किया है।

इस सराहनीय कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह,हेड कांस्टेबल जान मोहम्मद एवं कांस्टेबल दिनेश कुमार शामिल रहे।नगराम पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्यशैली की सराहना की जा रही है।

# अनुसूचित जाति आयोग सदस्य महिपाल सिंह वाल्मीकि ने सुनीं कर्मचारियों की समस्याएं

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर स्योहारा। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य महिपाल सिंह वाल्मीकि ने बृहस्पतिवार को बिजनौर जनपद के स्योहारा में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े कर्मचारियों एवं नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

यह कार्यक्रम नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष फैसल वारसी ने पुष्प भेंट कर आयोग सदस्य का स्वागत किया, जबकि अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल ने स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद शेरकोट के अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी, नायब तहसीलदार विजय कुमार, राजस्व निरीक्षक चंद्र प्रकाश सिंह, वीडियो पंचायत विवेक कुमार, विद्युत वितरण स्योहारा के उपखंड अधिकारी सहित नगर पालिका के विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में सभासदों ने भी भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं एवं सुझावों को आयोग सदस्य के समक्ष रखा। नगर पालिका स्टाफ में लेखा लिपिक देवेंद्र सिंह, लिपिक मोहम्मद शान तथा प्रभारी प्रकाश अमित कुमार भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

सभासदों में प्रमुख रूप से जयप्रकाश, सुभद्रा, मोहम्मद यासीन, नईम अहमद, नौमान जहाँ, पूनम, शाहीन, फरहा नाज, इरम दिलशाद, खुर्शीद अहमद, इरम नाज आदेश कुमार, श्वेत रस्तोगी, अकरम, नसरीन, नादरा, कमर सुलेमान, विनोद तोमर एवं सत्येंद्र सैनी उपस्थित रहे।

आयोग सदस्य महिपाल सिंह वाल्मीकि ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# शिवम राजपूत का आईआईटी रिसर्च के लिए हुआ चयन

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद ग्राम बरमपुर के होनहार छात्र शिवम राजपूत ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। शिवम का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी में रिसर्च के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से जिला व गांव में गर्व और उत्साह का माहौल है। नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम बरमपुर निवासी मनोज कुमार के पुत्र शिवम राजपूत का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान आई आईटी में रिसर्च के लिए हुआ है। शिवम राजपूत ने शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

वर्ष 2019 में 10वीं कक्षा में टॉपर बनकर अपनी मेधा का परिचय दिया। इसके बाद एमडीएस कॉलेज, नजीबाबाद से 2021 में 12वीं कक्षा में भी टॉप कर उन्होंने सफलता की परंपरा को आगे बढ़ाया। 12वीं के बाद शिवम ने हरियाणा सरकार के इंजीनियरिंग कॉलेज से बी-टेक की पढ़ाई पूरी की। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है। कि आज उनका चयन आईआईटी में रिसर्च के लिए हुआ है, जो किसी भी छात्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। शिवम राजपूत की इस बड़ी सफलता पर गांव, परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। शिवम राजपूत की यह उपलब्धि साबित करती है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि मेहनत ही सफलता की असली कुंजी है।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने किया थाना पलिया का निरीक्षण, दिए सख्त दिशा-निर्देश

**समाज जागरण**
**संवाददाता : कुलदीप सिंह**



लखीमपुर खीरी। बृहस्पतिवार को अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन सुजीत पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ थाना पलिया का औचक निरीक्षण किया। थाना परिसर पहुंचने पर सलामी गार्द द्वारा उन्हें सलामी दी गई।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने संपूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कंप्यूटर कक्ष आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर एवं कार्यालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके पश्चात कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों–अपराध रजिस्टर, न्यायालय आर्डर बुक, कुर्की रजिस्टर, सम्मन रजिस्टर, गुण्डा रजिस्टर, समाधान दिवस एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सभी रजिस्टरों को व्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। अपर पुलिस महानिदेशक ने महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही थाने में लंबित विवेचनाओं का दोष के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्र की समीक्षा करते हुए उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को फरियादियों से शालीन व्यवहार करने, उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई करने पर भी बल दिया गया। थाने में लंबित मुकदमों से संबंधित माल मुकदमाती तथा थाना परिसर में खड़े वाहनों के शीघ्र विधिक निस्तारण के निर्देश भी दिए गए। अपराध नियंत्रण को लेकर नियमित एवं प्रभावी गश्त, विशेषकर रात्रि गश्त को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा सुनसान इलाकों में पैदल गश्त और एंटी रोमियो टीम के माध्यम से शोहदों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा गया, जिससे पुलिस की दृश्यता बनी रहे। कस्बे के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरी सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक ने थाना परिसर में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) अमित राय, सहायक पुलिस अधीक्षक खीरी/क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी, क्षेत्राधिकारी पलिया जितेन्द्र सिंह परिहार, थानाध्यक्ष पलिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोहनलालगंज पुलिस की तत्परता से अपहृत 14 वर्षीय किशोरी सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज (लखनऊ)। मोहनलालगंज पुलिस ने संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए बीते माह अपहृत हुई 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि किशोरी को विधिक प्रक्रिया के तहत परिजनों को सौंप दिया गया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 26 दिसंबर को मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के पद्मिनखेड़ा निवासी एक महिला द्वारा थाने में शिकायती पत्र दिया गया था। महिला ने बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री 25 दिसंबर की शाम घर से बिना बताए चली गई थी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद किशोरी का कोई सुराग नहीं मिल सका था।शिकायतकर्ता ने गांव के ही रहने वाले गौतम पुत्र रामेश्वर पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जताई थी।

शिकायत के आधार पर मोहनलालगंज थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय के निर्देशन में तत्काल दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से लगातार प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के माती गांव में मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गुरुवार को माती गांव में दबिश देकर नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया तथा आरोपी गौतम को मौके से गिरफ्तार कर लिया। बरामद किशोरी को आवश्यक विधिक प्रक्रिया के तहत सुरक्षित संरक्षण में भेजते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस सफल अभियान में उपनिरीक्षक अनुज कुमार सिंह, कांस्टेबल किशन जायसवाल एवं महिला कांस्टेबल देवी पाल की सराहनीय भूमिका रही। मोहनलालगंज पुलिस की इस त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# विवाह से मुकरा तो मंगेतर के घर पहुंची युवती

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर। परिजनों द्वारा विवाह से पीछे हटने पर एक 20 वर्षीय युवती अपने मंगेतर के घर पहुंच गई। मंगेतर के परिजन युवती को लेकर थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचना दी। पुलिस के अनुसार युवती के परिजन थाने नहीं पहुंचे और फोन पर उससे किसी भी प्रकार का संबंध न रखने की बात कही। युवती ने अपने बयान में बताया कि वह कोतवाली देहात क्षेत्र के एक युवक से प्रेम करती है। करीब पांच माह पहले परिजनों को इसकी जानकारी हुई थी। पहले विरोध के बाद परिजन शादी को तैयार हो गए थे और अप्रैल माह में विवाह तय किया गया था, लेकिन बाद में परिजन अपने वादे से मुकर गए। युवती ने आरोप लगाया कि सोमवार को उसके साथ मारपीट भी की गई, जिससे आहत होकर वह मंगेतर के घर चली गई। पुलिस ने युवती के बालिग होने की पुष्टि करते हुए उसे उसकी इच्छा अनुसार मंगेतर के परिजनों के साथ भेज दिया।

# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि में एसआई राकेश मोहन, कांस्टेबल आदेश यादव विक्रांत राणा रात्रि गश्त पर थे। बताया जाता है कि गश्त के दौरान माहू नंगली तिराहे पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया और थाने ले आयी। पकड़े गए युवक ने अपना नाम यशवीर सिंह पुत्र हरकेश निवासी गांव बाकरनगर बताया। पुलिस ने आरोपी का सम्बन्धित धारा में चालान कर दिया है।

# कार-बाइक रैली में जेसीआई की सहभागिता, उपविजेता पुरस्कार किया अर्जित

**समाज जागरण संवाददाता : कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित कार-बाइक रैली में जेसीआई ने सक्रिय सहभागिता करते हुए उपविजेता



पुरस्कार अर्जित किया। यह रैली सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता फैलाने हेतु आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा थी, जिसमें प्रशासन के साथ-साथ अनेक सामाजिक संगठनों ने भी भाग लिया।

रैली में जेसीआई के संस्थाध्यक्ष सचिन अग्रवाल के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में पूर्व अध्यक्ष विशाल सेठ, राममोहन गुप्ता एवं आर्येन्द्र पाल सिंह ने संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्था के कर्मठ सदस्यों विश्वास सेठ, कुशाग्र अग्रवाल, राहुल माथुर एवं शुभम अग्रवाल ने अपने वाहनों के साथ रैली में सहभागिता कर सड़क सुरक्षा संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

जेसीआई की इस उपलब्धि पर संस्था सदस्यों में हर्ष का माहौल रहा और सभी ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# उदयपुर के शिव मंदिर में विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां के उदयपुर गांव में स्तिथ शिव जी के मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

ग्राम उदयपुर मे युवा समाज सेवी एडवोकेट अजीत प्रताप सिंह द्वारा गाँव मे शिव जी के मन्दिर मे पूजा करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भण्डारे में काफी संख्या में द्वालुओं ने भंडारे में पुड़ी, सब्जी, चावल व खीर का आनंद लिया।मंदिर परिसर में जय श्रीराम और भक्ति गीतों की मधुर गूँज सुनाई दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

भण्डारे में सबसे पहले कन्याभोज किया गया । जिसके बाद भण्डारा किया गया। इस भण्डारे में विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित थीं। इस मौके पर बबलू सिंह, सानू सोनी,अभय प्रताप सिंह, समर यादव,सुभम सिंह, संदीप शर्मा, मोनू सिंह, दीपक सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री राजपूत करणी सेना ने किया नए पदाधिकारियों के मनोनयन

## विमल नारायण सिंह बने जिला सचिव, राघवेंद्र सिंह को मिली जिला मंत्री की जिम्मेदारी

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ श्री राजपूत करणी सेना संगठन द्वारा संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से निगोहां क्षेत्र में नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस क्रम में उतरावां निवासी समाजसेवी विमल नारायण सिंह को संगठन का जिला सचिव, जबकि रामपुर गांव निवासी राघवेंद्र सिंह को जिला मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया।

गुरुवार को करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ह्यदीपूह्ल अपने साथियों के साथ निगोहां पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत रूप से दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवियों व संगठन के कार्यकताओं ने उपस्थित होकर दोनों पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।मनोनयन के बाद जिला सचिव बनाए गए विमल नारायण सिंह ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संगठन की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वहीं जिला मंत्री बने राघवेंद्र सिंह ने भी संगठन के प्रति निष्ठा जताते हुए सामाजिक एकता और संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान अजीत प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, कौशलेंद्र सिंह, शिवम सिंह सहित कई गणमान्य समाजसेवी और करणी सेना के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नवमनोनीत पदाधिकारियों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# श्रीराम वाटिका में एक दिवसीय दिव्यांग कला एवं कौशल प्रदर्शनी का आयोजन 13 जनवरी को

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि जनपद में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित राज्य निधि के अन्तर्गत दिनांक 13 जनवरी 2026 को एक दिवसीय श्रीराम वाटिका चिलबिला में पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिव्यांग बच्चों द्वारा किये गये अविष्कार, उत्पादन एवं अन्य प्रकार की उपलब्धियों से सम्बन्धित पोस्टर चित्रकला विशिष्ट सामग्रियों इत्यादि की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। कार्यक्रम को प्रभावी बनाने तथा सामान्य जनमानस में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के साथ अन्य विभाग की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उन्होने बताया है कि दिनांक 13 जनवरी को आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मंत्री नरेन्द्र कश्यप द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# आलू की फसल में समय से करें झुलसा रोग का नियन्त्रण-जिला उद्यान अधिकारी

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि रबी मौसम में आलू की अगेती फसल किसानों के लिए मुनाफे का सौदा होती है, लेकिन वर्तमान में शीतलहर एवं तापमान के न्यून होने के कारण जरा सी लापरवाही होने के कारण आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। जिन किसानों ने आलू की खेती की है, उन्हें इस समय ठंड बढ़ने के साथ-साथ पाला एवं झुलसा रोग का खतरा सताने लगता है। ऐसे में इस समय पछेती झुलसा रोग का खतरा बढ़ जाता है तथा किसान भाईयों को समय रहते जरूरी बचाव करते हुए फसल का उपचार करने की आवश्यकता है।

## प्रेग्नेंसी के लिए लाइफ लाइन बनी 108 एम्बुलेंस सेवा

समाज जागरण



बिजनौर। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही एम्बुलेंस सेवा गुरुवार को फिर जीवन रक्षक साबित हुई। सरकारी 108 एम्बुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) ने अपनी सूझबूझ से मरीज के जीवन की रक्षा करने में अहम भूमिका अदा की। एम्बुलेंस संचालक संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक राजन कुमार ने बताया कि गुरुवार को शाम तीन बजे जिला सयुक्त चिकित्सालय बिजनौर से गर्भवती महिला तान्या (21वर्ष) पत्नी राहुल ग्रामवासी जगन्नाथपुर ब्लॉक कोतवाली को हाई रिस्क प्रेगनेंसी के साथ ब्लड प्रेशर हाई होने की दिक्कतो के संबंध में रेफर केस की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुँची। उसके उपरान्त ईएमटी ने अपनी तत्परता दिखाते हुए, गर्भवती महिला को एंबुलेंस में शिफ्ट किया और मेरठ मेडिकल कॉलेज की ओर निकले। उसके बाद ईएमटी (जय प्रकाश) ने रास्ते में ही टेलिफोनिक कॉल के माध्यम से, ईआरसीपी टीम (लखनऊ) की मदद से फर्स्ट ऐड देने के साथ- साथ लगातार ब्लड प्रेशर मॉनिटर करते हुऐ रास्ते में ही गर्भवती महिला को राहत की सांस दिलाई। वही पायलट काविन्दर ने अपने कर्तव्य को पूरा निभाते हुए सही समय पर एम्बुलेंस से महिला को मेरठ मेडिकल चिकित्सालय पहुँचाया।गर्भवती महिला को लेकर जब एम्बुलेंस मेरठ मेडिकल पहुंचे तो डॉक्टर ने महिला की जांच करने के बाद, ईएमटी एवं पायलट की समझदारी और कार्यकुशलता की सराहना की।

## खासपुर गांव के जगंल में 10 नलकूपों में हजारो की चोरी

### दस नलकूपों से हजारो का समान चोरी कर ले गये चोर

समाज जागरण चांदीनगर।



खासपुर गांव के जगंल में अज्ञात चोरो ने 10 नलकूपों पर धावा बोल केवल, स्टार्टर व अन्य समान चोरी कर ले गये पीड़ित किसानो ने थाने में तहरीर दी है खासपुर निवासी सजय पुत्र भर्ती ने बताया की देर शाम वह नलकूप का ताला लगा घर चले आये थे, सुबह जब वह नलकूप पर पहुंचे तो नलकूप में चोरी हुई मिली जहा से केवल स्टार्टर, सहित अन्य समान चोरी हुआ मिला उसने अन्य किसानो को बताया तो पता चला की गांव के ही अशोक पुत्र हुकुम, कुडे.पुत्र धर्मवीर, बाली पुत्र जयप्रकाश, भूरू पुत्र विजय, उदयपाल ढिकौली, कल्लु, रफीक, और मंगते ढिकौली के नलकूपों में भी चोरी हुई है। किसानों ने बताया लगभग पचास हजार का नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया की एक चोर गेंग सक्रिय है जो रात में नलकूपों पर स्थान बदल बदल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। पीड़ित किसानो ने थानें में तहरीर देते हुए चोरी की घटना के खुलासे की मांग की है।

## भूषण गुप्ता लायंस क्लब अग्रवाल मंडी 26-27के सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित, किया गया अभिनंदन

समाज जागरण



बागपत। अग्रवाल धर्मशाला अग्रवाल मंडी टटीरी में लायंस क्लब अग्रवाल मंडी की आमसभा में अध्यक्ष संजय गोयल बेस्टो वाले की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारी डॉक्टर रामलाल ने सर्वसम्मति लायन भूषण गुप्ता भगत जी स्वीट्स को 2026-27 का अध्यक्ष घोषित किया। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सब ने कर्तव्य ध्वनि से स्वागत किया एवं क्लब के वरिष्ठ सदस्य एमजेएफ अभिमन्यु गुप्ता, प्रमोद गुप्ता पूर्व अध्यक्ष, दीपक गोयल, डॉक्टर कमला अग्रवाल, संतोष गुप्ता, आशुतोष मित्तल, सचिन सिंघल ने माल्यार्पण कर पटका पहनाकर एवं पगड़ी ओढाकर भूषण गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी गुप्ता का अभिनंदन किया। इस अवसर पर क्लब के अंकित जिंदल, अनिल गांधी, सभासद राजीव गोयल, श्वेता सिंगल, संजय सिंह, मनोज गोयल, कपिल गुप्ता, आशुतोष अग्रवाल, एडवोकेट अंशुल जैन, हंसराज गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, संदीप अग्रवाल, संजय गर्ग, ईश्वर अग्रवाल, राकेश बंसल, नितिन मित्तल, श्यामसुंदर गर्ग, शिवकुमार मित्तल, डॉक्टर सुरेश कौशिक, चिराग गुप्ता, डॉक्टर करणवीर सिंह, पवन ठेकेदार, नरेश अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, प्रदीप नैन सहित उपस्थित अनेक लायन बंधुओ ने गुप्ता दंपति का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अध्यक्ष संजय गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सांसद इकराम हसन ने किया सौर ऊर्जा पैनलों का लोकार्पण

समाज जागरण



शामली।(फुरकान जंग) कैराना सांसद चौधरी इकरा हसन ने आरडी इंटर कॉलेज सिक्का सिलावर में सौर ऊर्जा पैनलों का लोकार्पण किया। मै. कृष्णा कॉन्स्टेलेशन प्रा. लि., मेरठ द्वारा पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल की प्रेरणा से आरडी इंटर कॉलेज सिक्का सिलावर में 10 किलोवाट, जैन कन्या इंटर कॉलेज शामली में 10 किलोवाट तथा हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज शामली में 15 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा पैनल लगाए गए हैं। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए सांसद चौधरी इकरा हसन ने कहा कि सम्पन्न परिवारों के बच्चे प्रायः निजी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करते हैं, जबकि माध्यमिक व सरकारी विद्यालयों में भी शिक्षा की गुणवत्ता कम नहीं है। इन विद्यालयों में मध्यम एवं गरीब परिवारों के बच्चे अधिक संख्या में पढ़ते हैं, इसलिए जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को चाहिए कि वे ऐसे विद्यालयों पर विशेष ध्यान दें और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह, प्रबंधक प्रवीण तरार, प्रबंधक विरेंद्र जैन, प्रधानाचार्य रुचिका ढाका, मनीष कुमार संगल, शान्तनु मित्तल, हरविंद्र सिंह, शैलेंद्र मित्तल उपस्थित रहे।

## कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने पानीपत में अत्याधुनिक गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया; महिलाओं के कौशल विकास और आवासीय सुविधाओं को मिलेगा बढ़ावा

भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री जयन्त चौधरी ने आज राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), पानीपत में एक नए और पूरी तरह से सुसज्जित गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया। यह पहल उच्च गुणवत्ता वाले तकनीकी प्रशिक्षण तक बेहतर पहुंच तथा सुरक्षित और समावेशी आवासीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से युवा महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराती है। डिजाइन किया गया नया गर्ल्स हॉस्टल, 2,758 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बनाया गया है और यह ऋ+2 मंज़िला बिल्डिंग है। इसमें सुरक्षा, पहुँच और सस्टेनेबिलिटी पर ध्यान दिया गया है, जिससे एनएसटीआई (महिला) पानीपत की आवासीय क्षमता काफी बढ़ गई है। हॉस्टल में कुल 59 कमरे हैं, जिसमें एक रिक्रिएशन रूम भी शामिल है। इसमें 50 आधुनिक ट्विन-शेयरिंग रहने की जगह, गेस्ट सुविधाएँ और कॉमन स्पेस हैं जो ट्रेनी को ऐसे माहौल में सीखने और रहने में मदद करते हैं जिससे ट्रेनी की एकेडमिक एक्सीलेंस और पर्सनल ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है। इंफ्रास्ट्रक्चर में एनर्जी-एफि शिएंट सिस्टम और आधुनिक सुविधाएँ शामिल हैं ताकि युवा महिलाओं को एक सुरक्षित और प्रेरणादायक कैंपस लाइफ मिल सके जो उन्हें टेक्निकल फील्ड में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जयन्त चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि जब युवा महिलाएं बिना किसी रुकावट के अपने सपनों को पूरा कर पाती हैं, तो भारत की विकास यात्रा और भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा हमेशा से ही जबरदस्त ऊर्जा, टैलेंट और खेल में बेहतरीन प्रदर्शन की धरती रही है, जहां के युवा लगातार देश का नाम रोशन करते आ रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि नया गर्ल्स हॉस्टल यह सुनिश्चित करेगा कि ज्यादा से ज्यादा युवा महिलाएं आत्मविश्वास के साथ हाई-स्किल करियर के रास्ते पर आगे बढ़ें और विकसित भारत में महत्वपूर्ण योगदान दें। हाल ही में 1 जनवरी को भारत की राष्ट्रपति द्वारा घोषित SOAR (स्किलिंग फॉर AI रेडीनेस) - #SkillTheNatio चैलेंज का ज़िक्र करते हुए, श्री जयन्त चौधरी ने छात्रों और युवाओं से इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने, एआई कोर्स करने और अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को इसमें भाग लेने के लिए नॉमिनेट करने का आग्रह किया।

# सत्य मानव जीवन का श्रृंगार है : विमर्श सागर

समाज जागरण बागपत।




बड़ौत के अजितनाथ सभागार मंडी में मंगल प्रवचन देते हुए आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने कहा कि आत्मा की सफाई होने के उपरांत,आत्मा के दिव्य आसन में सत्य का देवता विराजमान हो जाता है। धर्म अनुभूति को सत्य कहता है, शब्द को नहीं, सत्य को शब्दों की बोतलों में कैद नहीं किया जा सकता है। शब्दों के माध्यम से जो भी कहा जाता है वह पूर्ण सत्य नहीं होता, क्योंकि शब्द जड़ है, मृत है, सीमित है। सत्य चेतन है, जीवन्त है, असीमित है।फिर भी जब तक व्यक्ति बाह्य सत्य से परिचित नहीं होता, तब तक वह अन्दर के सत्य से परिचय नहीं कर पाता। बाह्य सत्य अक्षरात्मक, गणितात्मक, घटनात्मक, भौगो लिक, ऐतिहासिक, जातीय, व्यवहारिक, ज्योतिष्क, सैद्धान्ति और आध्यात्मिक होता है। आध्यात्मिक सत्य अनुभूति आत्मक होता है। शब्द को सुनकर, कृत्य को देखकर, सत्य का निर्णय नहीं होता, जैसे चित्र में चित्रित पानी से कभी कागज गीला नहीं होता ,उसी प्रकार मात्र वार्ता से कभी सत्य का दर्शन नहीं होता। उन्होंने कहा कि सत्य मिश्री की भाँति है। मिश्री कहीं से भी खायी जाये, मीठा ही स्वाद आता है। सत्य का अनुभव कहीं से भी किया जाये, आनन्द की ही अनुभूति होती है। सत्य न कोई वस्तु है, न कोई सिद्धान्त है। सिद्धान्त को पकड़ने वाला सत्य को नहीं पाता, सिद्धान्त अनुसार चलने वाला सत्य को प्राप्त करता है। सत्य चर्चा का नहीं, चर्या का विषय है। रोगी व्यक्ति औषधि की जानकारी या चर्चा से स्वस्थ नहीं होता, औषधि लेने से स्वस्थ होता है। उसी प्रकार सत्य ज्ञान से नहीं, आचरण से उत्पन्न होता है। सत्य को पाने के लिए स्वयं को मिटाना पड़ता है। बीज मिटता है तभी वृक्ष बनता है। व्यक्ति का अहं मिटता है तभी स्वयं को उपलब्ध होता है। सत्य स्वयं के भीतर है, उसे पाने के लिए ध्यान की गहराई में जाना, परिग्रह एवं परिचय से मुक्त होना परम आवश्यक है। संचालन डॉक्टर श्रेयांस जैन ने किया। सभा में महेंद्र जैन, मदन लाल जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, विवेक जैन, दिनेश जैन, अमित जैन, संजय जैन, अंकुर जैन आदि उपस्थित थे।

## गौना गांव के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

### पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

समाज जागरण चांदीनगर।



गौना गांव का एक युवक अपने दोस्तो के साथ हरियाणा कोथली देने गया था सुबह साथी उसे मृत हालत में घर पर छोड़ गए। परिजनों ने पुलिस को बुलाया और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया। गौना निवासी 45 वर्षीय शिवशंकर पुत्र रामकुमार अपने साथी विकास पुत्र हेकड़ व ईश्वर पुत्र नत्थू ,लीलू पुत्र रामचरण के साथ कोथली देने बुधवार शाम को हरियाणा गये थे। परिजनों ने बताया बुधवार शाम विकास ने बडागांव टोल पर उसे बुलाया था। जहा लीलू की बेटी की कोथली लेकर हरियाणा जाना था। जिससे लगभग चार बजे शिव शंकर का भतीजा यश उसे बडागांव टोल छोड़कर आया था। जहा से चारो हरियाणा गये थे। परिजनों ने बताया की गुरूवार सुबह तीन बजे सभी साथी उसे घर छोड़ कर गये और बताया की वह नशे में है। जब उन्होंने देखा तो वह मृत मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हंगामा करते हुए पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस पहुंची तो परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। जिससे पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही पुलिस जांच में जुटी है। उधर थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया की मामला संदिग्ध है शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## लहचौड़ा में समाजसेवी की मौत से शौक की लहर

### गांव में तीन दिन में 6 मौत होने से मातम

समाज जागरण चांदीनगर।

लहचौड़ा गांव में समाजसेवी देवदत्त शर्मा की मौत के बाद गांव में शौक की लहर है। गांव में पिछले तीन दिनों मे 6 मौत हो चुकी है जिससे गांव में गम का माहौल है। लहचौड़ा निवासी व भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव शिवदत्त शर्मा के भाई देवदत्त शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। जिससे गांव में शौक की लहर है। देवदत्त शर्मा पोस्टमेन के पद पर भी तैनात रहे है और एक समाज सेवा से भी जुड़े रहे है। उन्होंने हमेशा सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दिया उनकी मौत के बाद गांव में शौक है। वही लहचौड़ा गांव में तीन दिन में 6 मौते हो चुकी है जिससे गांव में गम का माहौल है।



## बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान की पहल पर बड़ौत में पूर्व सैनिकों की भव्य रैली 14 जनवरी को

समाज जागरण

बड़ौत, बागपत। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जांबाज पूर्व सैनिकों के सम्मान और उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु जनपद बागपत के बड़ौत में एक विशाल 'पूर्व सैनिक रैली' का आयोजन होने जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम आगामी 14 जनवरी 2026 को जनता वैदिक डिग्री कॉलेज, बड़ौत के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। यह गौरवशाली आयोजन बागपत के माननीय सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान के विशेष अनुरोध और प्रयासों के फलस्वरूप किया जा रहा है। रैली का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और प्रशासन व सेना के बीच एक सीधा संवाद स्थापित करना है।

## व्यापारियों को उत्पीड़न से राहत दिलाने की दोहराई मांग

समाज जागरण शामली।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने जीएसटी विभाग की सचल दल प्रणाली को पूर्णतया समाप्त कर प्रदेश के व्यापारियों को उत्पीड़न से राहत दिलाने की मांग एक बार फिर दोहराई है। इस संबंध में उन्होंने लखनऊ में तैनात जीएसटी विभाग के अपर आयुक्त धनंजय शुक्ला से व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि सचल दल के अधिकारी केवल अपना लक्ष्य पूरा करने के उद्देश्य से व्यापारियों व उद्यमियों की गाड़ियों को डिटेन कर रहे हैं और छोटी-छोटी त्रुटियों पर भारी टैक्स व पेनल्टी थोपकर उनका खुलेआम उत्पीड़न किया जा रहा है। इससे न तो व्यापारियों को राहत मिल रही है और न ही विभाग को कोई विशेष लाभ हो रहा है। उन्होंने बताया कि गत सितंबर माह में भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ जाकर एक ज्ञापन के माध्यम से अपर आयुक्त धनंजय शुक्ला से सचल दल प्रणाली समाप्त करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि जीएसटी विभाग शीघ्र ही सचल दल व्यवस्था को समाप्त कर उसकी कार्यप्रणाली में बदलाव करने जा रहा है, जिससे भविष्य में अधिकारियों द्वारा व्यापारियों की गाड़ियों को डिटेन कर छोटी गलतियों पर भारी टैक्स वसूलने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी।

# महिला प्रभु जी को अपना घर आश्रम में कराया भर्ती

समाज जागरण



शामली। रेलवे पुलिस थाना टपरी द्वारा 4 जनवरी को एक महिला प्रभुजी को अपना घर आश्रम शामली में भर्ती कराया गया था। महिला प्रभुजी को हैंड कांस्टेबल नीरज व अमित कुमार द्वारा आश्रम लाया गया, जहां उन्होंने अपना नाम सृष्टि यादव बताया, लेकिन अन्य कोई जानकारी नहीं दे सकीं। आश्रम के शांत वातावरण और सेवा भाव के चलते कुछ ही दिनों में प्रभुजी की मानसिक स्थिति में सुधार होने लगा। इसके बाद उन्होंने अपने घर जाने की इच्छा जताई और अपना पता गांव नारायणपुर, जिला लखीसराय ( बिहार) बताया। आश्रम प्रबंधन द्वारा दिए गए पते के आधार पर इंटरनेट के माध्यम से वहां के ग्राम प्रधान का संपर्क नंबर प्राप्त किया गया। ग्राम प्रधान से संपर्क कर प्रभुजी की जानकारी दी गई और उनसे सहयोग का अनुरोध किया गया। लगभग दो घंटे बाद ग्राम प्रधान ने प्रभुजी के परिजनों से संपर्क करवा दिया। इसके बाद प्रभुजी की बातचीत उनकी माता मंजू देवी से कराई गई। बातचीत के दौरान मां-बेटी के बीच भावुक पल देखने को मिले और दोनों बेहद खुश नजर आईं। प्रभुजी की माता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट बिहार के रामगढ़ थाना में पहले ही दर्ज करा रखी है। गुरूवार को माता मंजू देवी, उनके मौसा धनेश्वर यादव तथा थाना रामगढ़ से पुलिसकर्मी अरविंद कुमार सिंह अपना घर आश्रम शामली पहुंचे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर महिला को अपने साथ ले गए।

## मोबाइल व्यापारी से हथियारों के बल पर मारपीट लूटपाट, मुकदमा दर्ज

समाज जागरण

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के माजरा रोड पर बुधवार देर रात करीब आधा दर्जन युवकों ने मोबाईल व्यापारी से हथियारों के बल पर मारपीट व लूट की घटना को अंजाम दिया। हमले के बाद आरोपी युवक मौके से जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीडित व्यापारी ने अपना मेडिकल कराते हुए थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मोबाईल व्यापारी को पूर्व में भी रंगदारी की चिटठी मिल चुकी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्रहमणान निवासी दीपक बंसल कैराना स्थित अपनी मोबाईल की दुकान से गुरूवार देर रात्रि वापस लौटे थे। बताया जाता है कि देर रात्रि वह अपने साथी जतिन के साथ शहर के माजरा रोड पर खाना खाने के लिए गए थे। आरोप है कि इसी दौरान बुलट बाइक पर सवार दो युवकों ने गाली-गलौज की। बाद में दीपक व जतिन दुकान के अंदर जाकर खाना खाने लगे, लेकिन करीब दस मिनट बाद आठ से दस युवक तमंचे, पिस्टल व लाठी-डंडों से लैस होकर वहां पहुंचे और जान से मारने की नीयत से दोनों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों को बुरी तरह पीटकर लहूलुहान कर दिया और दीपक बंसल की जेब से 70 हजार रुपये नकद तथा 22 ग्राम वजन की सोने की चेन लूट ली। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उन्हें अधमरा छोड़कर फरार हो गए और जाते-जाते गोली मारने की धमकी देकर फरार हुए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मोबाईल व्यापारी दीपक बंसल को पूर्व में भी रंगदारी की चिटठी मिल चुकी है। जिसमें एक बदमाश गिरफ्तार भी किया गया था।

## क्षमता विकास आयोग द्वारा क्षमता निर्माण के लिए एआई कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र ने कहा, 'शासन से भूमिका की ओर' मिशन कर्मयोगी शासन को पुनर्परिभाषित कर रहा है

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सिविल सेवकों की एआई-आधारित क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कर्मयोगी क्लासरूम का शुभारंभ किया डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मिशन कर्मयोगी और आईजीओटी प्लेटफॉर्म प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन को नियम-आधारित से भूमिका-आधारित कार्यप्रणाली में बदलने के विजन पर आधारित हैं भविष्य के शासन के लिए ऐसे अधिकारियों की आवश्यकता है जो अनुकूलन कर सकें, सीख सकें और परिणाम दे सकें, इसलिए एआई को एक सहायक के रूप में कार्य करना चाहिए मंत्री महोदय ने कहा कि एआई और मानवीय बुद्धिमत्ता को संयोजित करने वाला एक हाइब्रिड मॉडल भविष्य के लिए तैयार, उत्तरदायी और प्रभावी लोक प्रशासन के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण होगा कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार में क्षमता निर्माण एक सतत और भूमिका-उन्मुख प्रक्रिया होनी चाहिए। आज लागू की जा रही क्षमता निर्माण की संस्थागत संरचना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर आधारित है, जिन्होंने गतिशील रूप से बदलती जिम्मेदारियों के लिए सरकारी अधिकारियों को तैयार करने हेतु एक संरचित तंत्र की आवश्यकता को पहचाना था। ये बातें उन्होंने "क्षमता निर्माण के लिए एआई: शासन का परिवर्तन" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में की। इस कार्यक्रम का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) और कर्मयोगी भारत ने इंडिया एआई मिशन के साथ साझेदारी में किया था। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि शासन व्यवस्था अब केवल सीमित दायरे और नियमों से बंधी प्रक्रियाओं तक ही सीमित नहीं रह सकती। आईजीओटी कर्मयोगी मंच "नियमों से भूमिकाओं" की ओर एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है, जो अधिकारियों को अपने कार्यों को अधिक स्पष्टता, जवाबदेही और परिणाम-उन्मुखता के साथ निभाने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक प्रणालियां अधिकारियों को सेवा के लिए अर्हता प्राप्त करने में तो मदद करती हैं, लेकिन उन्हें उन वास्तविक जिम्मेदारियों के लिए तैयार नहीं करतीं जो वे अपने करियर के दौरान अक्सर कई क्षेत्रों में निभाते हैं। मंत्री महोदय ने कहा कि मिशन कर्मयोगी की शुरूआत सिविल सेवकों से हुई और धीरे-धीरे इसका विस्तार मंत्रालयों, विभागों और विभिन्न स्तरों के अधिकारियों तक हो गया है। इस पहल को मिशन कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से नव-नियुक्त अधिकारियों तक भी बढ़ाया गया है, जो रोजगार मेलों के दौरान जारी किए जाने वाले नियुक्ति पत्रों के साथ दिया जाता है। इससे अधिकारियों को अपनी सेवा की शुरूआत से ही वास्तविक प्रशासनिक चुनौतियों के लिए तैयार होने का अवसर मिलता है। क्षमता निर्माण प्रणाली में एआई के एकीकरण का जिक्र करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि क्षमता विकास आयोग की अध्यक्ष श्रीमती राधा चौहान के नेतृत्व में, आईजीओटी प्लेटफॉर्म ने एआई सारथी, एआई ट्यूटर और एआई आधारित क्षमता निर्माण योजनाओं जैसे एआई-संचालित उपकरणों को अपनाया है। उन्होंने कहा कि ये उपकरण मंत्रालयों और विभागों में व्यक्तिगत शिक्षण मार्ग, त्वरित योजना और बेहतर कार्यान्वयन को सक्षम बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शासन परिणामों को मजबूत करने के लिए एआई को मानव बुद्धि के साथ मिलकर एक हाइब्रिड दृष्टिकोण अपनाते हुए एक सहायक के रूप में कार्य करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की सचिव श्रीमती रचना शाह, क्षमता विकास आयोग की अध्यक्ष श्रीमती राधा चौहान और कर्मयोगी भारत के अध्यक्ष श्री सुब्रमण्यम रामदोराई सहित कई वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इनके अलावा केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षा क्षेत्र, उद्योग, प्रशिक्षण संस्थानों और विभिन्न मंत्रालयों की क्षमता निर्माण इकाइयों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कर्मयोगी भारत की सीईओ श्रीमती छवि भारद्वाज ने कार्यशाला के संदर्भ को प्रस्तुत करते हुए कहा कि आईजीओटी सार्वजनिक क्षेत्र की क्षमता निर्माण के लिए मूलभूत डिजिटल अवसंरचना के रूप में उभरा है, जिसमें 1.5 करोड़ से अधिक शिक्षार्थी और 6.7 करोड़ से अधिक पाठ्यक्रम पूर्ण हो चुके हैं। विभाग की सचिव श्रीमती रचना शाह ने इस बात पर बल दिया कि एआई क्षमता निर्माण में प्रासंगिकता, समयबद्धता और वैयक्तिकरण में सुधार करके पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित शासन को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत कर सकता है। उन्होंने नैतिक सुरक्षा उपायों और समावेशी पहुंच के महत्व को भी रेखांकित किया। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण "कर्मयोगी क्लासरूम" का शुभारंभ था, जो आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर एक नई एआई-सक्षम सुविधा है। इसे सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रासंगिक, संवादात्मक और व्यक्तिगत शिक्षण को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम में अग्रणी एआई इकोसिस्टम भागीदारों द्वारा लाइव प्रदर्शन और विचार-विमर्श सत्र भी शामिल थे, जिनमें एआई ट्यूटर, एआई-संचालित क्षमता विकास योजनाएं, दक्षता मैपिंग उपकरण और सार्वजनिक प्रशासन के लिए तैयार किए गए स्वदेशी एआई समाधानों का प्रदर्शन किया गया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन के समापन में कहा कि प्रशासनिक चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाओं और तकनीकी उपकरणों के निरंतर विकास को देखते हुए शासन में सीखना एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई को एक शक्तिशाली साधन के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि स्वयं में एक लक्ष्य के रूप में, और इसे हमेशा मानवीय विवेक और जिम्मेदारी द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई और मानवीय बुद्धिमत्ता को संयोजित करने वाला एक हाइब्रिड मॉडल भविष्य के लिए तैयार, उत्तरदायी और प्रभावी लोक प्रशासन के निर्माण के लिए

# रेलगाड़ी के नीचे आने से नौजवान कि जीवन लीला समाप्त

**समाज जागरण**

कालांवाली, 08 जनवरी (सुरेश जोरासिया): बीती रात्रि को कालांवाली में रेलगाड़ी के अचानक आने से एक नौजवान की मृत्यु हो गई' रेलगाड़ी की भिंडत इतनी भयकर थी कि नौजवान कि घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई' सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस घटना स्थल पर मौके पहुंची और शव को सिरसा के सिविल अस्पताल में पहुंचा दिया है। जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी है, आज वीरवार दोपहर को शव का पोस्टमॉर्टम होगा। जीआरपी के अनुसार, मृतक युवक की पहचान गांव कालांवाली के बिरेंद्र सिंह (25) वार्ड नंबर सात के रूप में हुई है। वह अविवाहित थ युवक के पिता बख्शीश की भी काफी समय पहले मौत हो गई थी। परिवार में अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहता था अब उसकी मां अकेली रह गई है, जिसका इकलौता बेटा ही सहारा था, जो अब छीन गया। जीआरपी से एसआई भूप सिंह ने बताया कि बीरेंद्र सिंह कुछ समय से मानसिक परेशान रहने लगा था। रात करीब 10 बजे वह कालांवाली रेलवे ट्रैक की ओर आया। बठिंडा-जयपुर जाने वाली ट्रेन के नीचे आने से उसकी मौत हो गई। युवक के परिजनों को बुलाया गया है और बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनवाड़ी केंद्र पर अन्नप्राशन कार्यक्रम के तहत हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## महिलाओं को 6 माह के बाद बच्चे को मां के दूध के साथ-साथ घर का ताजा, सुपाच्य एवं पोषक आहार देना आवश्यक है : सुपरवाइजर रेनू नागर

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 8 जनवरी। महिला एवं बाल विकास विभाग सर्कल के आंगनवाड़ी केंद्र पर अन्नप्राशन कार्यक्रम के तहत हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के सर्वांगीण शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उचित पोषण की जानकारी दी गई और कुपोषण मुक्त समाज निर्माण को लेकर जागरूक किया गया। जिसमें बताया गया कि कुपोषण को मिटाने के लिए उचित पोषण बेहद जरूरी है। विभाग की सुपरवाइजर रेनू नागर ने कार्यक्रम में पधारी बच्चो की मां को बच्चे के 6 माह के बाद ऊपरी आहार की विशेषता बताते हुए अन्नप्राशन के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। ताकि बच्चे के स्वस्थ शरीर का निर्माण हो सके। सरकार द्वारा इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर उचित पोषण के लिए जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं को बताया गया कि 6 माह के बाद बच्चे को मां के दूध के साथ-साथ घर का ताजा, सुपाच्य एवं पोषक आहार जैसे दलिया, खिचड़ी, दाल का पानी, मसली हुई सब्जियां एवं फल देना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान पोषण अभियान के अंतर्गत संतुलित आहार, स्वच्छता, समय पर भोजन और बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता लांबा, सुनीता, पुष्पा, अनीता, भीमा, बंटू, निर्मला,पंच राजबीर तथा महेंद्र आदि मौजूद रहे।

# अनूज शर्मा बहल बने पीडब्ल्यूडी कर्मचारी यूनियन के प्रधान, सुनील को किया गया सचिव पद पर चयनित

- चुनाव में अनुज शर्मा को 65, सचिव सुनील कुमार को 61 मत प्राप्त हुए।
- हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ शाखा बहल के त्रैवार्षिक चुनाव हुए संपन्न

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल शाखा पीडब्ल्यूडी कर्मचारी यूनियन के नव चयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते चुनाव पर्यवेक्षक दल।

बहल, 8 जनवरी। अनूज शर्मा बहल पीडब्ल्यूडी कर्मचारी यूनियन के प्रधान व सुनील सचिव पद पर चयनित हुए। कर्मचारियों ने बधाई व यूनियन नेताओं ने दिलाई शपथ और कहा जनहित व कर्मचारियों की आवाज बुलंद करना का दायित्व निष्ठा से निभाएं।

शुक्रवार को हरियाणा गवर्नमेंट लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मैकेनिकल वर्कर यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ शाखा बहल के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। ब्रांच से पहुंचे कर्मचारियों ने यूनियन पदाधिकारी चुनाव में उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें अनूज शर्मा बहल को हुए चुनाव में विजयश्री प्राप्त हुई। प्रधान पद के लिए सरजीत लीलस, सोमवीर हरपालु व अनुज शर्मा के नामांकन दाखिल किए गए थे। सरजीत लीलस ने अपने नाम का प्रस्ताव वापिस ले लिया और इस तरह अनुज शर्मा को 65, सचिव सुनील कुमार को 61 मत प्राप्त हुए। जबकि कैशियर रमन कुमार सर्वसहमति से चुने गए। चयनित कर्मचारी नेताओं को शुभकामनाएं व बधाइयां दी गई। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर राज्य के प्रेस सचिव अली मोहमद और चांद राम मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उनके साथ राज्य उप प्रधान बलवान सिंह कालिरामणा, जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार टोनी, राज्य उप महासचिव दलवीर श्योराण, जिला उप प्रधान सुरेश कुमार, सिवानी प्रधान रमेश जांगड़ा, कैरू प्रधान रतीभान सांगवान और पूर्व ब्रांच सिवानी प्रधान बलवंत सिंह पूर्व ब्रांच सिवानी सचिव भगवान सिंह उपस्थित रहे। चयनित पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त व मजबूत बनाने व कर्मचारियों के हितों की आवाज बुलंद करने और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया और कर्मचारियों से जनहित में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर अशोक कुमार, पवन, महताब, कृष्ण, सतीश, रवींद्र, कमल प्रधान, महेश, निरंजन, राजेश, विकाश, बलवंत, अनिल, रजनीश, विक्रम, अंकित, कर्मवीर आदि सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम के तहत गांव पातवान की आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकताओं ने किया शानदार कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 8 जनवरी। हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम के तहत गांव पातवान की आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकताओं ने शानदार कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम गर्भवती, स्तन पान कराने वाली महिलाओं व किशोरियों का शारीरिक विकास समाज व देश से कुपोषण को दूर करने व स्वस्थ स्वास्थ्य की नींव



साबित होगा। केंद्र की संचालिका मुन्नी देवी व शकुंतला, सुनीता, सीमा व मुनेश तथा एमपीएचडब्ल्यू अनिल वजीर ने गर्भवती महिलाओं, स्तन पान करवाने वाली माताओं व किशोरियों को पौष्टिक आहार व स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। विशेषज्ञों ने फल व सब्जियों के गुण दोष व स्वास्थ्य पर प्रभाव को प्रभावों के बारे में जानकारी दी। स्वस्थ रहने के लिए हरी सब्जियों और फलों के का अधिका अधिक सेवन करने पर जोर दिया गया तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की भी विस्तृत जानकारी दी गई। मुन्नी देवी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक अच्छी पहल की गई है जिसमें कुपोषण से बचाव और स्वस्थ स्वास्थ्य के लिए आम जरूरतमंद तक जानकारी पहुंचाने का जरिया बनाया है। उन्होंने यह भी बताया कि एक गर्भवती महिला को अधिक पोषक आहार में एक किशोरी को शारीरिक विकास में जरूरी पोषकों की जानकारी आवश्यक होती है। इस अवसर पर पूजा, ज्योति, मोनिका, प्रिया, किरण, कविता,अनु तथा निर्मला ने कार्यक्रम में भाग लिया और विभाग के कार्यक्रम की सराहना की।

# हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड ने विशेष प्रोत्साहन पैकेज स्वीकृत किए

## औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन

**समाज जागरण**



चंडीगढ़, 08 जनवरी 2026। मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की 18वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न इकाइयों को विशेष प्रोत्साहन पैकेज की स्वीकृति दी गई। बैठक में अहछ एग्री बिजनेस को 73.15 करोड़, हमदर्द फूड्स को 35.47 करोड़ तथा ऊनो मिंडा को 1930 करोड़ के निवेश पर लगभग 749 करोड़ के विशेष प्रोत्साहन पैकेज की मंजूरी प्रदान की गई।

हरियाणा सरकार का उद्देश्य उद्योगों के लिए निवेश आकर्षक बनाना और रोजगार सृजन को तेज करना है। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के प्रोत्साहन पैकेज से राज्य की औद्योगिक विकास दर और निवेशकों का विश्वास दोनों बढ़ेंगे।

# मौसम अलर्ट: 8–10 जनवरी, 2026 तक कई राज्यों में घना कोहरा, शीतलहर और तूफानी मौसम की चेतावनी

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर/नई दिल्ली, 08 जनवरी 2026। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 08 जनवरी 2026 को जारी मौसम पूवार्नुमान और चेतावनी में बताया कि दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तथा पूर्वी भूमध्यरेखीय हिन्द महासागर में बने गिरे दबाव के प्रभाव से कई राज्यों में अगले कुछ दिनों तक मौसम विशेष सावधानी का संकेत दे रहा है।




**मुख्य चेतावनियां:**
घना कोहरा: 09 जनवरी तक पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, हरियाणा, उप-हिमालयी उत्तराखंड और हिमालय के अन्य हिस्सों में सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना।

**शीत दिवस और ठंडा मौसम:**
08-10 जनवरी को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में शीत दिवस की संभावना।
08-15 जनवरी के दौरान पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और उप-हिमालयी क्षेत्रों में शीत लहर।
हिमालयी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर भारत में 11-13 जनवरी तक शीत लहर और पाला पड़ने की संभावना।

**तापमान:**
मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी कम रह सकता है। सीकर (पूर्वी राजस्थान) में सबसे कम तापमान 2.5त्ड दर्ज किया गया।
अगले 4-5 दिनों में मध्य भारत और महाराष्ट्र में न्यूनतम तापमान में 2-3त्ड धीरे-धीरे बढ़ोतरी।

**सागर और तूफानी मौसम:**
8-10 जनवरी के दौरान दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, श्रीलंका तट, मन्नार की खाड़ी, कोमोरिन और तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों के आसपास समुद्र की स्थिति खराब से बहुत खराब रहने की संभावना।
मछुआरों के लिए सलाह: 8-10 जनवरी के दौरान इन क्षेत्रों में समुद्र में न जाएं।

**बारिश और गरज-चमक:**
9-10 जनवरी को तमिलनाडु में कई जगह भारी से बहुत भारी बारिश और गरज-चमक।
10 जनवरी को केरल में अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश।

**अन्य जानकारी:**
पिछले 24 घंटों में उत्तर भारत के कई हिस्सों में घना कोहरा और ठंडा मौसम बना रहा।
उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ग्राउंड फ्रॉस्ट भी दर्ज किया गया।
मौसम विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि कोहरे और शीतलहर के दौरान सड़क और यातायात नियमों का पालन करें, ठंड और तूफानी मौसम से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें।

# हरियाणा में 12 जनवरी से 12 फरवरी तक राज्यव्यापी सूर्य नमस्कार अभियान

## योग को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विभिन्न विभागों और संस्थाओं की व्यापक भागीदारी

**समाज जागरण चंडीगढ़, 08 जनवरी 2026।**

हरियाणा सरकार आगामी 12 जनवरी से 12 फरवरी 2026 तक राज्यव्यापी सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन कर रही है। यह महाअभियान स्वामी विवेकानंद जयंती से शुरू होकर महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक चलेगा।

आयुष विभाग के नेतृत्व में अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पुलिस, सेना तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसका उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुँचाना और लोगों में नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

अभियान में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए आधिकारिक वेबसाइट http://suryanamaskarharyana.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। इसके माध्यम से प्रत्येक प्रतिभागी को अभियान की गतिविधियों, स्थानों और समय की जानकारी प्राप्त होगी।

सरकार ने कहा है कि इस पहल के जरिए सूर्य नमस्कार की विधियों को व्यापक पैमाने पर फैलाया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों, युवाओं और बुजुर्गों तक योग के लाभ पहुँच सकें। इसके अलावा यह अभियान सामाजिक और सामूहिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों में अनुशासन और नियमित अभ्यास की भावना भी विकसित करेगा।

अभियान के दौरान विभिन्न जिलों में योग कार्यशालाओं, प्रदर्शनियों और सामूहिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार और समाज के साथ सक्रिय रूप से इस अभियान में भाग लें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों।

हरियाणा सरकार का मानना है कि इस तरह के अभियान न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करेंगे, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक सामाजिक जीवन शैली को भी बढ़ावा देंगे।

# अपनी कॉलोनी में ही डॉक्टर, जांच और दवाइयां मुफ्त

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने स्वास्थ्य सेवाओं को बनाया आसान और भरोसेमंद

**समाज जागरण**



नई दिल्ली, 08 जनवरी 2026। अब दिल्लीवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज जाने की जरूरत नहीं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर की पहल के तहत कॉलोनी स्तर पर ही डॉक्टर परामर्श, स्वास्थ्य जांच, दवाइयां और टीकाकरण की सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इस सेवा का उद्देश्य है कि नागरिक सुविधाजनक, भरोसेमंद और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। स्थानीय लोगों ने बताया कि अब उन्हें डॉक्टर से मिलने और दवा लेने के लिए लंबी लाइनों और अस्पतालों की दूरी तय करने की जरूरत नहीं पड़ती।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने स्वास्थ्य जांच के साथ ही नियमित टीकाकरण और रोगों की प्रारंभिक पहचान को भी सुनिश्चित किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की कॉलोनी-आधारित स्वास्थ्य सेवाओं से स्वास्थ्य समस्याओं का समय पर निदान और इलाज संभव होता है।

दिल्लीवासियों से अपील की गई है कि वे इस सेवा का लाभ उठाएं और अपनी कॉलोनी में उपलब्ध मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं का सही उपयोग करें।

# जापान के मिजुहो बैंक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## हरियाणा में निवेश और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**समाज जागरण चंडीगढ़, 08 जनवरी 2026।**

मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी से आज जापान के मिजुहो बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं इंडिया हेड श्री रयो मुराओ के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात



की। बैठक में हरियाणा में आर्थिक सहयोग को मजबूत करने तथा रणनीतिक निवेश के नए अवसरों की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, "हरियाणा पारदर्शी शासन, आधुनिक अवसंरचना और कुशल मानव संसाधन के साथ एक स्थिर एवं निवेशक-अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।"

# जाफराबाद हत्याकांड के वांछित अपराधी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## दो भाइयों की हत्या में शामिल अपराधियों के पास से हथियार और स्कूटी बरामद

**समाज जागरण**
**नई दिल्ली, 08 जनवरी 2026।**




दिल्ली पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम ने दिनांक 16 दिसंबर 2025 को जाफराबाद के चौहान बांगर इलाके में हुए दो भाइयों की हत्या के मामले में वांछित अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया।

इंस्पेक्टर सुनील कुंडू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गाजीपुर के पेपर मार्केट इलाके में अपराधियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। पुलिस द्वारा रोके जाने पर अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर जवाबी कार्रवाई में दोनों अपराधी घायल होकर पकड़े गए।

पुलिस ने बताया कि अपराधियों के पास से तीन पिस्तौल, 11 जिंदा कारतूस और अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद हुई। गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ हत्या और अन्य आपराधिक धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

इस सफलता को कानून व्यवस्था और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पश्चिमी जिले की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ रंगदारी वसूलने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**नई दिल्ली, 08 जनवरी 2026।**




पश्चिमी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार दिखाकर लोगों को डरा-धमका कर रंगदारी वसूलने की कोशिश कर रहा था।

सूचना के आधार पर टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुए।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वसूली और अवैध हथियार रखने के मामलों में कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी को सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के नकली कपड़ों का किया पदार्फाश

## टोडापुर गोदाम से नकली कमीजों का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण नई दिल्ली, 08 जनवरी 2026।**

दिल्ली पुलिस, पश्चिमी जिले की टीम ने टोडापुर स्थित एक गोदाम पर छापा मारकर अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के फर्जी लेबल वाले कपड़ों का भंडाफोड़ किया।




सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1,919 नकली कमीजें बरामद हुईं, जिनमें बड़े-बड़े ब्रांडों के लेबल लगे हुए थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी नकली कपड़े बनाकर उन्हें बाजार में बेचने की योजना बना रहा था। इस मामले में अब पूरी जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

इस कार्रवाई को ब्रांड सुरक्षा और उपभोक्ताओं के हित की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# रघुवीर नगर पुलिस ने गश्त के दौरान पकड़ा संदिग्ध, बरामद हुई चोरी की स्कूटी और चाकू

**समाज जागरण**




नई दिल्ली, 08 जनवरी 2026। पश्चिमी जिले की रघुवीर नगर, ख्याला थाना पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरी की स्कूटी और बटन-चालित चाकू बरामद किए गए।

थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है और आरोपी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि इस तरह की नियमित गश्तों और सतर्कता से चोरी और सड़क अपराधों पर कड़ी कार्रवाई संभव हो रही है।

# हरियाणा में फॉरेंसिक जांच में ऐतिहासिक तेजी

**समाज जागरण**
**चंडीगढ़, 08 जनवरी 2026।**




हरियाणा में अपराधियों के लिए अब मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। राज्य सरकार की पहल से फॉरेंसिक जांच में ऐतिहासिक तेजी आई है। राज्य में 17 नई मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट्स और 10 जिला फॉरेंसिक लैब्स की शुरूआत से अपराध स्थल पर तुरंत वैज्ञानिक सहायता संभव हुई।

4 आधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन का कस्टमाइजेशन 6.71 करोड़ रुपए में पूरा हुआ, जिससे जटिल केस भी मौके पर ही जांच योग्य हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में 15.83 करोड़ रुपए के हाई-टेक उपकरण स्थापित किए गए और ट्रैकिया पोर्टल के माध्यम से रिपोर्टिंग पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी हुई।

वित्त वर्ष 2026-27 का लक्ष्य–सभी फॉरेंसिक रिपोर्ट 30 दिनों में तैयार।

नए डीएनए डिवीजन में 64 पद सृजित किए गए और 86.38 करोड़ रुपए के आधुनिक उपकरण खरीदे गए।

विशेषज्ञों का कहना है कि इन पहलों से हरियाणा देश का सबसे मजबूत फॉरेंसिक नेटवर्क बनने की दिशा में अग्रसर है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अब और तेज होगी।

# खाना बनाते समय महिला झुलसी

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के तिलकापुर अपने मायके में आयी 28 वर्षीय युवती खाना बनाते समय गंभीर रूप से झुलस गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद थाना कमासिन गांव बीरा निवासी धीरज कुमार की पत्नी लक्ष्मी देवी अपने मायके तिलकापुर आयी थी। बताते है कि गुरूवार की सुबह खाना बनाते समय अचानक उसके कपडो में आग लग गयी। जिससे वह बुरी तरह झुल गयी। परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाबत जानकारी सदर अस्पताल में मां रानी देवी ने दी।

# पेड़ से गिरकर युवती घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम संवत में गुरूवार की सुबह लकड़ी तोडते समय पेड से गिर कर 19 वर्षीय युवती घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार संवत गांव निवासी सुरेश की पुत्री सुमन देवी गुरूवार की सुबह पेड़ में चढकर लकडी तोड रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिर कर घायल हो गयी। उधर परिजन ने उसे अपने निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# अलाव तपाते समय महिला झुलसी

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सनगांव में गुरूवार की सुबह अलाव तापते समय 35 वर्षीय महिला झुलस गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम संनगांव निवासी राजू की पत्नी शशिकला गुरूवार की सुबह अलाव ताप रही थी। तभी अचानक उसके कपडो में आग लग गयी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने झुलसी महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## पुलिस ने तीन शातिर चोर पकड़े, दो दर्जन बैटरी बरामद

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। थाना नारखी पुलिस सर्विलांस एसओजी पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही कर बैटरी चोरी करने वाले 03 शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। थानाध्यक्ष




राकेश कुमार थाना नारखी जनपद ने चैकिंग के दौरान तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उनके बारे में पता चला था। पुलिस ने उनको जौंधरी रोड पर रुधऊ की पुलिया थाना नारखी क्षेत्र से पकड़ा है। पलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के नाम कृष्ण कुमार पुत्र हरिमोहन निवासी नगला बेरी थाना पचोखरा, अवनीत पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम पलिया दोयम थाना जसराना तथा बृजेश पुत्र पदम सिंह निवासी तुलसीनगर गोबर चौकी थाना ताजगंज जिला आगरा के बताए है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से पुलिस ने 24 बैटरी, मारुती सुजकी ऑल्टो सफेद रंग की बरामद की है। चोरी के मामले में थाने पर धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने पकड़े अभियुक्तों को जेल भेजा है।

# बांदा की अतर्रा टीम को हरा क्वार्टर फाइनल में पहुंची बाराबंकी

### सपा नेता नरेश कोरी ने 2027 में सरकार बनने पर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनवाने की घोषणा की

### यश तिवारी और अरबाज के छक्के देख दंग रह गए दर्शक

**समाज जागरण**

फतेहपुर किशनपुर कस्बा के नागा बाबा ग्राउंड में चल रहे केपीएल के सातवें संस्करण में गुरुवार दो मुकाबले खेले गए जहां पहले मुकाबले में बाराबंकी की टीम ने सुपर इलेवन गौती को हराया और दूसरे मुकाबले में बांदा के अतर्रा टीम को हराकर सीधा क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई पहले मुकाबले को सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव नरेश कोरी ने टास करवा कर शुरू कराया जहां सुपर इलेवन गौती ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया बल्लेबाजी करने उतरी बाराबंकी की टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 वर्ष में 158 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जहां बाराबंकी की तरफ से यश तिवारी ने 21 गेंद में 81न बनाएं और आलोक ने 16 गेंद में 51 रन बनाए दोनों बल्लेबाजों ने मैदान में चौके छक्को की झड़ी लगा दी जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सुपर इलेवन गौती महज 61 रन पर ऑल आउट हो गई जिस मैच में यश तिवारी को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया फिर दूसरे मैच बांदा की अतर्रा और बाराबंकी के बीच खेला गया जहां अतर्रा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 101 रन का स्कोर खड़ा किया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बाराबंकी की टीम से सोनू और अरबाज ने धुआंधार बल्लेबाजी की जहां 4 ओवर में 55 के स्कोर पर सोनू आउट हो गए जिसके बाद अरबाज ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 11 गेंद में 42 रन ठोंके जिसकी बदौलत बाराबंकी की टीम ने अतर्रा टीम को 7 विकेट से हराकर सीधा क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जिस मैच में अरबाज को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मुख्य अतिथि सपा नेता नरेश कोरी ने प्रदान किया और खिलाड़ियों के साथ कमेटी का सहयोग करते हुए हौसला आफजाई किया तथा आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में अगर खागा विधानसभा से विधायक बना तो सरकार बनते ही खागा विधानसभा क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की इस मौके पर कुलदीप यादव अभय पांडेय अजय यादव अरविंद मिश्रा जय बहादुर तेज बहादुर ओमकार मयंक आदि मौजूद रहे

# एमपी की प्राची को मिला वूमेन ऑफ द मैच पुरस्कार

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजावाद! जिला सॉफ्ट बाल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सतीश प्रकाश मित्तल कैलाश चंद्र अग्रवाल सुखरानी भटनागर मालती देवी गुप्ता की स्मृति मैं आल इंडिया सॉफ्ट वाल क्रिकेट चैंपियनशिप महिला व पुरुष की एसआरके कॉलेज के मैदान पर खेली जा रही है! जिसमें आज महिलाओं का मैच उत्तर व मध्य प्रदेश के बीच खेला गया जिसमें मध्य प्रदेश की कप्तान भूमिका ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले खेलते हुए ४ विकेट खोकर ७८ रन बनाए जिसमें इशिका ने २४ रन प्राची ने १७ व सलोनी ने १२ रनों का योगदान दीया उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों ने



चंद्रकला और पूजा ने १ १ विकेट लिया यू पी ने बाद में खेलते हुए ५ विकेट खोकर ५१ रन ही बना सकी आज का वुमन ऑफ द मैच पुरस्कार मुख्य अतिथि उमेश शर्मा और महेश चन्द गुप्ता के द्वारा एम पी की प्राची को दिया गया! सचिव अनिल लहरी ने बताया की कल ९ जनवरी को दोनों वर्गों के फाइनल मैच खेले जाएँगे और उसके बाद पुरुस्कार वितरण एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा किया जाएगा!

# गरीब और जरूरतमंद लोगों को रोहनिया विधायक ने बाटे कम्बल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**
**रामेश्वर वाराणसी।।**

बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए लोगो को ठंड से बचाने के लिए सरकार द्वारा लगातार कम्बल वितरण किया जा रहा है जिसके क्रम में गुरुवार को रोहनिया विधान सभा के मनियारीपुर पंचायत भवन पर कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने कंबल वितरण करते हुए कहा हम हमेशा समाज सेवा के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कंबल से वंचित रह गए लोगों को भी चिन्हित कर उन्हें जल्द ही कंबल उपलब्ध कराए



जाएंगे। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी गरीब या असहाय व्यक्ति को ठंड से कोई हानि न हो, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ उमेश पटेल,मानस कुमार सिंह,राजेश्वर सिंह,विनोद पटेल, श्याम बलि पटेल ,गोविंद पटेल सहित अन्य ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ ने नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त को गर्म बर्दी दिलाये जाने को मांग पत्र सौपा

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ एवं स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ ने संयुक्त रूप से प्रतिनिधिमण्डल वरिष्ठ संरक्षक राम खिलाड़ी वाल्मीकि, संघर्षशील नेता अशोक मोती वाल्मीकि जु झारू कर्मठ नेता जालिम सिंह वाल्मीकि ने छकौडी लाल के सानि ध्य में नगर आयुक्त एवं सहा यक नगर आयुक्त से मिलकर मांग पत्र सौपा सौपे गये मांग पत्र में कहा है कि नगर निगम में कार्यरत समस्त स्थायी संविदा एवं आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को भीषण शीत ऋतु को दृष्टिगत एवं कर्मचारियों के हितों को रखते हुए गरम वर्दी के संबंध में एक मांग पत्र पहले भी दिया गया था।

प्रतिनिधिमण्डल द्वारा लखनऊ से प्रदत्त संविदा एवं आउटसोर्स कर्म चारियों का वर्दी से संबंधित शासना देश का अधिकारियों को अवलोकन कराया मांग पत्र देते हुए उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री युवा तुर्क क्रांतिकारी नेता योगेश सरन एवं उत्तर प्रदेशीय ठेका



सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष होनहार शिक्षाविद आचार्य कृष्ण मुरारी ने कहा कि इस कलिकाल में सपूर्ण प्रदेश ही नहीं अपितु इस राष्ट्र को स्वच्छता प्रदान करने में सफाई कर्मचारियों का अतुलनीय योगदान है ,जिसे कभी विस्मृति नहीं किया जा सकता है। वर्तमान समय में आउट सोर्सिंग ठेका सफाई कर्मचारी जो नगर निगम परिवार का सशक्त एवं अभिन्न अंग है। इन श्रमिकों को अत्यंत ही ज्वलंत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम प्रशासन से विगत समय से संगठन मांग करता आया है, कि स्थायी सफाई कर्मचारियों के साथ साथ समस्त संविदा एवं ठेका सफाई कर्मचारियों को भी उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशानुसार गणतंत्र दिवस से पूर्व गर्म वर्दी प्रदान की जाए नगर निगम प्रशासन द्वारा शासनादेश पर गहनता से विचार कर आश्वासित किया कि शीघ्र ही समस्त स्थायी संविदा एवं आउट सोर्सिंग ठेका सफाई कर्मचारियों को वर्दी प्रदान की जाएगी। प्रतिनिधिमण्डल में बबलू गौतम कल्लू भारती रामदत्त सोनू चौहान पवन दीप चौहान मुन्नालाल टारजन राजुल सिंह आदि साथी उपस्थित थे।

# राजकीय महाविद्यालय उम्मरगढ़, टूंडला में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता रैली आयोजित

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद ! राजकीय महाविद्यालय उम्मरगढ़ नारखी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत 1 जन वरी 2026 से 31 जनवरी 20 26 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। इसी क्रम में महाविद्यालय द्वारा क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, जागरूकता रैली सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत महा विद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा एक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान स्वयं सेवकों ने सड़क सुरक्षा अपनाओ, जीवन बचाओ, हेलमेट पहनना जरूरी है, कोहरे में रेडियन का प्रयोग करें, सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, धीमी गति, लंबी जिंदगी, दुर्घटना से देर भली तथा यातायात संकेतों का पालन करें जैसे नारों के माध्यम से



लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा सिंह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से देश और समाज को भारी क्षति होती है, जिसे जागरूकता के माध्यम से काफी हद तक रोका जा सकता है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। दिनांक 08 जनवरी 2026 को रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. विभा, डॉ. प्रेम सागर एवं डॉ. आशुतोष कुमार ने भी सड़क सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नियमों के पालन पर जोर दिया।

कार्यक्रम में शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे और सभी ने सड़क सुरक्षा के प्रति जाग रूक रहने का संकल्प लिया।

# आंतरिक अंकेक्षण करेगी ग्राम संगठन की चयनित ऑडिटर दीदियां विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद वाराणसी में चयनित ग्राम संगठन ऑडिटर दीदियों के आंतरिक अंकेक्षण विषयक जिला ग्राम्य विकास संस्थान, परमानंदपुर में चल रहे सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम संगठनों के आंतरिक अंकेक्षण का कार्य चयनित ऑडिटर दीदियां करेगी जिससे पारदर्शिता व वित्तीय अभिलेखों में होने वाली त्रुटियों में सुधार होगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऑडिटर दीदियों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होगी इससे ग्राम संगठनों के वित्तीय अभिलेखीकरण को मजबूती मिलेगी। इसी क्रम में समापन



अवसर सत्र प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि सभी ऑडिटर दीदियां प्रशिक्षण में दी गयी जानकारी को अच्छी तरह से सीखें और इसे अपने कार्यक्षेत्र में जाकर लागू करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सात दिवसों में डीआरपी विवेक कुमार व विकास कुमार रौनियार द्वारा एनआरएलएम का परिचय, संरचना, कैडर, कैडर की भूमिका, ग्राम संगठन के फंड, ऋण पुस्तिका, मासिक प्रतिवेदन, प्राप्ति व भुगतान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए गतिविधियों के माध्यम से अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर सत्र प्रभारी सुरेश तिवारी, अजीत कुमार, आश्मा, सुमन, रेनू, रेशमा, रिया, आरती, सुषमा, शशिकिरन, रीना, अनामिका, शकीना, हसीना, गुंजा, खुशबू, अर्चना, उर्मिला, इंदू, नीलमा, पूजा, सुभावती आदि सहित 30 प्रति भागियों की उपस्थिति रही।

# लाभार्थी एवं अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित कर अपने उत्तर दायित्वों का निर्वहन करेंगी प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकत्री: विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**
**हरहुआ वाराणसी।**

बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की देखभाल करने वाले अभिभावकों व लाभार्थी के साथ संवाद स्थापित कर पोषण व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने उत्तर दायित्वों का निर्वहन करेंगी प्रशिक्षित नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में 02 जनवरी से चल रहे नवनियुक्त आँगनबाड़ी कार्य कत्रियों के सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी



विमल कुमार सिंह ने कही। प्रशिक्षण सत्र के दौरान आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों को सम्बोधित करते हुए सत्र प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि सात दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्राप्त जानकारी के माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लेकर जाएं सभी आंगन बाड़ी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सात दिवसों में मास्टर ट्रेनर पुष्पा सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को आईसीडीएस विभाग का परिचय, लाभार्थियों को दी जाने वाली सेवाओं, आंगनबाड़ी की भूमिका, पोषण का महत्व, पोषक तत्वों के प्रकार, जीवन के सुनहरे एक हजार दिन, गर्भावस्था के दौरान मातृ पोषण, अनुपूरक पुष्टाहार, प्रधानमंत्री वंदना योजना, वृद्धि निगरानी, पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन, डेली ट्रैकिंग, बाल मैत्री, स्वच्छता सुविधाओं का मानक आदि के बारे में जानकारी दी गई और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी डी. के. सिंह व बाल विकास परियोज नाधिकारी द्वारा समय समय पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना नगर क्षेत्र से 34, चिर ईगांव से 13 व काशीविद्यापीठ से 01 इस प्रकार तृतीय सत्र में कुल चयनित 48 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर सुरेश तिवारी, अजीत कुमार, नेहा कन्नौजिया, नमीराह, पूजा, शाहिना, नेदा फौजली, रंजना, रेनू, रचना, रत्ना, प्रियंका, मंशा रानी, प्रीती, दिव्या, आरती, विधि, शिल्पी, रंजीता, सोनम, अल्का रानी, अंजू, ललिता, स्मिता, कुमारी लक्ष्मी, सुमन कुमारी आदि की उपस्थिति रही।

# हर गरीबों ,जरूरतमंदों की सेवा भगवान की सेवा के समान,सेवा धर्म सक्षम लोग निभाएं,

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं गरीबों को राहत दे रही है वहीं भीषण ठंड,गलन,शीतलहरी से निजात के लिए कम्बल वितरित कराकर बड़ी राहत देने का कार्य कर रही है। गरीबों ,असहायों ,जरूरतमंदों की सेवा भगवान की सेवा के समान होती है।सरकार के साथ हर लोगों को उनकी सेवा कर पुण्य का भागी बनना चाहिये। उक्त बातें हरहुआ विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय



सेहमलपुर प्राथमिक विद्यालयमें आयोजित कम्बल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया। उप जिलाधिकारी पिंडरा प्रतिभा मिश्रा ने कहा कि भीषण ठंड व गलन में गरीबों का सहारा बनना समय की जरूरत है। हर सक्षम व्यक्ति इस कार्य को पूर्ण कर पुण्य का भागी बनें। आज जो भी बुजुर्ग महिलाओं को कम्बल मिला उनका चेहरा खिल उठा। कम्बल वितरण समारोह में विधायक टी0 राम ने 500 कम्बल एसडीएम पिंडरा को साथ लेकर वितरित किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा रामप्रकाश सिंह 'बीरू', राणा चौहान,भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा' अजय', सोनाली पांडेय,सोनी सिंह ,धर्मेंद्र सिंह ,राजनारायण पटेल ,भगत पटेल, अरुणेंद्र सिंह,आशीष राजभर, आकाश कन्नौजिया, विनोद पांडेय, पंकज शुक्ला ,अपरबल सिंह , राजस्व विभाग के अधिकारी ,लेखपाल सहित कई सम्भ्रांत जन उपस्थित रहे। प्रदेश सरकार द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम में भटौली, गोकुलपुर, करोमा ,सेहमलपुर , बेरवा , सराय काजी सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीण शामिल रहे

# शीतलहर के कारण आंगनबाड़ी केन्द्र 15 जनवरी तक बंद, आंगनबाड़ी व सहायिका उपस्थित होकर टेक होम राशन का करेंगी वितरण

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भीषण शीतलहर व घना कोहरा होने के कारण जनपद में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों को 7 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक बंद रखने का निर्देश जिला धिकारी द्वारा जारी किया गया है। सीडीपीओ हरहुआ दिलीप केसरी के अनुसार निर्देश में कहा गया है कि शीतलहर के कारण जनपद में



संचालित हो रहे सभी आंगनबाड़ी केन्द्र 7जनवरी से 15 जनवरी तक बंद रहेगें। लेकिन आंगनबाड़ी/ सहायिका केन्द्र पर उपस्थित रहकर टीएचआर (टेक होम राशन)का वितरण, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन कैलेण्डर के अनुसार निर्धारित तिथियों पर पूर्व की भांति करती रहेंगी।और अन्य शास कीय दायित्वों का निर्वहन करती रहेंगी। बंदी होने से नौनिहालों को बड़ी ही राहत मिली है।

# ठंड से जूझ रहे असहायों के लिए आगे आया प्रेस क्लब डाला

**अनिल कुमार अग्रहरि/**
**समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। कड़ाके की ठंड के बीच मानवता और सामाजिक दायित्व का जीवंत उदाहरण पेश करते हुए प्रेस क्लब डाला की ओर से गुरुवार को नगर क्षेत्र स्थित अचलेश्वर मंदिर प्रांगण में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान के तहत ठंड से सबसे अधिक प्रभावित वंचित वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाई गई, कार्यक्रम के दौरान डाला नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2, 3, 4 और 5 में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरित किए गए। प्रेस क्लब डाला के अध्यक्ष सनोज तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की सहायता करना ही प्रेस क्लब का मूल उद्देश्य और नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसी एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगामी एक सप्ताह के भीतर नगर के सभी वार्डों में चिन्हित गरीब,



असहाय और वंचित परिवारों के बीच कुल एक हजार कंबल वितरित किए जाएंगे।सनोज तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता केवल घटनाओं की रिपोर्टिंग तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी पत्रकार का कर्तव्य है। प्रेस क्लब डाला इसी सोच के साथ निरंतर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और आगे भी ऐसे सेवा कार्यों को और व्यापक स्तर पर जारी रखा जाएगा।कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रेस क्लब डाला की इस मानवीय पहल की खुले दिल से सराहना की और इसे जरूरतमंदों के लिए संबल देने वाला सराहनीय कदम बताया। लोगों का कहना था कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ साथ आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को भी मजबूत करते हैं।इस अवसर पर पं. ओम प्रकाश तिवारी, राजकिशोर गुप्ता, अजय गुप्ता, राजवंश चौबे, मनोज तिवारी, अर्जुन सिंह, गुड्डू पटेल, जगदीश तिवारी, मुन्ना तिवारी, मोहम्मद आरिफ, मिथिलेश भारद्वाज, नीरज पाठक, गिरीश तिवारी, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बाउचर फीडिंग मे शुद्धता और समयबद्धता आवश्यकः राजकुमार यादव

### जिला सहकारीबैंक मे कंप्यूटराइजेशन की समीक्षा

**समाज जागरण**

वाराणसी। जिला सहकारीबैंक मिजार्पुर / सोनभद्र की राबर्टसगंज शाखा मे कंप्यूटराइजेशन के प्रथम चरण हेतु चयनित बी-पैक्स के सचिवो की बैठक सचिव/ महा प्रबंधक जिला सहकारीबैंक मिजार्पुर / सोनभद्र राजकुमार यादव की अध्यक्षता मे हुई।बैठक मे एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश तथा शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार राय के अतिरिक्त बीपैक्स सचिव भी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक मे सचिव / महाप्रबंधक ने फीडिंग मे शिथिल कार्य करने वाले सचिवो को चेतावनी दी।उन्होने इयर इंड समितियो को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से लागिन करने का निर्देश दिया। सचिव जिलासहकारीबैंक ने कहा कि बाउचर फीडिंग मे समयबद्धता के साथ शुद्धता का भी ध्यान देना आवश्यक है। बैठक मे बटबंतरा और ओईनीमिश्र बीपैक्स के अतिरिक्त अन्य बीपैक्स की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई।

शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार राय ने सचिवो को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र मिलान कराकर फीडिंग पूर्ण करायें।

बैठक मे एडीसीओ अवधेशसिंह, शाखाप्रबंधक प्रमोद राय के अलावा प्रदीप सिंह, विन्ध्याचल राम, सुमन सिंह, राहुल सिंह , उमेश सिंह , उमेश सिंह इत्यादि बीपैक्स सचिव उपस्थित रहे।

# अशासकीय महाविद्यालय संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी। अशासकीय महाविद्यालय संघ, मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमे कटनी से संरक्षक डॉ. पारस जैन, सतना से अभिनम श्रीवास्तव को अध्यक्ष, उज्जैन से श्री पंकज चाँदरोकर को महासचिव, धामनोद से डॉ. मनोज नाहर को सचिव, अनुपपुर से मनीष शुक्ला को सह सचिव, ग्वालियर से राजीव वाधवा को कोषाध्यक्ष तथा लगभग 12 उपाध्यक्ष जिसमे गुना से डॉ. मनीषा पाण्डेय, सिवनी से जीवन सोंधिया, बालाघाट से गुलाबचंद लोधी, रतलाम से उमेश शर्मा, मुरैना से डॉ. धनन्जय उपाध्याय, खरगौन से सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ला, सागर से अजय श्रीवास्तव, सिवनी मालवा से रजत अग्रवाल, पादुरना से रुपेश सवाई, सौसर से मनोज सनेसर, सीधी से सतेन्द्र उपध्याय, टीकमगढ़ से डॉ. अखिलेश दीक्षित तथा बैतूल से शैलेन्द्र गुप्ता को बनाया गया है।

# मोरवा थाना प्रभारी को लेकर जबरदस्त हलचल

## उमेश प्रताप सिंह के तबादले के बाद पुलिस महकमे में तेज हुई सरगर्मियां

**समाज जागरण सिंगरौली**




मोरवा थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह के पुलिस मुख्यालय भोपाल स्थानांतरण के बाद जिले के पुलिस महकमे और राजनीतिक-सामाजिक गलियारों में चचाओं का पारा अचानक चढ़ गया है। मोरवा जैसे संवेदनशील और चर्चित थाना क्षेत्र की कमान अब किसके हाथों में जाएगी, इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इस हॉट सीट को लेकर पांच नाम सबसे आगे बताए जा रहे हैं। इनमें कपूर त्रिपाठी, जितेन्द्र सिंह भदौरिया, राकेश साहू, सुदेश तिवारी और डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के नाम जोर-शोर से चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि हर नाम के पीछे अलग-अलग अनुभव, राजनीतिक पकड़ और कार्यशैली को लेकर अपने-अपने समर्थक सक्रिय हैं। पुलिस विभाग के अंदरखाने से लेकर चाय-पान की दुकानों तक एक ही सवाल गूंज रहा है मोरवा का अगला थानेदार कौन? मोरवा थाना क्षेत्र की संवेदनशीलता, आपराधिक गतिविधियों और सामा जिक समीकरणों को देखते हुए यह पदस्थापना पुलिस अधीक्षक के लिए भी बड़ी चुनौती मानी जा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि फैसला बेहद सोच-समझकर लिया जाएगा, ताकि कानून-व्यवस्था पर किसी तरह की आंच न आए। फिलहाल आधिकारिक तौर पर किसी नाम पर मुहर नहीं लगी है, लेकिन जिस तरह चचाओं का बाजार गर्म है।

# अध्यक्ष के वार्ड में ठेकेदार का पनप रहा भ्रष्टाचार

## अवैध कमाई के फेर में जिम्मेदार कार्यवाही से कर रहे परहेज

### मानपुर नगर परिषद क्षेत्र का मामला

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**



उमरिया ।जिले का मानपुर नगर परिषद क्षेत्र जहां इन दिनो निर्माण कार्य के नाम पर ठेकेदार बनाम पेटी कांट्रेक्टर द्वारा खुलेआम भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है इतना ही नही परिषद के जिम्मेदारों द्वारा भी ठेकेदार के इस घिनौनी हरकत में शामिल होने की चर्चा इन दिनो क्षेत्र में तूल पकड़ा हुआ है सूत्रों की माने तो मानपुर नगर परिषद मुख्यालय का वार्ड क्रमांक सात उक्त वार्ड से खुद अध्यक्ष महोदय भारी बोटों से चुनाव जीते हैं और अब उसी वार्ड में नाली निर्माण कार्य के नाम पर ठेकेदारों द्वारा लीपापोती किया जा रहा है मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक सात में अहसान खान के ठीक घर के पास ठेकेदार द्वारा लाखों की लागत से नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है उक्त निर्माण कार्य में बिना वेस डाले ही तानाशाही का परिचय देते हुए नाली के दिवाल की ढलाई करा दिया गया इतना ही नही निर्माण कार्य में साफ तौर पर लगाई गई मामूली सरिया ऊपर ही दिख रही है जिससे ठेकेदार का भ्रष्टाचार साफ वा सुरक्षित देख सकते है लेकिन परिषद के जिम्मेदारों के पास इतना समय ही कहां है की ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य को मौके पर जा कर देख सकें जिससे यह प्रतीत होता है की ठेकेदार से सांठ गांठ कर परिषद के जिम्मेदार भी अवैध तरीके से मोटी कमाई के फिराक में हैं अगर ऐसा नहीं है तो निर्माण कार्य को देखने मौके पर क्यों नहीं जा रहे जिम्मेदार,क्षेत्र में देखा जाए तो हाल ही में कराए गए भ्रष्टाचारी निर्माण कार्य एक के बाद एक अपने आप ध्वस्त हो रहे हैं इतना ही नही नव निर्मित सड़क जो नगर परिषद कार्यालय से तहसील पहुंच मार्ग में बनाई गई है जिसमे भी जगह जगह गहरी दरारें होने के कारण उक्त सड़क भी छतिग्रस्त होने के कगार में हैं लेकिन स्थानीय से लेकर जिले तक का कोई भी जिम्मेदार इन भ्रष्टाचारी ठेकेदारों के साथ पेटी कांट्रेक्टर पर कानूनी शिकंजा कसने की हिमाकत नही जुटा पा रहा है विधायक सुश्री मीना सिंह जी एवं जिले के कलेक्टर से जनापेक्षा है की संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए नाली निर्माण कार्य का समय रहते आकस्मिक निरीक्षण किया जाए और निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर कोताही बरतने पर उक्त निर्माण कार्य को निरस्त किया जाए ताकि क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा साफ सुथरा वा सुसज्जित कार्य कराया जा सके

**इनका कहना है**

हम मामले को देखवाते हैं वैसे इंजीनियर मौके पर गए थे अब पता नही उन्होंने क्या देखा है राजेंद्र कुशवाहा सीएमओ नगर परिषद मानपुर

# बैंक ऑफ बड़ौदा मुंबई सेमीफाइनल में प्रवेश

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी धनपुरी**



नगर पालिका परिषद धनपुरी के तत्वाधान में सुभाष स्टेडियम में आयोजित हो रहे फुटबॉल प्रतियोगिता में दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में बैंक ऑफ बड़ौदा मुंबई में एनएफसी इंदौर को दो गोल मारकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मैच प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा उपस्थिति रही। अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा ने की विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह छाबड़ा उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल शोभा राम पटेल जिला महामंत्री भाजपा अमित मिश्रा भूपेंद्र मिश्रा मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा धनपुरी विनीता जयसवाल पूर्व अध्यक्ष धीरू सिंह परिहार पार्षद शोभाराम पटेल सहित अन्य पार्षद उपस्थित रहे। शुक्रवार 9 जनवरी को पहला सेमी फाइनल मैच एसईसीआर नागपुर एवं न्यू स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब चर्चा छत्तीसगढ़ के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच आगामी 11 जनवरी को खेला जाएगा।

# जुंआ फड पर घुनघुटी पुलिस का छापा

## 5200 सौ नगद के साथ दो लाख का मसरूका जब्त

**समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली --- पाली थाना के घुनघुटी चौकी की पुलिस को चंदनिया में चल रहे जुंआ के काले व्यवसाय को पकड़ने में महती सफलता अर्जित की है। बताया जाता है कि शहडोल के कतिपय जुआड़ी चंदनिया को जुंआ खेलने का अड्डा बना रहे थे, जिसकी भनक लगते ही घुनघुटी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की ठान ली, और आज जुंआ फड में छापा मारकर जुंआ खेलते हुए रंगे हाथ पकडा। जुआरियों के पास से 5000 सौ रुपए ताश पत्ती और दो लाख रुपए का मसरूका जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों में रजनी उर्फ सिराजुल्लाह खान सोहागपुर, शंभू गुप्ता, मोहम्मद फारूक रंगरेज, बिलाल खान, मुस्तखिन खान सभी निवासी शहडोल बतलाये जाते हैं। जुंआ का यह घिनौना खेल चंदनिया गाँव से आगे पानी टंकी से अन्दर खेला जा रहा था। इन दिनों घुनघुटी पुलिस क्षेत्र में चल रहे अवैध व्यवसायों पर अंकुश लगाने की सराहनीय पहल में जुटी हुई है

# अनूपपुर जिले मे रात्रिकालीन सडक दुर्घटनाओं मे मृतकों की संख्या बढी

### कलेक्टर हर्षल पंचोली ने नेशनल हाईवे के ब्लैक स्पॉट्स पर रेड कलर रंबल स्ट्रिक लगाने के दिये निर्देश

### यात्री, स्कूल बस एवं कमर्शियल वाहन का अभियान चलाकर करें सतत चेकिंग- मोती उर रहमान

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

अनूपपुर कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर दिए गए निदेर्शों एवं सुधारात्मक कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री पंचोली ने सड़क निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में जहां सर्वाधिक दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं, उन ब्लैक स्पॉटों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर वहां तत्काल प्रभाव से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने यातायात, परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर जिले के समस्त ब्लैक स्पॉटों पर गंभीरता के अनुसार सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए।
कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था, स्पीड ब्रेकर, डंबल स्ट्रिप, संकेतक बोर्ड आदि आवश्यक सुरक्षा उपकरण प्राथमिकता से स्थापित किए जाएं, ताकि सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा जिले के प्रमुख दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉटों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस पर अवगत कराया गया कि जिले में बदरा तिराहा तथा पसला रोड हाईवे पर सर्वाधिक दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। बदरा तिराहे में प्रकाश व्यवस्था की कमी, सड़क पर कर्व तथा अचानक मोड़ होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाती हैं। इसी प्रकार पसला रोड पर भी सड़क कर्व होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उक्त तथ्यों के आधार पर कलेक्टर ने इन दोनों स्थलों सहित नेशनल हाईवे के चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर रेड कलर के रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मोतीउर रहमान द्वारा पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक में छत्तीसगढ़ क्षेत्र से आने वाली बसों की परमिट, बीमा, फिटनेस, वाहन चालक का लाइसेंस आदि की नियमित जांच की जाए तथा वाहन चालकों का रिकॉर्ड संधारित किया जाए, जिससे जिले में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने कमर्शियल वाहनों एवं स्कूल बसों की भी नियमित जांच करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि स्कूल बसों का उपयोग केवल विद्यालयीन प्रयोजन हेतु ही हो, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाए।
पुलिस अधीक्षक द्वारा अमरकंटक क्षेत्र में आवागमन करने वाली बसों में स्पीड रेगुलेटर अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश परिवहन अधिकारी एवं यातायात विभाग को दिए गए, ताकि किरर घाट क्षेत्र में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके तथा बसों की गति सड़क की स्थिति के अनुसार नियंत्रित रह सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के कोतमा क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा में क्रेन एवं एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने क्रेन की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा एंबुलेंस में चालक एवं प्राथमिक उपचार व्यवस्था सुदृढ़ रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के नगरीय क्षेत्रों कोतमा, बिजुरी, अनूपपुर, जैतहरी, अमरकंटक एवं अमलाई में राजस्व, नगर पालिका एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध रोको टोको अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को अमरकंटक में नर्मदा जयंती, मकर संक्रांति एवं महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जैन मंदिर के समीप क्षेत्र को "नो पार्किंग जोन" घोषित करने तथा मेला मैदान में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके एवं आमजन को असुविधा से बचाया जा सके। बैठक में बस स्टैंड निर्माण कार्य में प्रगति लाने, रेल्वे ब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने, तुलरा चौक पर आवश्यक साइन बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर लगाए जाने, चचाई तिराहे पर हेवी लोडेड वाहनों के आवागमन के कारण क्षतिग्रस्त हो रही सड़क के नियमित मरम्मत एवं संधारण कार्य को सतत रूप से कराए जाने, राजेंद्रग्राम से भुंडा कोना मार्ग तथा किरर घाट क्षेत्र में रिफ्लेक्टर लगाने सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पांडेय, जिला परिवहन अधिकारी श्री सुरेंद्र सिंह गौतम सहित नेशनल हाईवे, मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, स्टेट हाईवे सहित अन्य सड़क निर्माण से जुड़े विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# अल्प प्रवास पर उमरिया पहुंची भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर,भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

**समाज जागरण**



उमरिया।। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री और दिल्ली प्रदेश की सह प्रभारी अल्का गुर्जर बुधवार की रात्रि अल्प प्रवास पर उमरिया पहुंची, जहां भाजपा कार्यालय भरौली में भाजपा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने स्वागत किया है। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेत्री प्रज्ञा त्रिपाठी और संभागीय संगठन प्रभारी गौरव सिरोठिया मौजूद रहे। राष्ट्रीय मंत्री उमरिया के भाजपा कार्यालय में कुछ देर रुककर वहां उपस्थित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकताओं से मुलाकात कर बातचीत की है। इस दौरान राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने कार्यकताओं से कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्यकताओं को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि संगठन के द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसके तहत वह शहडोल अनूपपुर जिले में कई शक्ति केंद्रों की बैठक में शामिल होकर भाजपा कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया है। इसके बाद उन्हें रीवा संभाग जाना था तब वह रीवा जाते समय अल्प प्रवास में उमरिया के भाजपा कार्यालय पहुंची हुई थी, इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल अपने पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी,धनुषधारी सिंह, इंद्रभान त्रिपाठी, महामंत्री दीपक छतवानी, पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार,उपाध्यक्ष अमित सिंह, कार्यालय मंत्री विनय मिश्रा, मनीष तिवारी, सुशील गौतम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरूद्ध वृत्त स्लीमनाबाद में हुई कार्यवाही

**समाज जागरण**

कटनी ।जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त स्लीमनाबाद प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार के नेतृत्व में वृत्त अंतर्गत ग्राम देवरी, बूदनवारा, ककरहटा, भगनवारा, रूपनाथ, कौंडिया में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान 31 पाव देशी मदिरा मसाला, 59 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 8 हजार रुपये आंकी गई है । इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं 36 (क) के तहत कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही में वृत्त स्लीमनाबाद के आबकारी आरक्षक राजेश गौंटिया भी मौजूद रहे।

# बिलासपुर में श्री राम कथा का आयोजन 12 जनवरी से

**समाज जागरण**

बिलासपुर। सीजी के बिलासपुर के लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में दिनांक 12 से 19 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली भव्य श्री राम कथा के सफल आयोजन हेतु मुख्य संरक्षक विधायक अमर अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में तैयारियों को लेकर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में आयोजन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं–व्यवस्था, सहभागिता, अनुशासन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा–पर गंभीर विमर्श हुआ।इस अवसर पर कार्य समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।श्री राम कथा के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता के प्रसार का यह आयोजन बिलासपुर के लिए गौरव का विषय बनेगा।

# निर्मल मुंडा की हैट्रिक से चमका मैदानः अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूनार्मेंट में रोमांच चरम पर

## साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर ने राजस्थान पुलिस को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**समाज जागरण**





धनपुरी। नगर पालिका परिषद धनपुरी के तत्वावधान में सुभाष स्टेडियम क्रमांक-3 में आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूनार्मेंट अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। देश की नामचीन टीमें उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बे के साथ मैदान में दमदार प्रदर्शन कर रही हैं।पहला मुकाबला- नागपुर का दबदबा 7 जनवरी को खेले गए पहले मुकाबले में साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे हेड क्वार्टर नागपुर ने राजस्थान पुलिस, राजस्थान को 4-1 से परा जित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच के स्टार खिलाड़ी निर्मल मुंडा रहे, जिन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक गोल दागी और इस टूनार्मेंट में हैट्रिक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बनने का गौरव
हासिल किया। मैच की शुरूआत से ही नागपुर की टीम आक्रामक रही। छठे ही मिनट में थुशाल ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद नागपुर की टीम ने खेल पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा और राजस्थान पुलिस को वापसी का कोई ठोस अवसर नहीं दिया। अनुशासन और नियमों का सख्त पालन- पिछले मैचों में मिले कार्ड के कारण दोनों टीमों के एक-एक खिलाड़ी को इस मुकाबले में खेलने की अनुमति नहीं दी गई। मैच कमिश्नर नीरज शर्मा ने नियमों का हवाला देते हुए स्थिति को स्पष्ट किया और खेल को सुचारु रूप से आगे बढ़ाया। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति पहले मैच की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, प्रतिपक्ष नेता शोभाराम पटेल, इंटक महामंत्री अमरजीत सिंह, सभापति नारायण जायसवाल, जयदीप पाल, गोविंद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रेफरी की भूमिका में शेख कुनैन, सुरेश विश्वकर्मा, दीपक कुमार एवं गौरव पांचे रहे।

**दूसरा मुकाबला बैंक ऑफ बड़ौदा**

की शानदार जीत-दिन के दूसरे मुकाबले में बैंक ऑफ बड़ौदा, मुंबई ने रेलवे कोच फैक्ट्री कपूरथला, पंजाब को 3-0 से पराजित किया। इस मैच के मुख्य अतिथि शहडोल जिले के पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव रहे। साथ ही भाजपा के संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही। रेफरी के रूप में नितेश मरावी, शाहरुख खान, राजपुरी और शेख कुनैन ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया। संतुलित और तेज खेल के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा की टीम ने निर्णायक बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज की। यह टूनार्मेंट का अंतिम लीग मैच रहा। मैदान व्यवस्था और आयोजन की सराहना मैदान की उत्कृष्ट तैयारी और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी जयदीप पाल, शोभाराम पटेल, गोविंद अग्रवाल सहित पूरी टीम ने संभाली। स्वच्छता पर्यवेक्षक शारदा इमलिया एवं उनकी टीम का योगदान भी सराहनीय रहा। विशेष उपस्थिति कमेंट्री बॉक्स में विशेष रूप से अमेरिका से मोहम्मद हारुन, अपने पुत्र आर्यन (कैलिफोर्निया) की उपस्थित रहे। आंखों देखा हाल अजय द्विवेदी एवं कलाम मोहम्मद एडवोकेट ने सुनाया। आयोजन समिति की सक्रिय भूमिका- टूनार्मेंट को सफल बनाने में नगर पालिका परिषद धनपुरी की आयोजन समिति पूरी सक्रियता से जुटी हुई है। अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा, उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद खंडेलवाल, सचिव पूजा बुनकर, तकनीकी सलाहकार मनोज श्रीवास्तव सहित पूरी टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

# शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी के विरुद्ध बेदखली आदेश के क्रियान्वयन पर तहसीलदार को आ रहा पसीना

**समाज जागरण**
**अमझोर /जयसिंहनगर /शहडोल**



ग्राम अमझोर के शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी के विरुद्ध न्यायालय कलेक्टर शहडोल द्वारा प्रकरण क्रमांक 0003 /अ 74/2024 -25 आदेश दिनांक 23/12/2025 को बेदखली की कार्रवाई 7 दिवस के भीतर शक्ति से कार्रवाई कर बेदखल करना है । बेदखली की कार्रवाई में आवश्यकता पड़ने पर सिविल जेल की कार्रवाई कर अनाधिकृत कब्जा हटाने का आदेश क्रियान्वयन नायब तहसीलदार अमझोर को किया जाना है परंतु नायब तहसीलदार की कार्य प्रणाली संदेहास्पद पर नजर आ रही है ,आदेश को हुए विगत 15 से 16 दिन से ऊपर बीत चुके हैं, आज दिनांक तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। गरीब लोगों के विरुद्ध शासन प्रशासन मुस्तैद नजर आता है परंतु बड़े और रसूखदारों पर कारवाई करने में प्रशासन नाकाम होकर अधिकारियों के पसीने छूट जाते हैं । विगत 7 वर्षों से प्रकरण चल रहा है शासकीय शिक्षक ने प्रकरण क्रमांक 0039 / अ - 74 / 2019 -20 आदेश दिनांक 6/ 7/ 2020 को ₹10000 /- का अर्थदंड से अधिरोपित किया गया था, शासकीय शिक्षक ने शासकीय भूमि कब्जा स्वीकार किया था। इसके बाद भी अपने नैतिक कर्तव्य का निर्वहन क्यों कर रहा है ? यह समझ से परे है , शिक्षा विभाग के साथ अन्य विभागों ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की सम्पूर्ण कार्रवाई में शासन प्रशासन के अधिकारी शिक्षक दिवाकर तिवारी के बचाव में खड़े नजर आ रहे हैं। ऐसा इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि अपर कलेक्टर शहडोल ने हल्का पटवारी श्रुति तिवारी और राजस्व निरीक्षक के गैर जिम्मेदाराना तरीके से विवादित भूमि के संबंध में त्रुटि पूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया गया था, विगत 5 वर्षों में आदेश का पालन तहसीलदार के द्वारा नहीं किया गया। आवेदक ओंकार सिंह ने उच्च न्यायालय में रिट पिटीशन क्रमांक 16603/2024 में पारित के निर्णय दिनांक 15/ 7/.2025 को कलेक्टर शहडोल को 90 दिवस में कार्रवाई कर शासकीय रकवे को रिक्त करना था , 6 माह में कलेक्टर महोदय शहडोल द्वारा 0003 /अ- 74 / 2025 आदेश पर कार्रवाई करने का भार तहसीलदार वृत्त अमझोर को आदेशित किया है, वरिष्ठ न्यायालय के आदेशों का महत्व यही समझ में आता है कि न्यायालय की कार्य प्रणाली कितनी अच्छी है, गरीबों को न्याय कहां से मिलेगा। शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी जैसे लोग अपने पद का दुरुपयोग खुलेआम कर रहे हैं शासन के नियम कानून से उन्हें कोई सरोकार नहीं है और ना ही कोई डर है क्योंकि कहते हैं न कि * सैया भए कोतवाल तो आप डर काहे का * भाई अतुल तिवारी पटवारी होकर शासन - प्रशासन पर दबाव बनाता हैं और पत्नी भाजपा शहडोल में मुख्य कार्यकारिणी में मंत्री पद पर आसीन होकर राजनीतिक संरक्षण अपने पति दिवाकर तिवारी का कर रही है चिंता की कोई बात नहीं है, कहीं कुछ भी नहीं होने वाला *राम नाम जपना तो पराया माल अपना** आदिवासियों पर अत्याचार पहले भी होते हैं आज भी हो रहे हैं बस तरीका बदला हुआ है शिकायत कहीं भी होगी शासन प्रशासन में अपने लोग ही बैठे हुए हैं ,कार्रवाई का कोई डर नहीं है बस इंतजार शेष है , ऊंट किस करवट बैठता है देखना अभी बाकी है ,अभी तक ओंकार सिंह पिता लल्ला सिंह कंवर को न्याय मिलने में कितना और समय लगेगा ,शासन प्रशासन के लोग आदिवासियों के हितों में कितने मुस्तैद नजर आते हैं।

# शिल्पकारों का हुनर बनेगा विकसित भारत का आधार- जिलाधिकारी

## रामलीला मैदान में दो दिवसीय पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का हुआ भव्य शुभारंभ

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एम एसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पंजीकृत पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों हेतु आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का शुभारंभ रामलीला मैदान, रॉबर्ट्सगंज, जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया, इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों की सराहना भी की, जिलाधिकारी ने कहा कि शिल्पकारों के सर्वांगीण विकास तेजी लायी जाये, कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह और शिल्पकारों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हमारे पारंपरिक हुनरमंदों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक क्रांतिकारी कदम है उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सदियों से हमारे समाज की अर्थव्यवस्था की धुरी रहे बढ़ई, लोहार, कुम्हार और मूर्तिकार जैसे शिल्पकारों को आज नए भारत में वह सम्मान मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं पीएम विश्वकर्मा योजना का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि आपके कौशल को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करना है विपणन सहायता उत्पादों की ब्रांडिंग और उन्हें ऑनलाइन/ऑफलाइन बाजारों से जोड़ने में सरकार मदद कर रही है उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना प्रारम्भ की गयी है जिसमें युवाओं को 5 लाख रुपए तक बिना ब्याज के ऋण सुविधा मिलती है जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि ये 9 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में आकर पीएम विश्वकर्मा के कौशल को देखें और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सिद्ध करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले प्रत्येक इच्छुक कारीगर का पंजीकरण और मार्गदर्शन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री जागृति अवस्थी, ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारीगरों को केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर मार्केटिंग, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे उनके उत्पादों की मांग एवं बाजार मूल्य में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी के निदेशक एल.बी.एस. यादव ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विभिन्न घटकों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण, टूलकिट, ऋण सुविधा के साथ-साथ बाजार से जोड़ने हेतु तकनीकी एवं विपणन सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर रीतेश कुमार सिंह डी जी एम सिडबी, विनोद चौधरी उपायुक्त उद्योग सोनभद्र, रविन्द्र पटेल प्राचार्य, आई आई टी, सोनभद्र व एल डी एम सोनभद्र श्री सालेन के साथ साथ जिले के अन्य विभागाध्यक्षों ने प्रतिभाग किया।

# जिलाधिकारी ने मिनी स्टेडियम कठपुरवा का किये औचक निरीक्षण

## जनपद के सभी ब्लॉकों में मिनी स्टेडियम बनाने हेतु स्थल को चयन कर कार्य योजना बनाकर की जाये प्रस्तुत- जिलाधिकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह आज रावर्टसगंज ब्लाक के अन्तर्गत कठपुरवा गॉव में स्थित मिनी स्टेडियम का औचक निरीक्षण किये निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने युवा कल्याण अधिकारी से जनपद के ब्लाको में स्थापित मिनी स्टेडियम के सम्बन्ध में जानकारी ली तो युवा कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि बभनी रावर्टसगंज, नगवा, घोरावल सहित जनपद के चार ब्लाको के ग्राम पंचायतो में मिनी स्टेडियम स्थापित है जिसके लिए खेल प्रशिक्षक के नियुक्ति हेतु प्रक्रिया चाल रही है सभी चारों स्टेडियम में एक-एक खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति की जायेगी जिस पर जिलाधिकारी ने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी ने जनपद आगमन के दौरान कहा था कि जनपद के सभी विकास खण्डों में मिनी स्टेडियम बनाये जाये जिन विकास खण्डो में मिनी स्टेडियम अभी तक नहीं बना है उन विकास खण्डों में मिनी स्टेडियम हेतु स्थल का चयन करते हुए कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत की जाये यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये इस दौरान जिलाधिकारी महोदय ने स्टेडियम के ग्राउण्ड का निरीक्षण किया ग्रग्राउण्ड में पुरानी बिल्डिंग थी जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी जिस पर जिलाधिकारी ने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त बिल्ड़िग के ध्वस्ती करण हेतु पत्राचार कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# जरूरतमंदों को दिया गया कंबल, कराया गया भोजन: भिखारी बाबा

- शिव शक्ति महिला मंडल ने नशा मुक्ति के प्रति महिलाओं को किया जागरूक
- रामगढ़ कसारी शिव सरोवर पर स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर हुआ आयोजन

**ब्यूरो समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। रामगढ़ कसारी शिव सरोवर पर स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर बुधवार को जरूरतमंदों को कंबल दिया गया तथा उन्हें भोजन भी कराया गया। इसके अलावा शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा महिलाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी उर्फ जंगली बाबा उर्फ दीनबंधु उर्फ रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ठंड से बचाव के लिए सामाजिक कार्य करने वाले लोगों से सहयोग लेकर आश्रम पर जरूरतमंद लोगों में कंबल का वितरण किया जाता है। इसी के परिप्रेक्ष्य में 7 जनवरी बुधवार को कंबल वितरण का आयोजन किया गया। हर जरूरतमंदों को कंबल दिया गया और उन्हें भोजन भी कराया गया।

यह कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। भिखारी बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा नशा मुक्ति के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। कंबल उपलब्ध कराने में विशेष योगदान लैंको प्रबंधक एसके द्विवेदी, रामचंद्र गुप्ता, जय प्रकाश केशरी, मातूराम जैन, पवन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अप्रेरण अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, जितेंद्र बहादुर सिंह राय साहब, सालिक राम साहू, समाज सेविका ज्योति केशरी, शिव शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष किरन मोदनवाल, चिंता मौर्या, विनीता गुप्ता, शशि उमर वैश्य, सुशीला पाठक का रहा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 2 जनवरी को गायमाता धाम खोडैला में जिला प्रशासन और समाजसेवी लोगों की मदद से हजारों की संख्या में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कराया गया और विशाल भंडारा चलाकर लोगों को भोजन भी कराया गया था। जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात 20 सीआरपीएफ जवानों को भी कंबल दिया गया था और उन्हें भोजन कराया गया था। इसमें छात्र शक्ति के मालिक विधायक उमाशंकर सिंह के मैनेजर पंकज सिंह, बोरवेल के आनंद सिंह का विशेष योगदान रहा।

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार एवं पशु तस्करी में प्रयुक्त वाहन सीज

**समाज जागरण**
**ब्यूरो समाज जागरण**




खलियारी/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रायपुर पुलिस को एक प्रमुख सफलता प्राप्त हुई है। प्रभारी निरीक्षक राम स्वरूप वर्मा ने बताया कि द्वारा बुधवार को वांछित अभियुक्तों की तलाश राबट्र्सगंज में मौजूद थे, कि इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त संतोष तिवारी पुत्र स्व० वैंकटेश्वर तिवारी, निवासी ग्राम सेमरा, थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 60 वर्ष को शायं काल कुसुम्हा मोड़ बहद ग्राम मरकरी थाना रॉबट्र्सगंज में एक मालवाहक टाटा मैजिक वाहन संख्या UP 64 CT 1158, जिसका इस्तेमाल पूर्व में गोवंश परिवहन में किया गया था, सहित मु०अ०सं० 03/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र के मामले में समय लगभग 15:15 बजे गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- रायपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राम स्वरूप वर्मा हेड कांस्टेबल शशि कान्त यादव,राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने पेट्रोलियम एवं गैस एजेन्सी के विक्रय प्रबन्धको के साथ की बैठक

नो हेलमेट नो फ्यूल का किया जाये पालन- जिलाधिकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोलियम एवं गैस एजेन्सी के विक्रय प्रबन्धको के साथ बैठक की गयी बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित विक्रय प्रबन्धकों को निर्देशित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश में एक माह के लिए सड़क सुरक्षा अभियान प्रारम्भ किया है इस अभियान के दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्देश दिया गया है कि सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाय, बैठक के दौरान उन्होनें कहा है कि पेट्रोल पम्पों पर अनाधिकृत तरीके से वाहन खड़े न होने पाये अनाधिकृत तरीके से वाहन खड़े हुए किसी पेट्रोल पम्प पर पाये जाते है तो सम्बन्धित पेट्रोल पम्प स्वामी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी और पेट्रोल पम्प के सामने सड़क पर अनाधिकृत तरीके से क्रास कटिंग पायी जाने पर भी सम्बन्धित पेट्रोल पम्प स्वामी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी उन्होने कहाकि सड़क सुरक्षा माह के दौरान पेट्रोल पम्पों और उसके आस पास सड़क सुरक्षा से बचाव हेतु साइनेज बोर्ड लगाये जाये जिससे कि लोगों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त हो उन्होने कहा कि पेट्रोल पम्पो पर नो हेलमेट नो फ्यूल के नियम का पालन सुनिश्चित कराया जाये सड़को एव ढाबों आदि पर अनाधिकृत तरीके से खड़े होने वाले वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये अनाधिकृत तरीके से सड़को पर वाहन खड़े होने की स्थिति में कोहरें के दौरान दुर्घटना होने की अधिक सम्भावना बनी होती है इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाये।

बैठक में उपस्थित अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चन्द्र, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, ए0आर0ओ0 पृथ्वीराज सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# ओम शिव महिमा मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, नशीली दवाओं की जांच, दो संदिग्ध नमूने लिए गए

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। गुरुवार को जिलाधिकारी और सहायक आयुक्त औषधि, विंध्याचल मंडल के निर्देश पर मांगो तेन्दु स्थित ओम शिव महिमा मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाओं की जांच के लिए औचक निरीक्षण और छापेमारी की गई। औषधि निरीक्षक के पहुंचने की खबर मिलते ही आसपास के कई मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और मौके से फरार हो गए। इन दुकानदारों को चेतावनी जारी की गई है। छापेमारी के दौरान ओम शिव महिमा मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर मौके पर उपस्थित पाए गए। मेडिकल स्टोर पर गहनता से जांच की गई, जिसमें कुछ दवाइयों के बिल नहीं दिखाए जा सके। इस संबंध में निरीक्षण आख्या सहायक आयुक्त औषधि को भेजी जा रही है और प्रोपराइटर को नोटिस जारी किया जा रहा है। निरीक्षण के समय संदिग्ध प्रतीत हो रही दो दवाइयों के नमूने जांच और गुणवत्ता परीक्षण के लिए लिए गए हैं। इन नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल स्टोर संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नशे में प्रयोग होने वाली दवाइयों का विक्रय बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के न करें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान, मेडिकल स्टोर पर और आसपास उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ जागरूकता के बारे में भी जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करना था।

# श्रीराम कथा के विश्राम दिवस पर भावुक हुए श्रद्धालु, राम-भरत मिलन प्रसंग ने किया निहाल

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**





चोपन/ सोनभद्र। प्रीतनगर श्री रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के विश्राम दिवस की कथा व्यास दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने राम कथा के अत्यंत मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। दशरथ मरण, भरत का ननिहाल से लौटना और राम-भरत मिलन के लिए अयोध्या का चित्रकूट प्रस्थान का प्रसंग भावपूर्ण ढंग से सुनाया गया। महाराज ने कहा कि श्रीराम के वन गमन के बाद अयोध्या उजाड़ हो गई। जब सुमंत्र जी राम को छोड़कर अयोध्या लौटे और उन्होंने दशरथ जी को राम वियोग में शोक और विलाप करते हुए वर्णन किया, तो उस मार्मिक प्रसंग को सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं और वे आँसू पोंछते हुए दिखाई दिए। भरत जी का चरित्र गंगाजल जैसा पवित्र कथा व्यास ने भरत और शत्रुघ्न जी की अयोध्या वापसी और उन्हें राजा दशरथ के परलोक गमन की सूचना मिलने के बाद की मनःस्थिति का वर्णन किया। संत प्रवर ने भरत जी के भाई के रूप में चरित्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि, "भारत का भाई के रूप में जो चरित्र है वह गंगाजल की तरह पवित्र है।" उन्होंने बताया कि महर्षि वशिष्ठ और माता कौशल्या के आग्रह के बावजूद, भरत जी ने राजसिंहासन स्वीकार नहीं किया और अपने बड़े भाई श्रीराम को वापस लाने के लिए चित्रकूट प्रस्थान करने की घोषणा की। इस पर संपूर्ण अयोध्या नगरी उनके साथ चलने के लिए तैयार हो गई। भरत जी के मन में श्रीराम के प्रति प्रेम को दशार्ते हुए संगीतमय भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु राम भक्ति में सराबोर होकर खूब झूमे। संचालन मनोज चौबे ने किया। इस दौरान महंथ अचलेश्वर महादेव मंदिर पं मुरली तिवारी, राजा मिश्रा, दयाशंकर सिंह, आईओडब्लू आर बी पाल, सीआईटी उमेश सिंह, दिनेश पाण्डेय एडवोकेट, संजीव तिवारी, गणेश तिवारी, कमल किशोर सिंह, हिरामणी तिवारी, संदीप अग्रवाल, श्याम सुंदर मिश्रा, लालजी मिश्रा, राजेश अग्रहरी, धर्मेंद्र जायसवाल, अरविंद उपाध्याय, बबलू सोनी, दीनदयाल सिंह, अनील यादव, जयशंकर पाण्डेय, धिरेंद्र चौबे, अंकित सोनी, पवन यादव सहित भारी संख्या में कथाप्रेमी मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह मयफोर्स चाक-चौबंद रहे

# प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल मा0 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प तथा शुल्क न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग का आगमन आज

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रभारी मंत्री श्री रविन्द्र जायसवाल जी मा0 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प तथा शुल्क न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग का आगमन आज, मा0 प्रभारी मंत्री जी आगमन प्रातः 10:00 बजे सर्किट हाउस लोढ़ी, प्रातः 10:00 बजे से मा0 जन प्रतिनिधिगण साथ समन्वय बैठक करेगें,

प्रातः 10:05 बजे से मीडिया बन्धुओं के साथ प्रेस वार्ता करेगें। विधायक खेल महाकुम्भ मे मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेगें एवं विशाल इग्लिश एकेडमी कोन सोनभद्र कलवार/ जायसवाल स्व जातीय विशाल महासम्मेलन कार्य क्रम में प्रतिभाग करेगें और कोर कमेटी की बैठक करेगें।

# आदिवासी राजनीतिक के पितामह 8 बार विधायक व राज्यमंत्री रह चुके विजय सिंह गोंड़ का निधन

## आदिवासी समाज की आवाज बुलंद करने वाले अग्रणी नेताओं में शुमार थे विजय सिंह.

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश की अंतिम विधानसभा 403 दुद्धी सीट के आदिवासी राजनीति के पितामह कहे जाने वाले विजय सिंह गोंड़ के निधन से पूरा सोनभद्र जनपद और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई. समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और दुद्धी विधायक विजय सिंह गोंड़ का लखनऊ के एसपीजी आई में इलाज के दौरान बृहस्पतिवार को निधन हो गया. उनके निधन की पुष्टि दुद्धी विधानसभा अध्यक्ष अवध नारायण यादव ने की. वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनकी दोनों किडनी खराब हो गई थी, जिसके चलते उन्हें कई दिनों पहले एसपीजीआई में भर्ती कराया गया था. उत्तर प्रदेश विधानसभा की अंतिम सीट 403 दुद्धी जनजाति के लिए आरक्षित है. इस सीट पर विजय सिंह गोंड़ का शुरू से वर्चस्व रहा है. वह यहां से कुल आठ बार विधायक रहे. इसमें अलग-अलग पार्टियों से सात बार वह लगातार जीत हासिल की. मुलायम सिंह यादव की सरकार में राज्य मंत्री भी रहे. दो बार आरक्षण के चलते चुनाव मैदान से भले ही दूर हुए, लेकिन जीत उसी की हुई, जिसे विजय सिंह का समर्थन मिला. वर्ष 2017 और 2022 के चुनाव में मामूली वोटों से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन 2024 में हुए उपचुनाव में फिर विधायक की कुर्सी पाने में कामयाब रहे. वर्ष 1977 में जनता पार्टी के ईश्वर प्रसाद विधायक निर्वाचित हुए थे निर्वाचित हुए थे. कांग्रेस से पहली बार विजय सिंह गोंड़ 1980 में विधायक बने. 1985 में कांग्रेस, 1989 में निर्दल, 1991 और 1993 में जनता दल,1996 और 2002 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर विजय सिंह गोंड़ लगातार जीतते रहे. मुलायम सिंह यादव का सरकार में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं. उनकी पहचान मजबूत आदिवासी नेता के रूप में रही है. वर्ष 2007 और 2012 के चुनाव में आरक्षण के चलते ऐन वक्त पर चुनाव मैदान से बाहर होने के बाद भी विजय सिंह ने अपनी राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन करते हुए समर्थित प्रत्याशी को जीत दिलाई थी. वर्ष 2017 में अपना दल- एस के हरिराम चेरो ने 1085 मतों से हराया था. वहीं 2022 के चुनाव में भाजपा के रामदुलार गोंड़ ने उन्हें 6725 वोटों के अंतर से मात दी थी. नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में रामदुलार के अयोग्य होने के बाद वर्ष 2024 में उपचुनाव हुआ था. सत्ताधारी दल की ओर से पूरी ताकत लगाने के बावजूद विजय सिंह गोंड़ 3018 वोटों के अंदर से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे और आठवीं बार दुद्धी विधान सभा के विधायक चुने गए. दुद्धी और ओबरा विधानसभा को अनुसूचित जनजाति सीट घोषित कराने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी. बनवासी से आश्रम में सिर्फ 200 रूपए मासिक मानदेय पर कार्यरत रहते हुए उन्होंने आदिवासियों के हक में लड़ाई लड़ी. उनके निधन से पूरा सोनभद्र जनपद सहित दुद्धी विधान सभा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई।

# रोमांचक मैच मे भभुआ ने मऊ को 3 रन से पराजित कर, सेमीफइनल में किया प्रवेश

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिले के दुद्धी टाउन क्रिकेट क्लब के मैदान पर चल रहे 39वें क्रिकेट टूनामेंट के 10वें मैच मे बृहस्पतिवार को मऊ ने रोमांचक मुकाबले में 3 रनों से पराजित कर, सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. मैच का टॉस मऊ के कप्तान अरुण सिंह ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया.पहले बल्लेबाजी करते हुए भभुआ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों मे 9 विकेट खोकर 207 रन बनाए. जिसमें धनंजय ने शानदार 2 छक्के व 9 चौके की मदद से सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली.अभिमन्यु ने 37, अनुभव ने 28 तथा राजीव ने 25 रन की पारी खेली. गेंदबाजी करते हुए मऊ टीम के खिलाड़ी विवेक ने 3,अरुण ने 2 और आनंद व दिव्यांशु ने 1-1 विकेट हासिल किया. दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए मऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 204 रनों पर सिमट गई. जिसमें मंजीत ने 6 छक्के व 5 चौके की मदद से सर्वाधिक 59 रनों की पारी खेली, वहीं कुलदीप ने 40,शिवम ने 32 व विवेक ने 22 रन बनाये। गेंदबाजी करते हुए भभुआ के गेंदबाज दानिश व अनुभव ने 3-3 विकेट झटके. इस तरह से भभुआ की टीम ने मऊ की टीम को रोमांचक मुकबले में मात्र 3 रनों से पराजित कर, सेमी फाइनल में प्रवेश कर गया. भभुआ टीम के खिलाडी अनुभव को मैन ऑफ द मैच घोषित कर, मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया. मैच के निर्णायक की भूमिका मे इकबाल कुरैशी व सागर विश्वकर्मा रहे. कमेंटेटर की भूमिका में रजत राज व स्कोरर की भूमिका अयाज ने निभाई. आज का मैच रामगढ़ व अयोध्या के बीच सुबह 10 बजे टीसीडी ग्राउंड दुद्धी पर खेली जाएगी।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोनभद्र पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु व्यापक जन - जागरूकता अभियान

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में व्यापक एवं सघन जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध सहायता संसाधनों के प्रति जागरूक करना रहा। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी–मिशन शक्ति 5.0) के कुशल नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, कार्यस्थल पर उत्पीड़न से संबंधित जानकारी दी गई तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के उपायों के साथ-साथ आत्मरक्षा संबंधी व्यावहारिक सुझाव भी प्रदान किए गए। साथ ही, पुलिस से निर्भीक होकर संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। सोनभद्र पुलिस जनसामान्य से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या अपराध की जानकारी तत्काल नजदीकी पुलिस थाना अथवा उपरोक्त हेल्पलाइन नंबरों पर दें।

महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना सोनभद्र पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# आदिवासियों के मसीहा, दुद्धी विधानसभा के विधायक विजय सिंह गोंड नहीं रहे

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन के पूर्व चेयरमैन विजय कुमार अग्रहरी ने कहा कि दुद्धी क्षेत्र के विधायक पूर्व मंत्री विजय सिंह गौड जी के निधन से बेहद स्तब्ध हूँ, आदिवासियों हितों की एक बुलंद आवाज व अगुआ का जाना एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। बेमिसाल व्यक्तित्व के धनी आदिवासियों के हक और हुकूक की लड़ाई उन्होंने जीवन पर्यन्त लड़ा लोगों के जेहन में वे सदैव जिन्दा रहेंगे।

# पटना एम्स में 42.98 लाख के कैश घोटाले में निलंबित मुख्य कैशियर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना में एम्स पटना प्रशासन की ओर से एक लिखित आवेदन दिया गया। जिसमें अस्पताल के वित्तीय लेनदेन में भारी गड़बड़ी का खुलासा किया गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 5 जनवरी 2026 को एम्स पटना के वित्त एवं लेखा अधिकारी की रिपोर्ट के माध्यम से यह जानकारी सामने आई कि अस्पताल सूचना प्रणाली के अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान अस्पताल द्वारा प्राप्त नगद राशि और बैंक में जमा की गई राशि के मिलान के क्रम में 44 लाख 50 हजार रुपये की नगद कमी पाई गई है। इससे पहले वित्तीय अनियमितता की आशंका के आधार पर 4 जनवरी 2026 को एम्स पटना के वित्त एवं लेखा विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति में कैश वॉल्ट का आकस्मिक भौतिक सत्यापन किया था। इस सत्यापन के दौरान मुख्य कैशियर अनुराग अमन, जो कैश बोर्ड के संरक्षक थे और अस्पताल की नगद राशि बैंक में जमा करने के लिए उत्तरदायी थे, स्वयं मौजूद भी थे। आकस्मिक सत्यापन के समय कैश वॉल्ट में मात्र 1 लाख 51 हजार 280 रुपये नगद पाए गए,




जबकि 42 लाख 98 हजार 720 रुपये की नगद कमी स्पष्ट रूप से सामने आई। सत्यापन के दौरान मुख्य कैशियर अनुराग अमन ने स्वीकार किया कि उन्होंने कैश वॉल्ट से करीब 42 लाख 99 हजार रुपये की राशि निकाली थी।

इसके बाद 5 जनवरी 2026 को अनुराग अमन ने अपने लिखित बयान में स्वीकार किया कि उन्होंने उक्त राशि विभिन्न तिथियों में अपनी पत्नी के बैंक ऑफ इंडिया खाते संख्या 579310510000994 में जमा की थी। उसी दिन संध्या में भी उन्होंने 42 लाख 99 हजार रुपये की नगद कमी की जानकारी प्रशासन को दी थी। प्रशासनिक दबाव के बाद अनुराग अमन द्वारा कुल 42 लाख 95 हजार रुपये की राशि तीन किस्तों में एम्स पटना के खाते में वापस जमा कराई गई। इसके बावजूद मामले की गंभीरता को देखते हुए एम्स पटना प्रशासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। गुरुवार को निलंबित मुख्य कैशियर अनुराग अमन को फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना लाया। पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। एम्स पटना द्वारा जारी आधिकारिक वक्तव्य में कहा गया है कि संस्थान के एक कर्मचारी को वित्तीय दुरुपयोग से संबंधित प्रथम दृष्टया निष्कर्षों के आधार पर निलंबित किया गया है। संस्थान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। संस्थान ने स्पष्ट किया है कि राशि की वापसी का कानूनी कार्रवाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

एम्स पटना प्रशासन ने दो टूक कहा है कि वित्तीय कदाचार के प्रति संस्थान की नीति शून्य सहिष्णुता की है और जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। संस्थान ने अपने सभी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

# पूर्व मंत्री पुत्र अखिलेश ने मृतक के परिजन से मिला, कहा हम आपके हर दु:ख सुख के साथ हैं।

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : पूर्व मंत्री बेबी देवी के पुत्र सह झामुमों केंद्रीय सदस्य अखिलेश महतो उर्फ राजू गुरुवार को नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित बरई पंचायत के जुड़ामाना निवाशी प्रवासी मजदूर उमेश महतो के परिजन से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। श्री महतो ने मृतक के पिता नारायण महतो को भरोसा दिलाया कि मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र , पोस्टमार्टम रिपोर्ट आते ही राज्य सरकार से मिलने वाली लाभ को दिलाने का प्रयास करूंगा। उहोंने सभी प्रवासी मजदूरों से अपील भी किया कि जो - जो मजदूर जिस प्रदेश में अपनी जीविका पालन कर रहे हैं या फिलहाल पलायन कर रहे हैं उन सभी मजदूरों ई-श्रम कार्ड जरूर बनाएं। ई-श्रम कार्ड बनाने से कोई भी प्रवासी मजदूर का किसी प्रकार के होनी होने पर राज्य सरकार श्रम विभाग से चार लाख तक मुआवजा



के तौर पर देती है। मालूम हो कि उमेश का मृत्यु महाराष्ट के औरंगाबाद में पिछले एक जनवरी को ईलाज के दौरान मौत हो गया था मौत के बाद उसका शव तीन दिन तक अस्पताल पर पड़ा था। वही प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य कर रहे समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महतो ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और अपने सहयोगी आदर्श श्रमिक एकता सामाजिक संस्था से संपर्क कर परिजन को उचित मुआवजा दिलाने में सफल रहे । बता दे की कंपनी के वार्ता के बाद मुआवजा 3 लाख 21 हजार देने के बाद अस्पताल से शव को उठाया गया। व छठे दिन उमेश का शव गांव आया था। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव गुलाम सरोवर , मुखिया विजय कुमार रवि , पूर्व विधायक प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी, गंगाराम महतो , उमेश महतो , नुनुचंद तुरी, प्यारेलाल महतो , नागेश्वर सिंह, हरि महतो , कुलेश्वर महतो , देवीलाल मांझी , किंग कोबरा श्यासुंदर महतो , नंदलाल महतो , महरू महतो , तौफीक अंसारी आदि मौजूद थे।

# आदित्यपुर के 'रक्तवीर' महादेव महतो ने रचा इतिहास, 75वीं बार रक्तदान कर कायम किया कीर्तिमान

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 08 जनवरी 2026: आदित्यपुर के सामाजिक कार्यकर्ता महादेव महतो ने एक बार फिर मानवता की सेवा में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 53 वर्षीय महादेव महतो ने गुरुवार, 8 जनवरी को साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में अपनी जिंदगी का 75वां रक्तदान किया। यह सिलसिला पिछले 30 वर्षों से बिना रुके जारी है।

महदेव महतो ने महज 18 वर्ष की उम्र में पहली बार रक्तदान किया था और तब से लेकर आज तक वे निरंतर इस पुनीत कार्य में जुटे हुए हैं। उनके इस जज्बे को देखते हुए



रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, जमशेदपुर ब्लड बैंक के सेक्रेटरी संजय चौधरी और शहर की जानी-मानी समाजसेवी पुरबी घोष ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के दौरान महादेव महतो ने कहा, "रक्तदान वास्तव में जीवनदान है। मेरे रक्त की एक बूंद अगर किसी की जान बचा सके, तो यह मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य है।" उन्होंने इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया और युवाओं से अपील की कि वे आगे आएं और रक्तदान के जरिए समाज सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। पिछले तीन दशकों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय महतो अब युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत बन चुके हैं।

# सिंहभूम कॉलेज चांडिल में विदाई समारोह का आयोजन, हिंदी विभाग के एम.ए. सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : सिंहभूम कॉलेज चांडिल में शुक्रवार को हिंदी विभाग के स्नातकोत्तर (एम.ए.) सत्र 2023झ 25 के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक सफर को यादगार बनाना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज में प्राप्त ज्ञान और अनुभव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में मार्गदर्शन का कार्य करेगा।



विद्यार्थियों ने भी मंच से अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत और संवादों ने विदाई समारोह को जीवंत और यादगार बना दिया। अंत में एम.ए. सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह सौहार्दपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंह भूम कॉलेज चांडिल के प्राचार्य – डॉ. सुनील मुर्मू, डॉ. जे. के. सिंह, डॉ. आर. आर. राकेश, डॉ. अम्बिका रजक, डॉ. रिया शालिनी, डॉ. एस. मैति, डॉ. एन. सी. महतो, डॉ. पी. गोराई, डॉ. एस. सेठ, डॉ. नीलम कुमारी, प्रो. आर. सी. सिन्हा, श्री बिभिशन मछुआ, श्री सुबोध सिंह मुण्डा, श्री राजेन टुडू, श्री भीमसेन टुडू, श्री सुबेद गोप, श्री बाबूराम टुडू, श्रीमती निर्मला टुडू, श्रीमती साबित्री हांसदा, श्री अश्विनी रुहीदास, विद्यार्थी: प्रिया सिंह पातर, सुमन महतो, आशीष प्रामाणिक, शुभम नाग, निशा महतो, निशा नाग, स्वाती महतो, खुशबू, बबीता सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

# पटना में अनियंत्रित वाहन ने छह लोगों को कुचल दिया

## आक्रोशित लोगों नद किया वाहन को आग के हवाले

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बुधवार शाम तेज रफ्तार से आ रही एक थार गाड़ी ने सड़क पर चल रहे और खड़े कई लोगों को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला समेत छह लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में जबरदस्त हंगामा हुआ और आक्रोशित भीड़ ने चालक की पिटाई कर दी। गुस्से में लोगों ने थार में आग लगा दी, जिससे सड़क पर करीब एक घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा गोला रोड इलाके में हुआ। बताया गया कि थार करीब 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से रूपसपुर की ओर से गोला रोड की तरफ आ रही थी। गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि चालक ने नियंत्रण खो दिया। सबसे पहले थार ने एक बाइक सवार को टक्कर मारी और इसके बाद भागने की कोशिश में सड़क पर मौजूद कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही पलों में सड़क चीख-पुकार और भगदड़ का दृश्य बन गई। इस हादसे में घायल हुए लोगों में तकियापर निवासी भाई-बहन रितिक और कोमल कुमारी, पंचशील नगर निवासी शेखर कुमार और झाखड़ी महादेव इलाके के गार्ड माधव कुमार सिंह शामिल हैं। इसके अलावा दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी को बेहतर इलाज के लिए पटना



मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। दो घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि थार चालक नशे की हालत में था, जिस कारण उसने लापरवाही से वाहन चलाया। गाड़ी रुकते ही लोगों ने चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। हालांकि, भीड़ की पकड़ से छूटकर चालक मौके से फरार हो गया। चालक के भागने के बाद गुस्से में लोगों ने थार को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते गाड़ी धू-धू कर जलने लगी और गोला रोड पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। थार में आग लगाए जाने के बाद स्थिति और बिगड़ गई। गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए और करीब एक घंटे तक हंगामा करते रहे। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आसपास के दुकानदारों ने डर के कारण अपनी दुकानें बंद कर दीं। आग की लपटें और धुआं दूर से दिखाई दे रहा था, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज और रूपसपुर थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालात को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। आग बुझाने के लिए दमकल की टीम को मौके पर भेजा गया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने थार में लगी आग पर काबू पाया। इस दौरान गाड़ी का नंबर प्लेट पूरी तरह जल चुका था, जिससे उसकी पहचान में मुश्किल आ रही है। पुलिस ने बताया कि थार के चेसिस और इंजन नंबर के आधार पर वाहन मालिक की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि चालक और वाहन मालिक दोनों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह मामला तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का प्रतीत हो रहा है। यदि चालक के नशे में होने की पुष्टि होती है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद एक साइकिल थार के नीचे फंस गई थी, जिसे चालक करीब 40 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। यह दृश्य इतना भयावह था कि सड़क पर मौजूद लोग सहम गए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गाड़ी डिवाइडर से नहीं टकराती, तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था।

# पूर्व मंत्री पुत्र अखिलेश उर्फ राजू महतो ने दिव्यांग को दिलाया अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने का भरोसा।

## दिव्यांग भाई की समस्या का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है : अखिलेश

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : नावाडीह प्रखंड ऊपरघाट कंजकिरो पंचायत पिपराडीह निवासी दिव्यांग सूरदास देवनारायण ठाकुर की अंत्योदय राशन कार्ड से नाम की सूची कटने से ,समाजसेवी सुरेश ठाकुर को जानकारी दिया। जिसके बाद समस्या का समाधान करने के लिए पूर्व मंत्री पुत्र अखिलेश उर्फ राजू महतो को पहल करने सुरेश ठाकुर ने , गोनियाटो निवासी प्रखंड उपाध्यक्ष गंगाराम महतो से संपर्क कर समस्या का पहल करने की बात कहा। जिसके बाद गंगाराम महतो ने पूर्व मंत्री पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो को सारी बात सुनाये । बता दे की दिव्यांग देवनारायण ठाकुर का अंत्योदय राशन कार्ड अचानक डिलीट हो गया था, जिससे उन्हें तीन महीनों से राशन नहीं मिल रहा था। इसकी सूचना मिलते ही अखिलेश उर्फ राजू महतो ने गुरुवार दिव्यांग देवनारायण ठाकुर के घर पहुंचकर



उनकी समस्या सुनी और तुरंत नावाडीह सीओ और खाद्य आपूर्ति विभाग से बात की। उन्होंने ठाकुर की अंत्योदय राशन कार्ड जल्द से जल्द बनाने की बात कही है। इसके लिए उन्हें ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी और आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। अखिलेश उर्फ राजू महतो ने कहा दिव्यांग भाई की समस्या का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। हम जल्द से जल्द उनका अंत्योदय राशन कार्ड बनवाएंगे और उन्हें राशन दिलाएंगे। दिव्यांग सूरदास देवनारायण ठाकुर के परिजनों ने पूर्व मंत्री पुत्र अखिलेश उर्फ राजू महतो का आभार व्यक्त किया और कहा, उनका बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरी समस्या का समाधान करने के लिए मेरे घर तक पहुंचे और अंत्योदय राशन कार्ड बनाने के लिए पहल की है।। मौके पर गंगाराम महतो, सुरेश ठाकुर, प्यारेलाल महतो, किंग कोबरा श्याम सुंदर महतो, उमेश उजागर, रामचंद्र कुमार अंजना, संजय गिरि, किशोर कुमार महतो, कमल प्रसाद महतो, सुरेश महतो, कुलेश्वर महतो आदि कई महिला पुरुषों मौजूद थे।

# मकर संक्रांति मेला को लेकर चांडिल अनुमंडल में शांति समिति की बैठक संपन्न, प्रशासन अलर्ट मोड में

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : मकर संक्रांति 2026 के अवसर पर जयदा मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले मेला को लेकर चांडिल अनुमंडल परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय ने की। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा, चारु चंद किस्कू सहित अनुमंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मेला व्यवस्था को लेकर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। मेला क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ-सफाई, नियमित कचरा निस्तारण, महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग शौचालय, गोताखोरों की तैनाती, पर्याप्त लाइटिंग, तथा मैन



पैक/सहायता केंद्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त रहेगा। छेड़खानी एवं चोरी की घटनाओं पर विशेष नजर रखी जाएगी। मेला क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। साथ ही चांडिल थाना एवं चौका थाना पुलिस द्वारा प्रतिदिन ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मकर संक्रांति मेला को सुरक्षित, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में मुख्य रूप से चांडिल सीओ प्रदीप कुमार महतो , ईचागढ़ बीडीओ एकता वर्मा, नीमडीह बीडीओ अभिनव कुमार, चांडिल थाना प्रभारी दिलसन बिरुआ, चौका थाना प्रभारी सनु कुमार आदी उपस्थिति रहें।

# लूट कांड मे शामिल अपराधी बाइक के साथ ग्रिफ्तार

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छत्तरपुर/पलामू : बीते माह छत्तरपुर थाना अंतर्गत सरेडीह रोड़ स्थित सीएसपी दुकान मे पिस्टल दिखा कर तीन अपराधियों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।

छत्तरपुर पुलिस के द्वारा छान बिन कर पूर्व मे हुए लूट कांड मे शामिल दो अपराधकर्मियो को पिस्टल और लूटे हुए समानो की बरामदगी करते हुए जेल भेज दिया गया था। वहीं घटना मे शामिल एक और अपराधी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी.

इसी क्रम मे छापेमारी के दौरान पुलिस के द्वारा इस घटना में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया।



अपराधी की पहचान आकाश कुमार पिता उमेश उरांव ग्राम पोखरा थाना सदर जिला पलामू के रूप मे हुई है। गिरफ्तार अपराधी आकाश कुमार के निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल JH03AQ5566 को भी बरामद कर लिया गया। वहीं आज दिन गुरुवार को गिरफ्तार अपराधी आकाश कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

छापेमारी मे शामिल पु0अ0नि0 इंद्रजीत राणा छत्तरपुर थाना (अनुसंधानकर्ता),स0अ0नि0 राजीव कुमार छत्तरपुर थाना , छत्तरपुर थाना एवं सदर थाना सशस्त्र बल मौजूद थे।

# पटना में सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार 12 चक्का ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। इस भीषण हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर शेरपुर गांव के समीप हुआ। बुधवार रात ठंड काफी अधिक थी और कोहरे व सन्नाटे के कारण सड़क लगभग सुनसान थी। इसी दौरान ब्लू रंग की अपाचे बाइक पर सवार दो युवक पटना से अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे 12 चक्का ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और ट्रक उन्हें काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक ने पहले बाइक को पीछे से टक्कर मारी और इसके बाद दोनों युवकों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। हादसे के बाद चालक ने वाहन नहीं रोका और मौके का फायदा उठाकर दानापुर की ओर फरार हो गया। ठंड और सुनसान सड़क के कारण स्थानीय लोग ट्रक का पीछा भी नहीं कर सके। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से लोग घटनास्थल पर जुटने लगे। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पहुंची मनेर थाना पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और स्थिति को नियंत्रित किया। मनेर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर भेज दिया। मृतकों की पहचान मनेर के सुअरमरवा पंचायत अंतर्गत चौरासी गांव निवासी जीवानंद राय के पुत्र विकास कुमार और रामानुज राय के पुत्र सर्वजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों युवक पटना में मेहंदी लगाने का काम करते थे और बुधवार रात काम खत्म करने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बाइक के परखच्चे उड़ गए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ट्रक की रफ्तार बेहद तेज थी। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है और ट्रक के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि फरार ट्रक और उसके चालक की तलाश की जा रही है। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि ट्रक की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को पकड़ लिया जाएगा। इधर, हादसे की खबर मिलते ही दोनों युवकों के घरों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए और रात के समय भारी वाहनों की निगरानी बढ़ाई जाए।

# पटना के पालीगंज एसडीपीओ वन ने किया अपराध समीक्षा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन राजीव चन्द्र सिंह के द्वारा पालीगंज के कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा की गई। इस दौरान सभी सर्किल इंस्पेक्टर, पर्यवेक्षी पदाधिकारी तथा थाना अध्यक्ष उपस्थित थे।



समीक्षा बैठक में मुख्य शीर्ष में प्रतिवेदित तथा निष्पादित कांडो की समीक्षा की गई एवं शीघ्र गिरफ्तारी तथा कुर्की जपती करने हेतु निर्देश दिया गया। विगत माह मे हथियार, शराब तथा मादक पदार्थों के बरामदगी कीसमीक्षा की गई एवं और ज्यादा से ज्यादा मात्रा में बरामदगी हेतु कर निर्देश दिया गया। आने वाले विभिन्न पर्व त्यौहार एवं गणतंत्र दिवस को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में निरोधात्मक कार्रवाई करने, बौंड डाउन करने गुंडा प्रस्ताव भेजने आदि का निर्देश दिया गया। थाना की रात्रि गश्ती तथा 112 की गस्ती मुस्तैदी से करने का निर्देश दिया गया।

# चुटियारों के आदित्य राना को हाथी ने जान से मार दिया, पत्नी को किया घायल किया।

**मिंटू कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण हजारीबाग ।**

हजारीबाग के मुफस्सिल थाना एरिया में चुटियारो गांव पड़ता है । बुधवार की रात्रि अपनी पत्नी के साथ अपने टमाटर खेत की रखवाली कर रहा आदित्य राना लगभग 50 वर्ष पर समूह से बिछड़ा हुआ हाथी आक्रमण कर दिया जिसके कारण वह बुरी तरह घायल हुआ और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया । उसकी पत्नी शांति देवी उम्र लगभग 40 साल जिसको हाथी ने ही घायल किया उसका इलाज सदर अस्पताल हजारीबाग में हो रहा है । घायल पत्नी शांति देवी समेत इनके चार बच्चे हैं बड़ी बेटी 19 वर्ष दूसरी बेटी 17 वर्ष तीसरी बेटी 8 वर्ष और बेटा 6



वर्ष का अनाथ हो गए। आदित्य राना ही अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था जो अपने बाल बच्चों समेत परिवार का लालन पालन करता था ।उसके नहीं रहने से अब उसका परिवार अनाथ हो गया है। इस घटना को लेकर इस क्षेत्र में वन विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि जब चार-पांच दिनों से हाथी इसी क्षेत्र में दो किलोमीटर के एरिया में रोज रात को आ जाता था और वन विभाग को इसकी जानकारी थी फिर भी सिर्फ चेतावनी ग्रामीणों को दिया जा रहा था । प्रभु दयाल कुशवाहा ने वन विभाग से मांग की है की पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपए मुआवजा राशि के रूप में तत्काल मुहैया कराया जाए और घायल को भी उचित मुआवजा दिया जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो वन विभाग के प्रति लोगों का आक्रोश बढ़ सकता है । और जन आंदोलन का रूप ले लिया जा सकता है ।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर मौत।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ -गोमिया एसएच स्थित बोरो में अज्ञात वाहन के चपेट में आए बाइक सवार संतोष सोरेन (22) की मौत मौके पर हो गई ।वह गोमिया प्रखंड के वनचतरा स्थित भैरोटांड का रहने वाला था ।घटना बुधवार रात की है। वह गोमिया से अपना घर गांव लौट रहा था।




इसी दौरान वह एक अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई ।जानकारी पाकर मौके पर पहुंची थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

# किशनगंज व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ी, न्यायिक कार्य स्थगित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**



किशनगंज व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पूरे जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। धमकी मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया और एहतियातन न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। साथ ही न्यायालय की सभी न्यायिक कार्यवाहियों को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश के सरकारी ई-मेल आईडी पर दिनांक 08 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजकर 57 मिनट पर एक धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ। इसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस प्रशासन ने कोर्ट परिसर को खाली कराया और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर की सघन तलाशी ली जा रही है। वहीं, किशनगंज के पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी और जांच में जुटे हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने बताया कि 08 जनवरी 2026 को सिविल कोर्ट, किशनगंज के सरकारी ई-मेल पर बम से संबंधित धमकी प्राप्त हुई थी। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए कोर्ट परिसर की गहन सुरक्षा जांच कराई गई। अब तक किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। एहतियातन कोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की गई है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है तथा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# देव संस्कृति विश्वविद्यालय की छात्राओं ने योग, एक्यूप्रेशर व मानसिक स्वास्थ्य पर किया जागरूक

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार से आई छात्राओं द्वारा किशनगंज जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक-स्वास्थ्य संस्थानों में योग, एक्यूप्रेशर, मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक चिकित्सा तथा स्वस्थ जीवनशैली विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आमजन को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत दिनांक 7 जनवरी 2025 को सनराइज स्कूल, रतन काली साहा महिला कॉलेज, एएनएम ट्रेनिंग सेंटर एवं सदर अस्पताल, किशनगंज में विशेष सत्र आयोजित किए गए। वहीं गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर तथा बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच संवादात्मक सत्र का आयोजन हुआ।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय से आई छात्राएं इशानी शर्मा, पलक एवं तेजस्विनी ने योगासन, एक्यूप्रेशर के सरल प्रयोग, मानसिक तनाव से मुक्ति, सकारात्मक सोच तथा आध्यात्मिक जीवनशैली के विभिन्न सूत्रों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ते मानसिक तनाव, अवसाद एवं असंतुलित जीवनशैली से बचने के लिए योग, ध्यान एवं नैतिक जीवन मूल्यों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ शरीर के साथ-साथ मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन ही संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी है। छात्राओं ने उपस्थित लोगों को दैनिक जीवन में सरल योग एवं ध्यान को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब है कि गायत्री परिवार द्वारा संचालित विश्वस्तरीय देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में शिक्षण उपरांत इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में इस प्रकार के जनकल्याणकारी एवं जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में अखिल विश्व गायत्री परिवार के समर्पित परिजनों -दशरथ जी, राकेश जी, कमलेश कुमार (अधिवक्ता) एवं नवीन जी का रहा।

# किशनगंज के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापना की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना को लेकर सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने मुख्यमंत्री बिहार सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा की गई थी, जिससे क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह है।

सांसद ने कहा कि शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में कॉलेज स्थापना हेतु उपयुक्त भूमि का चयन कर संबंधित वरीय अधिकारियों को विवरण उपलब्ध करा दिया गया है। यदि सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना होती है तो ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे और उन्हें आर्थिक व मानसिक रूप से भी लाभ होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# किशनगंज के विधायक कमरुल हुदा ने पटना में मनरेगा बचाओ संग्राम में लिया भाग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




किशनगंज सदर के विधायक कमरुल हुदा ने गुरुवार को पटना स्थित सदाकत आश्रम में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने की।

इस अवसर पर कमरुल हुदा ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि करोड़ों ग्रामीणों के लिए रोजगार, सम्मान और जीवन निर्वाह का साधन है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और हालिया फैसलों के कारण इस योजना पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिससे देश के गरीब और मजदूर वर्ग को सीधे नुकसान हो रहा है।

विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष के लिए पूरी ताकत के साथ खड़ी है और मनरेगा को बचाने तथा रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, और उन्होंने मनरेगा के महत्व और इसके प्रभाव को लेकर व्यापक चर्चा की।

कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जनता के हक के लिए संघर्ष करने का संदेश दिया जा रहा है।

# किशनगंज में हाथी-मानव संघर्ष रोकने जागरूकता अभियान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

08 जनवरी: किशनगंज वन प्रक्षेत्र ने जिले के हाथी प्रभावित गांवों में ग्रामीण जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य मानवझ्रहाथी संघर्ष कम करना और ग्रामीणों को हाथियों के व्यवहार एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी देना है।इस अभियान में बेंगलुरु के प्रसिद्ध हाथी विशेषज्ञ डॉ. रुद्रादित्य ग्रामीणों




को प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने असम, नागालैंड, कर्नाटक, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में ऐसे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किए हैं।वन विभाग के अनुसार, हर साल दिसंबर में मक्का फसल पकने के बाद नेपाल से हाथियों का किशनगंज में आगमन होता है, जिससे फसल और संपत्ति की हानि का खतरा बढ़ जाता है। अभियान में ग्रामीणों को हाथी से सामना होने पर क्या करें और क्या न करें, रात्रिकालीन सतर्कता, अफवाहों से बचाव और हाथी की उपस्थिति की सूचना तुरंत वन विभाग को देने के महत्व पर जागरूक किया जा रहा है।

वन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे हाथियों को उकसाने या उनका पीछा करने से बचें, धैर्य बनाए रखें और विभाग के साथ सहयोग कर मानवझ्रहाथी संघर्ष को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

# नवीनगर रेफरल अस्पताल में सफाई कर्मी की मौत, परिजनों का हंगामा

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नवीनगर रेफरल अस्पताल में कार्यरत एक सफाई कर्मी की मौत के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा व्याप्त हो गया है। मृतक की पहचान संजय पासवान के रूप में हुई है, जो पिछले 10 वर्षों से नवीनगर रेफरल अस्पताल में सफाई कर्मी के पद पर तैनात थे।परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में कार्यरत अन्य कर्मियों द्वारा संजय से सफाई के अतिरिक्त अन्य निजी और जोखिम भरे कार्य भी कराए जाते थे। इसी दौरान वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए, जिससे उनकी आंत फट गई। आनन-फानन में उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया भेजा गया था, जहां 22दिनों के उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को अस्पताल के मुख्य गेट पर रखकर हंगामा करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई करने,पीड़ित परिवार को उचित सरकारी मुआवजा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग पर आड़े रहे।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया परन्तु परिजनों का कहना है कि जब तक वरीय अधिकारी मौके पर आकर ठोस आश्वासन नहीं देते, तब तक वे शव को यहां से नहीं हटाएंगे । बाद में रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार के उचित आश्वासन पर परिजनों द्वारा शव को हटाया गया।

# नबीनगर के बच्चियों का राष्ट्रीय खो खो खेल हरियाणा में दिखेगा जलवा

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना परिसर में गुरुवार को थानाध्यक्ष और अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में हरियाणा के गुरुग्राम में खेले जाने वाले औरंगाबाद के टिम में शामिल नबीनगर के प्रतिभागीयों को सम्मानित किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने प्रतिभागीयों को खेल कीट प्रदान किया और उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर थानाध्यक्ष ने कहा कि नबीनगर टीम के प्रतिभागी की सफलता से पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने प्रतिभागीयों को आगे भी इसी तरह की प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया।हरियाणा के गुरुग्राम में राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में नबीनगर की पिंकी कुमारी, खुशी कुमारी, अमोली कुमारी,कुमकुम और सुहाना गुरुवार को औरंगाबाद के लिए रवाना हो गई जहां औरंगाबाद के टिम कोच संतोष मिश्रा के साथ सभी लोग गुरुग्राम जायेंगे।इस अवसर पर एसआई कामिनी कुमारी,कन्या उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सरोज कुमार,शिक्षक इंदल सिंह, बीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी,मंटू सिंह,उदय गुप्ता सहित परिजन मौजूद थे।

# नेपाल में आयोजित पावरलिफ्टिंग गेम में देव और नबीनगर के खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद जिले के सूर्य नगरी देव के गौरव राज ने नेपाल में आयोजित 10वीं इंडो नेपाल सीरीज पावरलिफ्टिंग गेम में गोल्ड मेडल जीतकर जिला का नाम रोशन किया है। गौरव राज ने 32 खिलाड़ियों के साथ कड़ा मुकाबला कर सबसे ज्यादा वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया और बेस्ट लिफ्टर का अवॉर्ड भी जीता।वहीं नवीनगर एनटीपीसी खैरा के अजनियां गाँव के गुड्डू कुमार ने भी 15 खिलाड़ियों के साथ कड़ा मुकाबला कर 83 केजी में गोल्ड मेडल जीता। गुड्डू कुमार गौरव राज के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं । गौरव राज ने बताया कि उनका सपना है कि देश के लिए मेडल लाएं और एशियन एवं वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश का तिरंगा शान से लहराएं।

# ट्रक चालक की ट्रेन से कटकर मौत, परिजनों में कोहराम

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के पटवा टोली निवासी रामप्रवेश चौधरी की झारखंड के करकट्टा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रामप्रवेश महाराष्ट्र में ट्रक चालक का काम करते थे और अपने घर नबीनगर लौट रहे थे।पुलिस ने उनके पास से आधार कार्ड और रेलवे का टिकट बरामद किया, जिससे उनकी पहचान हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी । सूचना पाकर परिजन करकट्टा के लिए निकल पड़े हैं।परिजनों ने बताया कि रामप्रवेश की मौत की खबर सुनकर वे सदमे में हैं। वे जल्द से जल्द करकट्टा पहुंचना चाहते हैं ताकि वे अपने प्रियजन का अंतिम संस्कार कर सकें ।इधर परिजन के घर पर मौत की खबर से कोहराम मचा है।



# पटना पुलिस ने किया होंडा सिटी कार से सैकड़ों बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बेउर थाना पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में एक तस्कर को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

गुरुवार को सुबह बेउर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक होंडा सिटी कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर सिपारा पैतीस फीट इलाके में उतरने वाली है। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया और उनके निर्देश पर बेउर थानाध्यक्ष अफसर हुसैन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध होंडा सिटी कार को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 750 एमएल की कुल 446 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 334.5 लीटर आंकी गई। मौके से एक युवक को भी हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार युवक की पहचान कुन्दन कुमार उम्र करीब 26 वर्ष, पिता अरूण पासवान, साकिन अरवल सिपाह वार्ड नंबर-06, थाना व जिला अरवल के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब के साथ तस्करी में इस्तेमाल की जा रही होंडा सिटी कार रजिस्ट्रेशन नंबर BR01BY9941 को जब्त कर लिया है। वाहन से DL7CF8951 नंबर की दो अलग-अलग नंबर प्लेट भी बरामद की गई है। बेउर थाना पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है। शराब कहां से लाई गई थी और किसे सप्लाई की जानी थी, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने साफ किया है कि अवैध शराब कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी ऐसे ठिकानों पर कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष अफसर हुसैन के साथ पु०अ०नि० रवि कुमार, पु०अ०नि० राहुल दास, स०अ०नि० रविन्द्र सिंह यादव, सिपाही राजेश कुमार और सिपाही प्रमोद कुमार सिंह शामिल थे।

# पटना पुलिस ने किया एक दर्जन डकैती मामलों में एक अपराधी को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ परसा बाजार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक डकैत को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. गिरफ्तार डकैत राजधानी पटना के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज एक दर्जन से अधिक डकैती मामलों में वांछित था और पिछले करीब दो वर्षों से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी को सूचना मिली थी कि कुख्यात डकैत ढनढन जक्कनपुर थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही थानाध्यक्ष ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे परसा बाजार थाना लाया गया। थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी लगातार अपना नाम बदल-बदल कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। लेकिन पुराने रिकॉर्ड और तकनीकी जांच के आधार पर उसकी असली पहचान उजागर हो गई। पहचान सामने आते ही आरोपी टूट गया, जिसके बाद उससे सख्ती के साथ पूछताछ की गई। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार डकैत के खिलाफ फुलवारी शरीफ, बेउर, गोपालपुर, गौरीचक, अगमकुआं और परसा बाजार थाना क्षेत्रों में डकैती के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। परसा बाजार थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को परसा बाजार थाना में दर्ज डकैती मामले में न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साथ ही अन्य मामलों में पूछताछ के लिए जल्द ही रिमांड पर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह कुख्यात डकैत लंबे समय से पुलिस की नजरों से बचता फिर रहा था। लेकिन गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई से उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब इसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

# नबीनगर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 246 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब जब्त

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए



पतरघट्टा पहाड़ और तेतरीया सोन नदी दियारा से कुल 246 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में तस्कर फरार हो गए हैं। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पतरघट्टा पहाड़ और तेतरीया सोन नदी दियारा में छापेमारी की गई।तस्कर फरार हो गए।शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में अज्ञात के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है।

# पटना पुलिस ने किया शोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला चार युवकों को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए वीडियो वायरल करने के मामले में चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक अपराध की दुनिया में नाम कमाने के इरादे से दस-दस हजार रुपये में देशी पिस्तौल खरीदकर फेसबुक पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे। वीडियो में युवक खुलेआम हथियार लहराते हुए " हमसे बड़ा कोई रंगदार बाह्व कहते नजर आ रहे थे, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। मामला गौरीचक थाना में आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 06 जनवरी 2026 को फेसबुक पर हथियार के साथ एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में एक युवक हाथ में देशी कट्टा लेकर खुद को रंगदार बताता नजर आ रहा था। वीडियो की गंभीरता को देखते हुए गौरीचक थाना पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी जांच और सूचना संकलन के दौरान वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान शाहिल कुमार, पिता देवीलाल यादव, निवासी वरुणा, थाना गौरीचक, जिला पटना के रूप में हुई. शाहिल की निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर काजी बिगहा गांव निवासी शन्नी कुमार, पिता संजय प्रसाद के घर से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया।

इसके बाद शन्नी की निशानदेही पर पुलिस ने धनरुआ थाना क्षेत्र के भोलाचक गांव निवासी कृष्णा कुमार उर्फ क्रिश, पिता सन्दु बिंद के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कृष्णा के घर से एक देशी कट्टा और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में कृष्णा ने बताया कि हथियार धनरुआ थाना क्षेत्र के कुशवन गांव निवासी सचिन कुमार, पिता उनी पासवान और अभिषेक कुमार, पिता नरेश पासवान से खरीदे गए थे।



पुलिस टीम ने कुशवन गांव में छापेमारी कर सचिन कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। हालांकि इस मामले में नामजद आरोपी अभिषेक कुमार छापेमारी के दौरान फरार पाया गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में शाहिल कुमार, शन्नी कुमार, कृष्णा कुमार उर्फ क्रिश और सचिन कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से कुल दो देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि रंगदार बनने और सोशल मीडिया पर दबदबा दिखाने के लिए उन्होंने दस-दस हजार रुपये में हथियार खरीदे थे। हथियार खरीदने के बाद उन्होंने फेसबुक पर वीडियो बनाकर पोस्ट किया, जिससे उनकी पहचान उजागर हो गई और वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गौरीचक थाना में तैनात प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विनय कुमार रंजन ने बताया कि चारों युवक आपस में दोस्त हैं और अपराध की दुनिया में कदम रखने का शौक रखते थे। पुलिस ने बताया कि हथियार बेचने वाले की भी पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है कि कहीं इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह तो सक्रिय नहीं है। इस छापेमारी में प्रशिक्षु डीएसपी विनय कुमार रंजन के नेतृत्व में गौरीचक थाना के पु०अ०नि० रवि कुमार, विमलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार गिरि, बब्लू कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, डायल-112 की टीम और सशस्त्र बल शामिल थे।